सूर्योदय : 6:21
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-164 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 23 नवम्बर 2023
08 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## जी-20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया

# आतंकवाद हम सभी के लिए अस्वीकार्य


- पश्चिम एशिया में अस्थिरता चिंता का विषय: पीएम
- हम सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं



**नई दिल्ली।** जी-20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम जी20 को नयी ऊंचाइयों पर ले गए हैं।

उन्होंने बताया कि जी20 ने बहुपक्षवाद पर विश्वास बढ़ाया है। पश्चिम एशिया में असुरक्षा और अस्थिरता हम सभी के लिए चिंता का विषय है। मोदी ने कहा कि आतंकवाद हम सभी के लिए अस्वीकार्य है; आम नागरिकों की मृत्यु, चाहे कहीं भी हो, निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इजराइल-हमास संघर्ष क्षेत्रीय संघर्ष में न बदले। मोदी ने कहा कि हम पश्चिम एशिया में बंधकों की रिहाई के समाचार का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) लोगों तक पहुंचनी चाहिए और समाज के लिए सुरक्षित होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब मैंने इस वर्चुअल समिट का प्रस्ताव रखा था तब मुझे पूर्वानुमान नहीं था कि आज की वैश्विक स्थिति कैसी होगी। पश्चिमी एशिया क्षेत्र में अस्थिरता और असुरक्षा की स्थिति हम सब के लिए चिंता का विषय है। आज हम सभी का एक साथ आना इस बात का प्रतीक है कि हम सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं और इनके समाधान के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि आतंकवाद हम सभी को अस्वीकार्य है। नागरिकों की मौत कहीं भी हों निंदनीय है। आज हुए बंधकों की रिहाई के समाचार का हम स्वागत करते हैं। मानवीय सहायता का समय से और निरंतर पहुंचना आवश्यक है। ये सुनिश्चित करना भी ज़रूरी है कि इज़राइल और हमास की लड़ाई किसी तरह का क्षेत्रीय रूप धारण न कर ले। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के विश्व को आगे बढ़ते हुए ग्लोबल साउथ की चिंताओं को प्राथमिकता देनी होगी। ग्लोबल साउथ के देश ऐसी अनेक कठिनाइयों से गुजर रहे हैं जिनके लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। समय की मांग है कि हम विकास एजेंडे को अपना पूर्ण समर्थन दें। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में एआई के नेगेटिव इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ रही है।

### रूस-यूक्रेन जंग अब खत्म होनी चाहिए: पुतिन



**नई दिल्ली।** जी-20 की वर्चुअल समिट के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने लगभग दो साल से जारी रूस-यूक्रेन जंग खत्म किए जाने का जिक्र किया। पुतिन ने कहा- अब यूक्रेन के साथ जंग खत्म करने का समय आ गया है। हम बातचीत के लिए तैयार हैं। हमने कभी भी शांति वार्ता के लिए मना नहीं किया। ये यूक्रेनी कानून के कारण रुकी है। दरअसल, अक्टूबर 2022 में यूक्रेन के प्रेसिडेंट वोलोदिमिर जेलेंस्की ने आधिकारिक तौर पर पुतिन के साथ किसी भी यूक्रेनी वार्ता की संभावना को असंभव घोषित करते हुए एक डिक्री (ऑफिशियल डिसीजन) पर साइन किए थे।

# जम्मू-कश्मीर के राजौरी में दो अफसर समेत 4 फौजी शहीद

- आतंकवादियों के साथ मुठभेड़
- फायरिंग कर रहे आतंकी भी घायल



**राजौरी।** भारत के लिए एक बुरी खबर है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में हमारे चार जवान शहीद हो गए। राजौरी के बाजी माल इलाके में आज मुठभेड़ हुई। इन चार जवानों में एक कैप्टन रैंक का अधिकारी भी शामिल है।

16 कोर के स्रोत ने यह भी बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी इलाके में आतंकवादियों के साथ चल रही मुठभेड़ में दो अधिकारियों और दो जवानों सहित सेना के चार जवान शहीद हो गए हैं। क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह की आवाजाही के बारे में इनपुट मिलने के बाद विशेष बलों सहित सैनिकों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इलाके में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने के लिए रविवार से ही घेराबंदी एवं तलाशी अभियान जारी है। एक ग्रामीण ने बताया कि अभियान के कारण हमें घर पर ही रहने और बाहर न निकलने के लिए कहा गया था। हमारे बच्चे घर पर ही रहे और स्कूल नहीं गए।

# परिवहन निगम के ड्राइवर कंडक्टर का बढ़ा पारिश्रामिक

- सीएम योगी का तोहफा
- एक दिसंबर से लागू होगी नई दर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में संविदा पर कार्य कर रहे ड्राइवरों- कन्डक्टरों को योगी सरकार ने तोहफा दिया है। सरकार ने संविदा ड्राइवरों- कन्डक्टरों का पारिश्रमिक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

आगामी 1 दिसम्बर, 2023 से ड्राइवरों-कन्डक्टरों के पारिश्रमिक में प्रति किमी 14 पैसे की दर से अधिक भुगतान किया जाएगा। इससे परिवहन निगम की बसों में कार्यरत 30 हजार से अधिक ड्राइवरों-कन्डक्टरों को लाभ मिलेगा। इस सम्बंध में प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने आदेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (कार्मिक) अशोक कुमार ने बताया कि सीएम योगी एवं परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन निगम में कार्यरत ड्राइवरों-कन्डक्टरों की पारिश्रमिक दरों को पुनरीक्षित किया गया है। अभी तक 1.75 रुपए प्रति किमी की दर से भुगतान किया जा रहा था, जिसे पुनरीक्षण के पश्चात बढ़ाकर 1.89 रुपए प्रति किमी कर दिया गया है। नई दर से देय भुगतान 1 दिसम्बर, 2023 से लागू होगा।

# मोदी सरकार ने अदाणी को दिया पैसा: राहुल

- राहुल गांधी का बीजेपी पर हमला
- चुनिंदा लोगों के हाथों में जा रहा भारत माता का धन
- गिनाई गहलोत सरकार की योजनाएं



भरतपुर में भी राहुल ने एक रैली की। राहुल ने कहा कि आज राजस्थान में 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज होता है, चुनाव के बाद वह 50 लाख रुपये हो जाएगा। हम यहां 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर दे रहे हैं। हमारा हर काम गरीब जनता के लिए होता है, वहीं मोदी सरकार सिर्फ चुनिंदा उद्योगपतियों के लिए काम करती है। आपको निर्णय लेना है, आप राजस्थान में बीजेपी और अदाणी की सरकार चाहते हैं या किसानों, मजदूरों, छोटे दुकानदारों की सरकार चाहते हैं। अगर आपने बीजेपी की सरकार चुनी तो ना स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, ना 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा, ना महिलाओं के खाते में पैसे आएंगे, ना कैनाल बनेगा।

**जयपुर।** राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान के लिए अब सिर्फ दो ही दिन का वक्त रह गया है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को राजस्थान में कुछ जनसभाओं को संबोधित किया। धौलपुर और भरतपुर में जनसभा के दौरान राहुल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

धौलपुर की एक जनसभा में राहुल ने कहा कि हम सब भारत माता की जय करते हैं, लेकिन ये भारत माता हैं कौन? भारत माता देश की जनता है। जब हम भारत माता की जय करते हैं तो हम देश की जनता, आपके माता-पिता, उनके माता-पिता यानी सभी की जय करते हैं।


सवाल ये है कि आज इस देश में धन को कैसे बांटा जा रहा है, यह किसके हाथ में जा रहा है? क्या सचमुच में हिंदुस्तान का धन भारत माता की जनता के हाथ में जा रहा है, या फिर भारत माता का धन चुने हुए लोगों के हाथ में जा रहा है। राहुल ने कहा, पहले हिंदुस्तान की सरकार देश के युवाओं से कहती थी, अगर आपने देश की रक्षा की तो हम सारा जीवन आपकी और आपके परिवार की रक्षा करेंगे, लेकिन अब मोदी जी अग्निवीर लेकर आए हैं, जिसमें युवाओं को सिर्फ चार साल के लिए नौकरी दी जाएगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि पीएम मोदी ने सेना की रक्षा में इस्तेमाल होने वाला सारा पैसा अदाणी को दे दिया है।

### बीजेपी ने राहुल की चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अशालीन टिप्पणी के खिलाफ बीजेपी ने निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की है। बीजेपी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के बयानों की शिकायत चुनाव आयोग से की है। भारतीय जनता पार्टी ने निर्वाचन आयोग के सामने राजस्थान विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान दिए गए इन नेताओं के बयानों का मुद्दा उठाया है। मल्लिकर्जुन खरगे ने पीएम मोदी के ओबीसी होने पर सवाल उठाया था वहीं राहुल गांधी ने उनके लिए एक अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था।

# मेरे पीछे पड़ा मेडिकल माफिया: बाबा रामदेव

- सुप्रीम कोर्ट की नोटिस पर बोले बाबा रामदेव
- हम झूठा प्रोपेगेंडा नहीं कर रहे



**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव ने बुधवार को दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पतंजलि आयुर्वेद को कई बीमारियों के इलाज के लिए उसकी दवाओं के बारे में विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के खिलाफ चेतावनी देने के बाद मेडिकल माफिया उन्हें निशाना बना रहे हैं और उनके खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम झूठे दावों के आधार पर पतंजलि आयुर्वेद उत्पादों का प्रचार नहीं कर रहे हैं। हमें पांच साल से निशाना बनाया जा रहा है। हम आयुर्वेद की मदद से बीमारियों को नियंत्रित करने और ठीक करने की कोशिश करते हैं लेकिन मेडिकल माफिया लगातार निशाना बना रहे हैं। बाबा रामदेव ने कहा कि पैसा सच और झूठ का फैसला नहीं कर सकता। उनके (एलोपैथी) पास अधिक अस्पताल, डॉक्टर हो सकते हैं और उनकी आवाज अधिक सुनी जा सकती है, लेकिन हमारे पास संतों के ज्ञान की विरासत है, हम गरीब नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कल से अलग-अलग मीडिया साइट्स पर एक खबर वायरल हो रही है कि सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर आप गलत प्रचार करेंगे तो जुर्माना लगेगा हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं।

# जोधपुर में नग्न तांडव पर गहलोत सरकार थी मौन: सीएम योगी

- जोधपुर में दंगाई तलवारें लहरा रहे थे, यूपी होता तो मेरा बुलडोजर इन्हें रौंद डालता: सीएम



**जोधपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जोधपुर में दंगाई तलवारें लहरा रहे थे, यूपी होता तो मेरा बुलडोजर उन्हें रौंद देता। योगी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में बुधवार को जोधपुर, बीकानेर, नागौर और चुरू में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

योगी ने जोधपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दो वर्ष पहले सड़कों पर नंगी तलवारें लहरा रही थीं और दंगाई दंगा कर रहे थे। जोधपुर में नग्न तांडव पर गहलोत सरकार मौन थी। उन्होंने कहा कि चुनाव सहानुभूति का नहीं, भविष्य निर्माण का अवसर होता है। राजस्थान के सुखद भविष्य के लिए भाजपा जरूरी है। योगी आदित्यनाथ ने जोधपुर शहर से अतुल भंसाली, सूरसागर से देवेंद्र जोशी, सरदारपुरा से डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ समर्थन में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के नाम पर आखिर अराजकता फैलाने की छूट कब तक होगी। यह कर्फ्यू व दंगों वाली सरकार है। अलवर, जोधपुर में पूज्य संतों की हत्या पर सरकार सुनवाई करने को तैयार नहीं।

### हार देख कांग्रेस के लोग फैला रहे थे अफवाह

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस के लोग अपनी हार देख कल से अफवाह फैला रहे थे कि मैं नहीं आ रहा हूं। फोन आ रहे थे, मैंने बताया कि दूसरी जनसभा नोखा में ही है। हम लोग प्रभु श्रीराम के भक्त हैं।

उन्होंने कहा कि जो वचन दिया था, उसे पूरा करने के लिए फिर से नोखा आया हूं।

# पीएम मोदी आज मथुरा में

- कान्हा की धरा से 2024 की पटकथा हो रही तैयार
- कृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा हो सकता केंद्र मुख्य बिंदु



**मथुरा।** वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी बीच पीएम मोदी बृहस्पतिवार को मथुरा आ रहे हैं। संभावित कार्यक्रम के अनुसार, पीएम श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर जा सकते हैं।

अगर वे वहां गए तो मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे जो जन्म स्थान पहुंचेंगे। यह हिंदुत्व के एजेंडे पर चलने वाली भाजपा की ओर से साफ संदेश होगा कि लोकसभा चुनाव के केंद्र में कहीं न कहीं जन्मभूमि का एजेंडा भी रहेगा। दरअसल, श्रीकृष्ण की धरा पर भाजपा व सपा की ओर राजनीतिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। ये गतिविधियां यही संकेत दे रहीं हैं कि कहीं न कहीं कान्हा की धरा को ध्यान में रखकर ही लोकसभा चुनाव की पटकथा तैयार की जा रही है। इसमें श्रीकृष्ण जन्मस्थान का मामला भी चुनाव में उठ सकता है। वहीं, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव खुद को श्रीकृष्ण का वंशज बताते हैं। भाजपा श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुद्दे पर मुखर है और हिंदुत्व कार्ड खेलने की तैयारी में है। वहीं सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को देखते हुए इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी साध रखी है।

# उत्तरकाशी टनल में 50 मीटर ड्रिलिंग हुई

**देहरादून।** अमेरिकन ऑगर मशीन भी बुधवार को काफी तेजी से चली। वैसे तो इस मशीन की ड्रिल स्पीड 5 मीटर प्रति घंटा है लेकिन मामूली अड़चनों के बीच पहली बार सुरंग के भीतर ये मशीन 1.8 से 2 मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली। विशेषज्ञों का कहना है कि ड्रिल मशीन की गति से काम करना सुरंग के भीतर के मलबे की वजह से मुश्किल था। रात 12 बजे से जब ड्रिल मशीन शुरू हुई तो सुबह 11 बजे तक उसने 800 मिमी पाइप को मलबे में 18 मीटर तक पहुंचा दिया। करीब 10 से 11 घंटे में 18 मीटर। एनएचआईडीसीएल के निदेशक अंशु मलिक खल्खो का कहना है कि मशीन की गति 5 मीटर प्रति घंटा होती है लेकिन यहां अभी तक यह गति नहीं मिल पाई थी।




**तोहफा** — मऊ जंक्शन से नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

# मऊ से मुंबई के लिए डायरेक्ट ट्रेन सेवा शुरू

- दशकों पुरानी मांग हुई पूरी
- तीन जिलों को मिलेगा सीधा फायदा
- मऊ, आजमगढ़, जौनपुर व प्रयागराज होते हुए जाएगी मुंबई





**मऊ।** जिले के हजारों व्यापारियों व यात्रियों की मऊ से मुंबई तक सीधी ट्रेन चलाने की कई दशक पुरानी मांग को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के एक पत्र पर भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार की शाम चार बजे मऊ-मुंबई विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर पूरा कर दिया।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए रेल मंत्री व मऊ जंक्शन पर बने मंच से मंत्री एके शर्मा के हरी झंडी दिखाते ही दुल्हन की तरह सजी मऊ-मुंबई उद्घाटन ट्रेन मऊ जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या तीन से गंतव्य के लिए रवाना हो गई। इस ऐतिहासिक क्षण का उद्घाटन समारोह स्थल पर बैठे हजारों लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। मऊ-मुंबई सीधी रेल सेवा शुरू होने से मऊ सहित आजमगढ़ व जौनपुर के लाखों लोगों में खुशी की लहर है। मऊ-मुंबई नई रेल गाड़ी का मऊ जंक्शन से वीसी के माध्यम से शुभारंभ करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह ट्रेन मऊ के साड़ी व्यवसाय, यात्रियों, किसानों व नौजवानों को रोजगार और विकास से जुड़ने का अवसर देगी। यूपीए की सरकार में यूपी के विकास के साथ सौतेला व्यवहार किया गया, लेकिन मोदी सरकार के साढ़े नौ वर्ष में यूपी की हर रेल लाइन विद्युतीकृत हो चुकी है। यही नहीं यूपी में 98 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिसमें मऊ जंक्शन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन में बदलने का कार्य भी शामिल है। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने 'कवच' के माध्यम न सिर्फ रेल दुर्घटनाओं को रोकने का काम किया है, बल्कि भारत में वंदे भारत जैसी हाईस्पीड ट्रेनें चलाने का भी सपना पूरा किया है।

### नूर आलम बने ऐतिहासिक ट्रेन के पहले लोको पायलट

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली रेलवे बोर्ड से जैसे ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व मऊ जंक्शन से मंत्री एके शर्मा ने ने हरी झंडी दिखाई उसे बड़े स्क्रीन पर देखते ही मऊ जंक्शन पर खड़ी मऊ-मुंबई उद्घाटन ट्रेन को इस ट्रेन सेवा के पहले लोको पायलट नूर आलम ने खुद भी हरी झंडी दिखाते हुए प्लेटफार्म संख्या तीन से रफ्तार दे दी।

# आयोजनः नगरीय क्षेत्र लखीमपुर से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद लखीमपुर के तत्वावधान में बुधवार को नगरीय क्षेत्र के लिए समारोहपूर्वक विलोबी मैदान से ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक (सदर) योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, ईओ संजय कुमार संग दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी राममोहन गुप्ता ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी योजना के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। विभिन्न योजनाओं के लिए वंचित और पात्र व्यक्तियों का चयन करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सर्वप्रथम वंचित लोगों को केंद्र, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का संकल्प है। उसके बाद वंचित समुदायों और प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं से संतृप्ति करने का लक्ष्य रखा गया है।कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को ÷विकसित भारत का संकल्प÷ दिलाया। विधायक योगेश वर्मा ने डीएम, पालिकाध्यक्ष संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को हितपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने आईईसी प्रचार वाहन का अवलोकन करते हुए पीएम के रिकॉर्डेड उद्बोधन को देखा और सुना गया। इसके बाद केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अंत में अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने आभार ज्ञापित किया।

## लाभार्थियों को मिली सौगात खिले चेहरे

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक (सदर) योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, नपाप अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पीएम स्वनिधि के लाभार्थी बब्बू वारसी, अशोक कुमार को स्वीकृत पत्र, पीएम आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी निज़ामुद्दीन, अफताब, अंकित दीक्षित, नफीस, सदरून निशा को आवास की चाबी, स्वयं श्रेणी के शिशु उम्मे हबीबा, अनिशा को सुपोषण किट सहित कई संख्या में लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड को सुपोषण किट प्रदान की।

### आईईसी वैन बनी आकर्षण का केंद्र, पीएम के कटऑउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़

नगर पालिका परिषद लखीमपुर क्षेत्र अंतर्गत विलोबी हाल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचना, संचार, शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ के जरिए पीएम नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन भी जनमानस को सुनाया गया, जो उपस्थित जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी और पीएम के कटऑउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़ लगी रही।

### विधायक, डीएम, पालिकाध्यक्ष ने किया स्टालों का अवलोकन, की सराहना

विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ ईरा ने विलोबी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। स्टालो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी लेकर उत्साह, मनोबल बढ़ाया। निर्देश दिए कि स्टालों के जरिए न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाए बल्कि उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित भी किया जाए।

## डीएम ने दिलाया विकसित भारत का संकल्प

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश कि रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का संकल्प दिलाया।

## सार्क देशों के कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करेंगे वीरेन्द्र आज़म

**सहारनपुर।** सहारनपुर के कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.वीरेन्द्र आज़म सार्क देशों के कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करेंगे। फाउंडेशन ऑफ सार्क राइटर्स एंड लिटरेचर की अध्यक्ष मशहूर पंजाबी साहित्यकार पद्मश्री अजीत कौर की ओर से उन्हें इस सम्बंध में निमंत्रण भेजा गया है।

फाउंडेशन ऑफ सार्क राइटर्स एंड लिटरेचर द्वारा 3 दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक दिल्ली के एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स एंड लिटरेचर परिसर में फोसवाल लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में चार दिन तक सार्क देशों के कवियों का कवि सम्मेलन होगा। एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स एंड लिटरेचर दिल्ली के वाइस प्रेसीडेंट देव प्रकाश चौधरी ने फाउंडेशन की अध्यक्ष की ओर से उन्हें 6 दिसम्बर को काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किया है। श्री चौधरी के अनुसार 6 दिसम्बर का दिन हिन्दी कवियों के लिए रखा गया है, लेकिन उर्दू व पंजाबी के कवि भी उस दिन उपस्थित रहेंगे।

# प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा
# डीएम ने सीडीओ संग किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समग्र शिक्षा अभियान (माध्यमिक) के तहत जीआईसी में बुधवार को जनपदीय विज्ञान प्रदर्शनी 2023 एवं टीएलएम मेला का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह के साथ फीताकाट कर किया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपनी विज्ञान प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में वैकल्पिक ऊर्जा, जैव विधिता तथा सूचना व प्रौद्योगिकी पर फोकस किया गया।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विज्ञान को रूचि के साथ पढ़े। वैज्ञानिक सोच को विकसित करने का प्रयास करें। आसपास व दुनिया में हो रहे बदलाव विज्ञान की ही देन है। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि सभी छात्र विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ने के लिए तीन सवालों की खोज में लगे रहे, कैसे, क्या और क्यों। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सभी छात्र अपने अंदर वैज्ञानिक चेतना को विकसित करें तभी वह इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। डीएम ने सीडीओ संग छात्र-छात्राओं के बनाएं माडल, पोस्टर देख निरंतर विज्ञान कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के मॉडलों का परीक्षण जनपद स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की ओर से किया गया। प्रदर्शनी में जूनियर अर्थात कक्षा 09 व 10 तथा सीनियर वर्ग कक्षा 11 व 12 से विभिन्न विषयों जलवायु



परिवर्तन के कारण एवं परिणाम, जैव विविधता संरक्षण एवं सुगमता, मानव कल्याण में जीवन विज्ञान वैकल्पिक ऊर्जा, सूचना संचार और परिवहन प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त गणित भौतिक विज्ञान और खेल से लगभग सौ मॉडल व प्रदर्श प्रस्तुत किए गए।इस अवसर पर सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी गिरजा शंकर पांडेय, जीआईसी एवं जीजीआईसी के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

### रंगोली ने मोहा मन, डीएम ने स्काउट गाइड के बच्चे को दुलारा

विज्ञान प्रदर्शनी के स्वागत द्वार पर बनाई गई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। डीएम ने रंगोली बनाने वाले शिक्षक एवं बच्चों की प्रशंसा की। इस दौरान स्काउट गाइड का स्वयंसेवक स्वागत उद्घोष कर रहा था। डीएम ने स्काउट गाइड स्वयंसेवक को दुलारते हुए नाम पूछा एवं स्काउट की नई वर्दी दिलाने के लिए कहा।

## बंदर पकड़ने के लिए मथुरा से बुलाई गई तीन सदस्य टीम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर नगरपालिका की चेयरपर्सन डा. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि बंदर पकड़ने के लिए मथुरा से तीन सदस्य टीम बुलाई गई है जो कि पूरे भारत में बंदर पकड़ने के लिए जाने जाते हैं तीन सदस्य टीम में ठेकेदार जावेद चांद और यासीन ने लखीमपुर पहुंचकर शहर में बंदरों को पकड़ने के लिए मोहन की शुरुआत कर दी है बंदरों को पकड़ने के लिए जाल तैयार किया गया है बंदर पकड़ने की शुरुआत सदर कोतवाली लखीमपुर से शुरू की गई है जो कि शहर के विभिन्न मोहल्ले में जाकर बंदर पकड़ने का काम करेंगे आज से लखीमपुर शहर में बंदरों को पकड़ कर गोला व मैलानी के जंगलों में छोड़ा जाएगा।

## छात्रा को ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर छात्रा की मौत

**लखीमपुर खीरी।** कक्षा 6 में पढ़ने वाली राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा को ट्रक ने मारी टक्कर। छात्रा की मौके पर मौत। छात्रा अंशिका पुत्री छत्रपाल निवासी कोठिया की बताई जा रही हैं। पुलिस मौके पर पहुंच कर ट्रक को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है शव को पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया।

## बैंक कर्मी का पेड़ से लटका मिला शव

**सहारनपुर।** थाना बड़गांव क्षेत्रान्तर्गत एक बैंक कर्मचारी का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। तत्काल ही मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। अभी तक भी मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। थाना बड़गांव के गांव मुस्कीपुर निवासी बैंक कर्मी दीपक राणा पुत्र शमशेर सिंह का शव देर रात गांव के समीप एक खेत की बिजली के समीप स्थिति पेड़ पर लटका मिला। बताया जाता है कि दीपक राणा गागलहेड़ी स्थित एक निजी बैंक में कार्य करता है। रोज की भांति वह बैंक गया था। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों को उसकी चिंता हुयी और आसपास उसकी तलाश की गयी, लेकिन देर रात तक भी उसका सुराग नहीं लग सका। इसी बीच गांव के खेत में एक पेड़ पर शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। इसी बीच दीपक के परिजन भी वहां पहुंचे और देखकर वह अवाक रह गए। वह शव दीपक का था। शव के समीप ही दीपक का बैग, मोबाइल, बाईक व हैलमेट भी पड़े मिले। तत्काल ही घटना की जानकारी थाना बड़गांव पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक का शव पेड़ से उतार पोस्टमार्टम को भिजवाया और आसपास के लोगों व परिजनों से दीपक के संबंध में पूछताछ की, जिस पर परिजनों ने कहा कि दीपक की किसी से कोई रंजिश नही थी और न ही वह किसी से झगड़ता था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि दीपक शादीशुदा था और उसका एक वर्षीय पुत्र भी है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो की मौत

**सहारनपुर।** गंदेवड़-हथनीकुंड मार्ग पर अज्ञात वाहन ने एक बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी जिसमे बाइक सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे।घायलों को तुरत सीएचसी बेहट पहुंचाया।चिकत्सको ने दो घायलों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक को रेफर कर दिया। दुर्घटना कोतवाली मिर्जापुर क्षेत्र के हथनी कुंड चौकी जे पास की है मंगलवार की रात एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग पौन्टा साहिब मे फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे जैसे ही वे हथनीकुंड के पास पहुँचे तो एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उठाकर बेहट सीएचसी लाया गया जहा चिकसको ने परविंदर पुत्र सतीश(25 वर्ष) निवासी जाटोवाला व सुधांशु पुत्र आनंद(24 वर्ष ) निवासी शाहपुर बास को मृत घोषित कर दिया।

## निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर पब्लिक स्कूल में यातायात माह के दौरान चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों द्वारा अपनी लेखनी एवं रंगो के माध्यम से यातायात के नियमों पर आधारित चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्थानीय पेपर मिल रोड स्थित सहारनपुर पब्लिक स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी ट्रेफिक्र सिद्धार्थ वर्मा, प्रोगेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, सहारनपुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुधीर जोशी एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में एसपी ट्रेफिक्र सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि जागरूकता से ही स्कूली वाहनों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। सभी स्कूली बच्चे सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करें तथा अपने अभिभावकों को भी नियमों के पालन के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यातायात माह के समापन कार्यक्रम में विजेता बच्चो को पुरूस्कृत किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की नीतियों का लोहा विश्व को मनवाया हैः बृजेश सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन बेहजम ब्लाक सभागार किया गया। प्रशिक्षण चार सत्रों मे हुआ।प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र मे मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशंकर राज व मंच संचालक बृजेश सिंह जिला मंत्री ने किया कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्यय जी चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांचन करके किया. प्रथम सत्र के वक्ता के रूप पे पधारे शरद बाजपेई ने मोदी व योगी की सरकार की ग्रामीणों के किये गए कार्यों की विस्तृत चर्चा उन्होंने बताया जितनी योजनाए इस सरकार मे चलाई गई वो किसी सरकार के बस मे नहीं है.। दूसरे वक्ता पूर्व सांसद जुगुल किशोर नर बताया की ज़ब से देश मे सरकार बनी तब से देश मे आतंकवाद पूर्ण रूप से ख़त्म हो गया है. धारा 370 खत्म हो गई कोई भी व्यक्ति जम्मू कश्मीर जा सकता है कोई भी घटना नहीं होती।द्वीतीय सत्र



की वक्ता के रूप मे क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा नीरज वर्मा व सत्र की अध्यक्षता बृजेश सिंह जिला मंत्री रहे। वक्ता के रूप मे उपस्थिति नीरज वर्मा ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहाँ की जनप्रतिनिधि को देश की जनता की चिंता करते हुए लोगो के विकास के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहाँ आदर्श जन प्रतिनिधि वही है जो जनता के दुख सुख मेसाथ दे। सत्र के तीसरे व चौथे सत्र मे जिला महामंत्री आँशु मिश्रा व विधायक सौरभ सिंह सोनू, संतोष कुमारी जिला उपाध्यक्ष व सत्र का संचालन राजीव वर्मा ने किया। वक्ता आँशु मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार की उपलब्धियो के बारे मे बताया की अटल जी ने कभी भी नीतियों से समझौता नहीं किया उसी तरीकों से नरेंद्र मोदी ने भी देश की नीतियों का लोहा विश्व को मनवाया है उन्होंने राम मंदिर निर्माण पर चर्चा करते हुए बताया की लोग कहते की मंदिर कब बनेगा आज कोई नहीं पूछता की मंदिर कब बनेगा। आज योगी और मोदी जी ने मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तारीख भी तय कर दी है 22 जनवरी को भगवान राम मंदिर मे विराजमान होंगे इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बेहजम संजय दीक्षित मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह मडल अध्यक्ष कस्ता सुरेश वर्मा।

## एनसीसी कैडेटों को जुम्बा डांस व योगाभ्यास का दिया प्रशिक्षण

**सहारनपुर।** एनसीसी कैडेटों के चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज जुम्बा डांस व योगाभ्यास कराया गया और कैडेट्स अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया। मिशन कम्पाउंड स्थित बृज ब्राहमण इंटर कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन एनसीसी कैडेट, एएनओ, पीआई स्टाफ ने सर्वप्रथम जुम्बा डांस एवं योगाभ्यास किया। उन्होंने सूर्य नमस्कार, कपालभाती एवं अलोम विलोम का अभ्यास किया, तदोपरान्त चीफ आफिसर ब्रिजेश पुण्डीर, सूबेदार मेजर सरदूल सिंह, सूबेदार लोक प्रसाद गुरूंग, सूबेदार धनबहादुर थापा हवलदार तरसेम, हवलदार प्रदीप आदि की देखरेख में कैम्प में प्रतिभाग कर रहे कैडेटों का ड्रिल का अभ्यास कराया तथा हथियार से सलामी शस्त्र, तेजचाल से मुड़ना सिखाया। इसके अतिरिक्त पी.आई स्टाफद्वारा एनसीसी कैडेटो को सैन्य रूप से बहुत ही महत्वपूर्ण मैप रीडिंग, जे.डी. एफएस, बाधा प्रशिक्षण, एफसी.बी.सी. के विषय में जानकारी दी गयी। इस दौरान ले.गौरव शार्मा ने एनसीसी कैडेटो को पब्लिक स्पीच, पर्यावरण संरक्षण एवं साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी। सूबेदार लोक प्रसाद गुरूंग द्वारा इन्फैन्ट्री बटालियन के संगठन एवं हथियारों के बारे में जानकारी दी। डिप्टी कैम्प कमाण्डेट ले.कर्नल चंचल सिंह कपकोटी द्वारा कैडेटों को जीवन में समय एवं अनुशासन का पालन करते हुये कठिन परिश्रम कर लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करने पर बल दिया। उनके द्वारा एनसीसी कैडेटों का वर्तमान में सैन्यबल में हो रहे अग्निवीर भर्ती, सेना के स्वदेशीकरण जैसे विषयों पर जागरूक किया। दोपहर बाद कैडेटो में देशप्रेम, संगीत, नृत्य आदि के माध्यम से उनके व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास किया राया, जिसमें कैडेटों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान चीफ आफिसर ब्रिजेश पुण्डीर, हवलदार तरसेम सिंह, प्रदीप जुनिथ ख्वास, तरविन्दर सिंह, प्रवेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, कुलदीप सिंह, गुरवीर नायक विकास आदि स्टाफउपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारियों ने किया सुझाव व गुप्त मतदान



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारी एक जुट हो चले है, जिसके चलते आज राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे अभियान क तहत समस्त विभागीय कर्मचारियों ने एनपीएस का पुरजोर विरोध करते हुए सुझाव व गुप्त मतदान किया। खानआलमपुरा रेलवे यार्ड में आज रेल विभाग की सभी यूनियन के कर्मचारी एकत्रित हुए। उनका कहना था कि कई वर्षो से एआईआरएफ व जेएफआरओपीएस के बैनर तले सभी रेल कर्मचारी, रक्षा कर्मचारी, शिक्षक, बैंक इनकम टैक्स एवं बाकि सभी कर्मचारी एनपीएस का पुरजोर विरोध करते आ रहे है और पिछले एक वर्ष से हर महीने विरोध प्रदर्शन कर रहे है। एनपीएस का विरोध दर्ज कराने एवं हड़ताल के पक्ष मे कर्मचारियों का सुझाव गुप्त मतदान द्वारा लिया गया है। एआईआरएफ के 99वें अधिवेशन मे यही प्रस्ताव पारित हुआ कि अब सरकार से पुरानी पेंशन बहाल कराने का एक मात्र विकल्प अनिश्चित कालीन हड़ताल ही है।

एआईआरएफ व जेएफआरओपीएस के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा के निर्देशानुसार पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक गुप्त मतदान मे खानआलमपुरा यार्ड के सभी 585 कर्मचारीयो ने भाग लिया और 100 प्रतिशत मतदान एनपीएस को हटाने के लिये किया और ओपीएस की बहाली नहीं होने पर एआईआरएफ व जेएफआरओपीएस के आह्वान पर हड़ताल पर जाने के विकल्प को चुना।

## जनपद में दूसरे दिन हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा
# शासकीय योजनाओं की जानकारी हेतु लगाए गये विभागीय स्टाल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में 07 एलईडी वैन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत पीकी, लखनौती कला, मुजफ्फरपुर, शेखपुर मुजाहिदपुर, कस्बागढ, महमदपुर नगली, डेहरा, इमलिया, टपरी, सांवतखेडी, पैरागपुर, भोजपुर तगा, सालारपुरा एवं नवाजपुर में ग्राम सभाएं आयोजित कर शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्रों को योजना से जोडा गया।

संकल्प यात्रा जिले के 07 विकासखण्डों की 14 ग्राम पंचायतों में पंहुची। बुधवार को यात्रा के दौरान जनसामान्य को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसके साथ लाभान्वित हुए लोगों की सक्सेज स्टोरी से भी अवगत कराया गया ताकि और लोग भी प्रेरित होकर योजनाओं का लाभ उठा सकें। यात्रा के दौरान



ग्राम पंचायत में जन चौपाल भी लगाई गयी जिसमें सम्बन्धित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें और नये लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से आच्छादित किया गया। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का उद्देश्य यह है कि विकास की भागेदारी में हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति अपनी सहभागिता निभा सके।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना एवं नैनो उर्वरक का उपयोग आदि योजनाओं से संबंधित जानकारी देने के साथ ही पात्रों को योजना से जोडा गया। जिलाधिकारी ने समस्त नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 जनवरी 2024 तक संचालित रहेगा।

## कैडेट नेशनल तलवारबाजी चैम्पियनशिप चयन ट्रायल 26 नवम्बर को

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वाधान में 19 से 22 दिसम्बर 2023 तक कैडेट नेशनल तलवारबाजी चैम्पियनशिप बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन मैहसाना गुजरात में किया जाएगा। क्रीडा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम का चयन ट्रायल 26 नवम्बर को प्रातः 10 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराया जाएगा। चयन ट्रायल में आगरा, मथुरा, हरदोई, लखनऊ, प्रतापगढ, अयोध्या एवं सहारनपुर के खिलाडी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में रेफरी उप्र फेन्सिंग एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध करायें जायेंगे व उप्र फेन्सिंग ऐसोसिएशन के रूचित यूजन पाल स्वयं मौजूद रहेंगे।

## सपा संरक्षक स्व.मुलायम सिंह को जन्म दिन पर किया याद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सपा संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया और उनके आदर्शो सिद्धांतों को अपनाकर पार्टी को मजबूत किए जाने पर बल देते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया। आज अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अब्दुल वाहिद ने कहा कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने जो पौधा रोपित समाजवादी पार्टी के रूप में स्थापित किया था, उनकी छत्र छाया में वट वर्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि डॉ.राम मनोहर लोहिया जैसे महापुरुषों के आदर्शों पर चलने वाली समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव की विचारधारा को पूरी तरह अपनाकर समाजवाद को मजबूत करने का काम कर रही है। पूर्व विधायक मसूद अख्तर एवं पूर्व मंत्री सरफराज खान ने कहा कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव हम सब के आदर्श प्रेरणा स्त्रोत है जिनके आदर्श और सिद्धांत थे आज हमारे बीच विचारधारा के रूप में स्थापित है उन्होंने कहा कि हमें उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाना होगा और वर्तमान राजनीति को देखते हुए हमें और अधिक मजबूती से पार्टी को मजबूत करना होगा।

## मज़हबे इस्लाम अमन-शान्ति को देता है सीख



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** उर्स-ए-मदारे पाक के मौका पर जशने मिलादुन्नबी व मदारे आज़म का जलसा आयोजित हुआ जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत किया। बीते 21 नवंबर की शाम घासीकटरा करवला के सामने यह आयोजन हुआ। जलसे की सरपरस्ती टीम- एम,ए,बी, (मिशन अहले बैत) के संस्थापक / फ़ाउडर सैय्यद मुहम्मद दानियाल हैदर शम्सी क़ादरी साहब ने किया और ख़िताब करते हुए गदाए अहले बैत हजरत हाफ़िज़ रजव अली शम्सी ने कहा रसूलुल्लाह और अहले बैत की मुहब्बत ईमान का हिस्सा है। सारे औलिया व सूफ़ीया ने मदारे पाक ने वारिस पाक ने हमें सब के साथ मुहब्बत से रहने का पैग़ाम दिया है। जलसे में नातख़्वा व मंकबत आदिल वारसी, फ़ैसल वारसी, राज़िक़ वारसी, अदनान चिश्ती, ज़ुबैर आलम वारसी, अरहान अली ने पढ़ी। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनाब मुहम्मद इस्लाम (हलचल भाई) शहज़ादे वारसी, गोलू भाई कलीम वारसी, अमन वारसी, रेहान वारसी, इस्हाक़ वारसी, वसीम वारसी, ज़ुबैर आलम शम्सी, समीर हैदर शम्सी, अमन चिश्ती, राज़िक़ वारसी, अयान वारसी, नसीम वारसी, अदनान चिश्ती, अदील वारसी, शम्स तवरेज़, शहनवाज़ वारसी, अहले मुहल्ला, आदि तमाम टीम मैंबर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भाषण, पोस्टर, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब और मतदान जागरूकता के तत्वाधान में भाषण, पोस्टर, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और अभियान के प्रतियोगिता श्रृंखला में बुधवार को गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में विद्यार्थियों हेतु भाषण, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं निबंध, प्रतियोगिता आयुर्वेद कॉलेज में संयोजित किया गया सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता के केन्द्रित विषय सड़क सुरक्षा एक आंदोलन युवाओं की भूमिका, सड़क सुरक्षा नियमो का अनुपालन व्यवहारिक चुनौतियां, आधुनिक भारत में सड़क सुरक्षा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य और पोस्टर सड़क सुरक्षा से संबंधित विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के भाषण प्रतियोगिता श्रृंखला में छात्र छात्रों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता के विषय लोकतंत्र में युवाओं का योगदान जिसमे निर्याणिक मंडल के भूमिका में रोड सेफ्टी कल के नोडल अधिकारी श्री धनंजय पांडेय और मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ संदीप श्रीवास्तव और शिक्षक श्री अनिल मिश्रा, अद्यमित दुबे, आशुतोष श्रीवास्तव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खेल के क्षेत्र में तेजी से काम कर रही योगी सरकार



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** खेल हमारे जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहने के साथ ही प्रतिभा की भी पहचान होती है। खेल के प्रति योगी सरकार भी तेजी से काम कर रही है। उक्त बातें बुधवार को चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने उपनगर के ग्रामीण मिनी स्टेडियम में आयोजित खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कही। स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए। खेल के प्रति मोदी योगी की सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस दौरान कबड्डी जूनियर वर्ग में नेशनल इंटर कॉलेज बड़हलगंज विजेता रही तो वही फुटबॉल बालिका जूनियर वर्ग में ग्रामीण स्टेडियम की टीम विजेता रही। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आशीष सिंह, श्रीभागवत यादव, कृष्णा गुप्ता, अमलेश, दिनेश निगम, चुन्नू, हरिकेश यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहें।

## सपाइयों ने मनाई मुलायम सिंह यादव की जयंती



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव बुधवार को जयंती पर याद किए गए। सपाइयों ने गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर उनकी जयंती जिलाध्यक्ष राम उदित यादव की अगुवाई में मनाई। नेता जी द्वारा द्वारा किये गए संघर्षों को समाजवादियों ने याद किया। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने नेताजी द्वारा किये गए कार्यो को याद किया। वर्तमान समय में बेरोजगारी महगाई से जनता परेशान हो चुकी है। जनता चुनाव के इंतजार में बैठी है हमें समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए लोगो से जुड़ना होगा जिससे कि चुनाव की राह और आसान हो जाये। चौधरी सुखराम यादव ने जिलाध्यक्ष राम उदित यादव व डॉ अरशद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गिरीश यादव अवधेश बहादुर यादव दीपू तिवारी गुंजन सिंह महेंद्र यादव मोहित आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व राज्यपाल नरेश यादव की पुण्यतिथि मनाई गई

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** 22 नवंबर को स्वर्गीय श्री राम नरेश यादव



फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय सी 1/706 विशाल खंड गोमतीनगर लखनऊ में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय बाबूजी से प्रेम स्नेह रखने वाले समाज के तमाम गणमान्य लोगों ने भाग लिया और उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट के चेयरमैन श्री कमलेश यादव,कोषाध्यक्ष श्री सिद्धांत सिंह यादव,सचिव श्रीमती रोशनी यादव, महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी,पूर्व मेंबर टीएसी सैय्यद सैफुल इस्लाम, एडवोकेट अजीत यादव, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह यादव,श्री ईश्वरदीन यादव,अध्यक्ष कॉलेज प्रबंधक संघ यूपी, पवन यादव शिक्षक संघ, अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार, शमशाद अहमद, रिटायर ज़िला जज, ज़ुबैर अहमद पत्रकार सहित समस्त समाज के लोगों के श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुरानी रंजिश को लेकर दुकानदार को जमकर पीटा

**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र में सब्जी मंडी के सामने सैनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान में पारिवारिक रंजिश को ले कर चाचा के लड़के व उसके दोस्तों ने दुकान में घुसकर कर पीटा दुकानदार हुवा घायल। दुबग्गा में सैनी इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार अमन सैनी पुत्र विनोद सैनी निवासी सरदार नगर मरी माता मंदिर बालागंज का रहने वाला है मंगलवार को रात के समय दूकान बंद करते समय दबंगो ने दुकानदार पर हमला कर दिया जिसमें दुकानदार को गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अमन ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8 बजे दुकान बंद करते समय चाचा के लड़के ने पुरानी रंजिश के तहत अपने दोस्तों के सात मिल कर दुकान पर हमला कर दिया पीड़ित ने जैसे तैसे अपनी जान बचा कर वहा से भाग निकला। थोड़ी देर बाद फिर दुकान पर पहोचे दबंगो ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे व अन्य समान को तोड़ फोड़ दिया। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहोच गई जहाँ दुकानदार गंभीर रूप से घायल था। फिल हाल अमन ने हमलावरों को पहचान लिया है विशाल गौतम पुत्र मुन्ना गौतम,व उनके दोस्त रजी, लक्की , विपिन कनौजिया व अन्य अज्ञात लोगो ने पीटा है। पीड़ित के पिता विनोद सैनी ने बताया कि दीपावली के समय परिवार में आपसी झगड़ा हुआ था जिसमे काफी कहा सुनी हुई थी बाद में परिवार व स्थानीय लोगों द्वारा आपस में सुलह समझौता हो गया था।

# सभी विभागों के अधिकारियों का आपसी समन्वय है बेहद जरूरी: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



○ विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक

**मैनपुरी।** योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 26 जनवरी तक ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' हेतु तैनात भारत सरकार के नोडल अधिकारी, एडवाइजर संयुक्त सचिव स्तर नीति आयोग सुरेंद्र मेहरा ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि इस अभियान के सफल आयोजन हेतु सभी विभागों के अधिकारियों का आपसी समन्वय बेहद जरूरी है, विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आवंटित वैन का बेहतर रूट प्लान बनाकर गांव-गांव योजनाओं का प्रचार किया जाए साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक के साथ-साथ योजना का लाभ पाने से वंचित पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन्हें लाभान्वित कराया जाए, यह अभियान पात्रों को लाभान्वित कराए जाने का सुनहरा अवसर है, विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ मौके पर ही पात्रों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने की दिशा में कार्य करें, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सफलता की कहानी उन्हीं की जुबानी कार्यक्रम में बताई जाए, स्वयं सहायता समूह की सफल महिलाओं के माध्यम से अन्य महिलाओं को समूह से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि वह भी समूह से जुड़कर अपने जीवन में बदलाव ला सकें। उन्होने कहा कि प्रमुख योजनाओं के सम्बन्ध में नागरिकों को सूचित करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए शुरू की गयी इस यात्रा का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाना है। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरी भव्यता से होगा, इस कार्यक्रम में जनपद के छात्र-छात्राओं, उद्यमियों, समाज सेवियों, आम नागरिकों, अधिवक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी, निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार संबंधित गांव में एक दिन पूर्व ग्राम स्तरीय कार्मिकों से लोगों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, विशेष तौर पर वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांग पेंशन के अवशेष पात्रों को चिन्हित कर उनसे मौके पर ही ऑनलाइन, ऑफलाइन आवेदन कराकर पेंशन योजना में लाभान्वित करने के कार्यवाही होगी, कार्यक्रम स्थल पर स्वयं सहायता समूह की सफल महिलाओं, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं जैसी प्रमुख योजनाओं का संतृप्तीकरण किया जायेगा।

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** एम एम पी जी कॉलेज भाटपार रानी मे परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार छात्र छात्राओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु भाषण, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता हेतु निर्धारित विषय में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन एवं व्यवहारिक चुनौतियां तथा सड़क सुरक्षा एक आंदोलन युवाओं की भूमिका पर फोकस कर अपना पक्ष रखा। सड़क सुरक्षा हेतु निर्धारित नियम एवं दिशा निर्देशों का पालन करना, गाड़ी चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का लगाना, बायीं तरफ या निर्धारित लेन में चलना, जनता के लिए दुर्घटना से बचने का उपाय पर अपना पक्ष रखा। वही रोड गड्ढा मुक्त हो ,रोड पर आवारा पशु न घूमें तथा ब्रेकर निर्धारित स्थान पर ही बनाए जाय पर भी छात्र छात्रा अपना पक्ष रखे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशीष कुमार, द्वितीय स्थान परिधि बरनवाल एवं तृतीय स्थान सौम्या कुशवाहा का रहा, तो चित्रकला में प्रथम स्थान परिधि बरनवाल दूसरा स्थान अंजलि सिंह एवं तृतीय स्थान सौम्या कुशवाहा का रहा, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पुष्पा कुमारी द्वितीय स्थान परिधि बरनवाल तथा तृतीय स्थान आशीष कुमार का रहा। अंत में कार्यक्रम के संचालक डॉ रणजीत सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन कर सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए इसके लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया एवं शुभकामना देकर कार्यक्रम समापन किया गया।

## कागजों में हो रहा मनरेगा कार्य जमीन पर नजर नहीं आ रहीं मिट्टी




ग्राम पंचायत के मजदूर नहीं, गैर जनपद के मजदूर कर रहे मनरेगा कार्य

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत सवासी में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा जमकर गोलमाल किया जा रहा है। विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत सवासी के ग्राम प्रधान और पंचायत मित्र मनरेगा में गोल माल करने में लगे हुए है।ग्रामीणों का कहना हैं कि हरदोई जनपद की विकास खंड हरपालपुर के गांव ढकपुरा से 300 रुपए में मजदूर लाकर मजदूरी कराई जा रही है और गांव के लोग मजदूरी के लिए दर-दर भटक रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि मेरे गांव में 179 जॉब कार्ड है। जॉब कार्ड धारकों को काम नहीं दिया जा रहा हैं। मेरे लोगो के कार्ड धारकों पर पंचायत मित्र रुपए डाल रहे है और कहते है की हम आप लोगो को 200 रुपए दे देते है। हम तुम लोगों को केबल रुपए निकालने के रुपए फ्री में देते है। जब हम कहते हैं कि हमे काम दो तो लड़ने को तैयार हो जाते है। मनफूल का जॉब कार्ड बना है जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है।सत्यपाल जिनके पास लाइसेंस है उनका भी जॉब कार्ड कार्ड है। इससे साफ नजर आ रहा हैं कि ग्राम प्रधान और पंचायत मित्र दोनो शासन को चूना लगा रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान विधायक सुशील शाक्य के खास होने के कारण कुछ नही हो रहा है। जब सवासी गांव में अपात्रों के नाम आवास मिल गए। कोई भी जांच पड़ताल नहीं हुई और न कोई कार्यवाही हुई।

## 3203 क्षय रोग से ग्रसित मरीज पाये गये

**मैनपुरी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता ने बताया कि टी.बी. हारेगा, देश जीतेगा, टी.बी. मुक्त भारत अभियान ''आयुष्मान भव'' 2023-24 के अन्तर्गत शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में क्षय रोग के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों का जनपद में विस्तार करते हुए कार्यक्रम में तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि जनान्दोलन के रूप में सामूहिक भागीदारी हेतु संवेदीकरण गतिविधियों को बढ़ाने के लिए पंचायतीराज, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग, एन.सी.सी. तथा एन.एस.एस. के छात्र-छात्राओं, धर्मगुरूओं, औषधि विक्रेताओं एवं टी.बी. चैम्पियन के सहयोग से कार्यक्रम का लक्ष्य पूर्ण किया जायेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आशुतोष कुमार ने बताया कि क्षय रोग विभाग के कार्मिकों द्वारा वृद्धाश्रम, अनाथालय, छात्रावास, गिहार व मलिन बस्तियों में कैम्प लगाकर , संदिग्ध मरीजों की जॉच कर उन्हें उपचार प्रदान किया जाये, इस वर्ष कुल 3203 क्षय रोग से ग्रसित मरीज पाये गये व इन सभी मरीजों को उपचार व निःक्षय पोषण से लाभान्वित किया जा रहा है।

## गोपाष्टमी पर नगर पालिका अध्यक्षा ने गाय का पूजन कर संरक्षण का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** गोपाष्टमी पर सोमवार को नगर में पक्के तालाब स्थित गौशाला में गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पालिकाध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख सहित अन्य लोगों ने वैदिक रीति से गायों का पूजन कर उन्हें गुड़ खिलाया। उपस्थित लोगों ने गौमाता की जय, भारत माता की जय के उद्घोष के बीच गायों की सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प भी लिया। इसके अलावा लोगों ने घरों में पाली गई गायों का भी पूजन किया।

गोपाष्टमी के अवसर पर सोमवार को पक्के तालाब स्थित गोवर्धन गौशाला में गौपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया यह आयोजन गौ संरक्षण सम्पदा के संरक्षक अनिल शिवहरे, राजा सिंह, मनोज आदि कार्यकर्ताओं द्वारा यह गौपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा गौ पूजन में वैदिक रीति से गायों को तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण



कर उनका पूजन किया तथा गुड़ खिलाया। इस दौरान पालिकाध्यक्षा नेहा पुनीत मित्तल ने गौपूजन करते हुए कहा, गाय सनातन संस्कृति की आत्मा है। गौपालकों को चाहिए कि वे उनका दूध दुह कर छुट्टा न छोड़ें बल्कि घरों में ही उनका संरक्षण करें। गाय जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य को देती ही देती है, उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह कृतसंकल्पित है, हर जगह गौशालाएं प्रारंभ की गई हैं ताकि जानवरों की अन्ना प्रथा की समस्या से निजात मिल सके। इस दौरान ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि गाय हमें दूध तथा गोवर के रुप ईंधन आदि देती है इनके संरक्षण करना चाहिए। इस दौरान पालिका प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, गल्ला व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रेमदास भूरे मामा, जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत आदि मौजूद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज बादल ने भी अपने घर में पाली गई गाय का पूजन किया। उन्होंने कहा, गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है, गाय इस समाज को बहुत कुछ देती है। प्रत्येक सनातनी को गाय की पूजा करनी चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए।

## नकली डीजल-पेट्रोल बनाने वाले कारोबारी की दुकान में लगी आग

अवधनामा संवाददाता

○ आधा दर्जन से अधिक घायल

○ घायलों को जिला अस्पताल किया रेफर

**फर्रुखाबाद।** नकली पेट्रोल डीजल के अवैध विक्रेता की दुकान में भीषण आग लगने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया है। दुकान दार केरोसिन व तारपीन का तेल मिलाकर डीजल और पेट्रोल का अवैध कारोबार काफी वर्षों से कर रहा था आज अचानक आग लगने से खुलासा हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया था जिससे सड़क पर भगदड़ मच गई थी। ई रिक्शा सवार व कई राहगीर भी आग की चपेट में आने से झुलस गए थे। दो जनपदों की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही। आग की चपेट में आने से फायर ब्रिगेड का सिपाही भी झुलस गया। 11 वर्षीय बच्ची समेत आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। झुलसने बालों में शिवम पुत्र रामविलास, सूरज पुत्र सुभाष, समीर पुत्र मोहम्मद शरीफ, उज्जवल व 11 वर्षीय बच्ची समेंत आधा दर्जन लोग झुलस गए। आग से झुलसे सभी लोगों को सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद शिवम, सूरज व समीर को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। दुकान में डीजल पेट्रोल की बिक्री का भी अवैध कारोबार होता है। केरोसिन व तारपीन का तेल मिलाकर डीजल और पेट्रोल बनाया जाता है। फर्रुखाबाद, एटा के अलीगंज से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी। कड़ी मसक्कत के बाद करीब 2 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। सीएफओ विजय प्रकाश त्रिपाठी ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली है।

## प्रदेश में सेवाओं का बदला चित्र जुड़िये ऑन सेवामित्र

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल का संचालन किया जा रहा है, इस पोर्टल के माध्यम से जनपद के ऐसे नियोजक, दुकानदार जो जन सामान्य सेवायें यथा प्लम्बर, ब्यूटीशियन, टेलर्स, कारपेन्टर, ड्राइवर, टूर एण्ड टेव्रल्स, मोटर मैकेनिंक, इलैक्ट्रीशिन, फ्रिज, ए.सी. मैकेनिंक, आर.ओ. टेक्नीशियन, हेयर कटिंग एवं सैलून, मसाज आदि प्रकार की सेवायें उपलब्ध कराते है वह संस्थान सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवामित्र पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते है, पंजीयन कराने के उपरान्त संस्थान द्वारा अपने यहॉ काम करने वाले कारीगरों को वह सेवामित्र के रूप में जोड़ सकते है, ऑनलाइन प्लेटफार्म होने के कारण कोई भी आम व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार पोर्टल के माध्यम से उक्त सेवाओं का लाभ प्रतिस्पर्धात्मक कीमत में प्राप्त कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए ट्रोल फ्री नं.- 155330 पर या जिला सेवायोजन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## 19 दिन बाद भी महिला को नहीं मिला न्याय

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार महिलाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलायाजा रहा है।वहीं दबंग लोग महिला को गाली गलौज करने व अभ्रदता करने से बाज नहीं आ रहे है।इससे सिद्ध हो रहा है कि महिला सशक्तिकरण की धज्जियाँ उड़ाते नजर आ रहे हैं। 19 दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है थाना क्षेत्र के गांव भवनपुर निवासी अरविंद की पत्नी मोहिनी ने थाने में लिखित तहरीर दी है कि बीते दिन गांव के मोहित पुत्र धर्मवीर का पति की दुकान पर मोबाइल गुम हो गया था। मोबाइल न मिलने पर पति द्वारा पंचायत में बैठ कर 5 हजार मोहित को दिलवाए, जब गुम मोबाइल की रिपोर्ट थाना राजेपुर में दी और सर्विसलाइंस पर लगवाया और फोन सर्विसलाइंस की टीम ने पकड़ लिया और राजेपुर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पति को बुलवाकर मोबाइल फोन दे दिया जो इनका मोबाइल फोन मेरे द्वारा वापस कर दिया और 5 हजार रुपए इन्होंने अभी तक वापस नहीं किये।जब 3 नवंबर को मोहित से कहा कि मोबाइल मिल गया है मेरे पैसे वापस कर दो।इसी बात को लेकर मोहित व रोहित पुत्र धर्मवीर नगला हूसा निवासी सुनील पुत्र नंदकिशोर से मिलकर मुझको गंदी गंदी गाली और अभ्रदता की

# लेडीज सिंघम साक्षी राय का हुआ तबादला

अवधनामा संवाददाता

○ अवैध शराब तस्करी व बालू माफियाओं पर नकेल कसने में सफल रहीं थी साक्षी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सीमावर्ती बिहार प्रदेश के जनपद गोपालगंज स्थित कुचायकोट थाने के थानेदार रही प्रशिक्षु डीएसपी साक्षी राय का तबादला साईबर सेल में हो जाने से यूपी के अवैध शराब तस्करों व बालू माफियाओं में जश्न है। अपने कार्यकाल में प्रभारी महिला अधिकारी ने बेहतर प्रदर्शन करके यह सिद्ध कर दिया है काम करने वाले ही याद किए जायेंगे।

कुचायकोट थाने के थानेदार रही प्रशिक्षु डीएसपी साक्षी राय का तबादला साईबर सेल में हो गया है। आम आदमी मे खासे लोकप्रिय रही लेडिज सिंघम साक्षी राय अवैध शराब तस्करों व बालू माफियाओं के खिलाफ की गई बड़ी करवाई के लिए हमेशा याद की जायेगी। अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी के साथ बखूबी निर्वहन करने वाली साक्षी की लोकप्रियता उनके कार्यों के प्रति थी। कुचायकोट की थाना प्रभारी रहते साक्षी ने अवैध शराब व बालू माफियाओं के खिलाफ करवाई को लेकर हमेशा चर्चा में रही। बिहार ही नही यूपी के तरया सुजान थाने के बहादुरपुर चौकी के सामने से सलेमगढ़ बाजार के राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर अवैध शराब तस्करों व बालू माफियाओं के खिलाफ कई बार सर्च ऑपरेशन चला चुकी साक्षी को ऐसी ही मीडिया व लोग लेडीज सिंघम के नाम से नही पुकारते थे उसने ऐसा कार्य किया है जो हमेशा याद आयेगा। प्रशिक्षु डीएसपी ने बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की थी। उनके भय से बालू माफिया अपनी गाड़ियों को जनपद कुशीनगर के तमकुहीराज व तरया सुजान थाना क्षेत्र में छुपा कर रखते थे और यही से अपना कारोबार करते थे। यूपी के अवैध शराब तस्कर उनके स्थानांतरण के लिए रोज माला जपते थे। स्थानांतरण के बाद अवैध शराब तस्करों व बालू माफियाओं में जश्न का माहौल है।

## अध्यक्ष पद की जीत के लिए दरगाह शाहमीना में मांगी दुआ

**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ से अध्यक्ष पद के



उम्मीदवार अरविंद कुमार कुशवाहा एडवोकेट और उनके साथ आये अधिवक्ता समर्थकों ने मंगलवार को मख्दूम शाहमीना शाह की मजार पर चादर पेश की और माथा टेककर अपनी जीत के लिए दुआ की। इस मौके पर मख्दूम शाहमीना फाउंडेशन के नायब सदर सैयद अतीक अहमद उर्फ रूफी बाबा मौजूद रहे। इससे पहले अरविंद कुमार कुशवाहा एडवोकेट का फांउडेशन के कार्यालय में स्वागत किया गया इस मौके पर फाउंडेशन के नायब सदर सैयद अतीक अहमद उर्फ रूफी बाबा ने कहा कि अरविंद कुमार कुशवाहा बहुत ही अच्छे व्यक्तित्व और सरल स्वभाव के मालिक हैं इसके साथ ही बुद्धिजीवी भी है इनकी जितनी भी तारीफ की जाये कम है उन्होंने कहा कि यदि अरविंद कुमार कुशवाहा चुनाव जीतेंगे तो अपने अधिवक्ता समाज और पीड़ित, गरीबों और मजलूमों के लिए संघर्षशील रहेंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे सभी लोग एकजुट होकर अरविंद कुमार कुशवाहा के हाथों को मजबूत करें।

## चेयरमैन अली जैदी का मेरठ में हुआ भव्य स्वागत



**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड के चेयरमैन जनाब अली ज़ैदी के मेरठ दौरे के दूसरे दिन प्रदेश के बड़े वक्फ़ में से एक वक्फ़ मनसब अली ख़ान (मनसबिया) कैंट रोड पर उलेमा हज़रात और बच्चो द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि इस वक्फ़ में एक मदरसा और मिनी आईटीआई संचालित है और बच्चो के हॉस्टल की भी व्यवस्था है। चेयरमैन अली ज़ैदी ने पूरे कैंपस का दौरा कर कई जगह रिपेयर और रेनोवेशन के आदेश जारी किए साथ ही एक जगह चल रहे अवैध निर्माण की शिकायत पर मौक़े पर पहुंच कर चल रहे अवैध निर्माण का काम भी रुकवाया। इसके अलावा चैयरमैन ने वक्फ़ से जुड़े पब्लिक वेलफेयर के कार्यों पर ज़ोर देते हुए एक माह में प्रोग्रेस रिपोर्ट भी तलब की।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु चलाए जा रहे हैं स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया में स्काउट गाइड के छात्रों ने मतदान की शपथ ली। राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया के प्रधानाचार्य पी के शर्मा ने उपस्थित समस्त छात्रों शिक्षकों को मतदान की शपथ दिलाई। पीके शर्मा ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण तिथियां पर सभी लोग अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जांच ले एवं नहीं होने की स्थिति में बीएलओ के माध्यम से पंजीकरण करा लें. स्वीप कोऑर्डिनेटर आशुतोष नाथ तिवारी ने कहा कि प्रत्येक छात्र अपने परिवार के सदस्यों को मतदान हेतु प्रेरित करें एवं वरिष्ठ नागरिकों को विशेष सहयोग देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाएं। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉक्टर आलोक पांडे,जिला स्काउट मास्टर संजय मिश्र, प्रवक्ता गोविंद सिंह ज्ञानेश पांडे, ताइक्कांडो प्रशिक्षक आलोक मिश्रा, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ऋतुराज कुशवाहा, स्काउट प्रशिक्षक हौसला प्रसाद युनुस अंसारी, जिज्ञासा विजय शंकर कुशवाहा राहुल मंजू कुमारी संध्या मिश्रा नरेंद्र प्रताप सिंह गाइड प्रशिक्षक प्रियंका, प्रज्ञा आदि उपस्थित रहे।



# कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल का विवि में एक वर्ष उपलब्धियों से भरा

## छात्रों में स्किल विकसित करने के लिए परिसर में स्किल हब की स्थापना

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल का विश्वविद्यालय में 22 नवम्बर को पूर्ण हुआ एक वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा। 11 नवम्बर को कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन ने अयोध्या के राम की पैड़ी व चैधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर 25 हजार स्वयंसेवकों की मदद से 22 लाख 23 हजार से अधिक दीपों को प्रज्ज्वलित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में पुनः नाम दर्ज कराया। वहीं परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं में कौशल को विकसित करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के सहयोग से परिसर में स्किल हब की स्थापना की गई। इसके अन्तर्गत चार बैचों को इसेंशियल ऑयल एक्स्ट्रेक्शन और हेरिटेज टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



दूसरी ओर कुलपति प्रो0 गोयल के अनुभूति मिशन से अयोध्या के दो वृद्धाआश्रम विश्वविद्यालय से जोड़े गए। विवि के समाजकार्य एवं समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों को अयोध्या स्थित वृद्धाआश्रम से जोड़ा गया है जिससे वृद्धों के प्रति समाज की सहानुभूति को स्वानुभूति में परिवर्तन किया जा सके। इससे युवा शक्ति एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अग्रसर होगी। विवि में कुलपति के दिशा-निर्देशन में परिसर में जैविक उर्वरक प्लांट स्थापित किया गया। छात्र-छात्राओं को जैविक उर्वरक बनाने की विधि से प्रशिक्षित किया गया। इन जैविक उर्वरक का उपयोग परिसर की बागवानी के साथ अन्य में किया जायेगा। वही दूसरी ओर कुलपति प्रो0 गोयल के कुशल मार्गदर्शन में देश के विभिन्न उत्कृष्ट संस्थानों के साथ वर्ष 2023 में 40 शोध, शैक्षिक एवं प्लेसमेंट संबंधी एमओयू किए गए। इसके अतिरिक्त कुलपति की देखरेख में विश्वविद्यालय में औषधीय वाटिका की स्थापना की गई। विवि के छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास को जाग्रत करने के लिए समय= पर अन्तर विभागीय, अन्तर महाविद्यालयीय एवं अन्तर विश्वविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# जय श्री राम के जयकारों से शुरू हुई पंचकोसी परिक्रमा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में देवोत्थानी एकादशी पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई पंचकोसी परिक्रमा में श्रद्धालु जय श्रीराम, हर-हर महादेव का उद्घोष गूंजने लगा। हाथों में मजीरे, ढोल व हरमोनियम की धुन पर रामनाम संकीर्तन कीर्तन के साथ बड़ी संख्या में परिक्रमा शुरू की। परिक्रमार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसको लेकर जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पंचकोसी परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ कार्तिक मास की प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा 22 नवंबर 2023 की रात 9~25 बजे से 23 नवंबर 7~21 बजे तक चलेगी। परिक्रमा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस बल ने विशेष प्रबंध किये हैं। परिक्रमा क्षेत्र में बाहर से आने वाले वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है जो परिक्रमा समाप्ति के बाद ही खोला जायेगा।

श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह विश्राम स्थल बनाये गए

पंचकोसी परिक्रमा पथ पर स्वयंसेवी संस्थाओं और सरकारी विभागों ने खास तौर पर स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा व सेवा शिविरों का आयोजन किया गया है। नगर निगम की तरफ़ से श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह विश्राम स्थल बनाये गए हैं। पूरे परिक्रमा मार्ग पर बालू डलवाया गया जिससे श्रद्धालुओं के पैर में कंकड़ पत्थर न लगे। पुलिस प्रशासन की ओर से जगह जगह बैरिकेडिंग लगाई गई है। अयोध्या में योगी सरकार की तरफ से लगातार तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। राम मंदिर निर्माण व दीपोत्सव की अनुपम छंटा के बाद से सरकार की सुविधाओं व व्यवस्थाओं पर आमजन की मुहर लग रही है। सभी एक सुर में अयोध्या को विकास के नए आयाम के रूप में देख रहे हैं। 14कोसी परिक्रमा में लाखों श्रद्धालुओं के सकुशल परिक्रमा को लोग योगी सरकार का कुशल प्रबंधन मान रहे हैं। सभी का मानना है कि जिस तरह समुचित ढंग से योगी



## झाड़ियां के बीच मिला महिला का सड़ा गला शव,महिला के शव में पड़ गए थे कीड़े

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव चौकी क्षेत्र के आदिलपुर गांव स्थित झाड़ियां के बीच 42 वर्षीय महिला का सड़ा गला शव पाए जाने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। हालांकि महिला केशव की पहचान नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक देवगांव चौकी क्षेत्र अंतर्गत आदिलपुर गांव के करीब स्थित घनी झाड़ियां के बीच से बीते मंगलवार की देर शाम दुर्गंध आ रही थी। ग्रामीणों ने किसी व्यक्ति के सबसे दुर्गंध आने का कयास लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित चिलबिली चौकी प्रभारी रजनीश यादव पुलिस कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और झाड़ियां के बीच पड़े महिला के शव को बाहर निकलवाया और महिला की पहचान में जुट गए किंतु देर रात तक महिला के सड़े गले शव की पहचान न हो पाने के बाद पुलिस कर्मियों ने थक हार कर विधिक कार्यवाही शुरू की।

## संजय सिंह को जेल भेज कर आम आदमी की आवाज को दबाने की हो रही कोशिश : अनिल प्रजापति

**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के हर जनपद में घर-घर दस्तक देकर पर्चे बांट रही है। इन पर्चों में संजय सिंह की गिरफ्तारी का सच बताने का प्रयास किया गया है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में अभियान चलाकर प्रथम चरण में 25 लाख घरों में दस्तक देगी। अभियान के तहत कार्यकता हर घर पहुंच कर अपने सांसद व उ .प्र.प्रभारी संजय सिंह की ईडी द्वारा की गयी अवैध गिरफ्तारी का काला सच उजागर कर रहे हैं।इसी क्रम में बुधवार को अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में घर-घर दस्तक दी। घर में मौजूद लोगों को दो पेज का दस्तावेज देकर बताया गया कि केंद्र सरकार के इशारे पर की गयी है।

# जिलाधिकारी ने चौक में निर्माणाधीन स्टेडियम में तेजी लाने का दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा आज चौक क्षेत्र का निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया गया। जिसमें उन्होंने नवनिर्मित चौक कार्यालय को मंदिर का भी निरीक्षण किया और दोनो मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने व सुंदरीकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने चौक स्थित निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम को भी देखा और स्टेडियम



देखा और कार्यालय परिसर के साफ-सफाई व सुंदरीकरण के विषय में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पार्षदों से भी मुलाकात की और उनके द्वारा प्राप्त अनुरोधों के संदर्भ में ईओ चौक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बाबा गोरखनाथ मंदिर और सोनाड़ी देवी के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की स्टेडियम के निर्माण का कार्य समयसीमा में पूरा करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, उपजिलाधिकारी सदर दिनेश कुमार मिश्रा, ईओ चौक दिनेश कुमार सिंह, डीओपीआरडी वैभव सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय में संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति में खेल

# विज्ञापन निकाला चार पदों का,साक्षात्कार के लिए बुला लिए पांच अलग-अलग पदों के अभ्यर्थी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय पुरुष अयोध्या में संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति में हुआ बड़ा खेल। नियुक्ति के लिए चार अलग-अलग पदों के लिए अभ्यर्थियों को अखबार में विज्ञापन के जरिए आमंत्रित किया गया और साक्षात्कार के लिए बुला लिए पांच पद के लिए अभ्यर्थी।एक पद के लिए कोई विज्ञापन जारी ही नहीं किया गया। यहां तक कि पांचवें पद पर नियुक्ति के लिए डीएम से अनुमोदन भी नहीं लिया गया।जब गुपचुप तरीके से की जा रही नियुक्ति की हवा फैलने लगी तो तत्काल सूचना अस्पताल के सूचनापट पर चस्पा कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय की एंडर्स क्लीनिक में एक चिकित्सा अधिकारी,एक काउंसलर एक डाटा मैनेजर व एक स्टाफ नर्स के पद पर



नियुक्ति के लिए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की ओर से अखबार के माध्यम से सूचना जारी की गई थी। किन्तु एंडस् नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ की ओर से पांच पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए थे। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने अपने चहेते को पांचवें पद पर नियुक्त करने के लिए एएनएम/ फार्मासिस्ट के पद के लिए विज्ञापन जारी नहीं किया।यही नहीं डीएम को भी जानकारी नहीं दी।इस सम्बन्ध में जब प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक बृज कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने यह तो माना कि एएनएम/फार्मासिस्ट के पद का साक्षात्कार कराया जा रहा है। किन्तु बिना सूचना व डीएम से अनुमोदन लिए जाने के सवाल पर उन्होंने गोलमोल जवाब देना प्रारंभ कर दिया।एक बार कहा विज्ञापन में चार अलग-अलग पदों के लिए सूचना जारी की गई थी तो फिर कहा कि विज्ञापन में पांचवें पद के लिए भी सूचना है। डीएम से अनुमोदन क्यो नहीं लिया गया इस सवाल के जवाब में कहा कि डीएम को जानकारी दे दी है। बाद में विज्ञापन जारी हो जाएगा। मतलब यह कि नियुक्ति के बाद कागजी कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।एक समाज सेवी ने इस प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री से करने की बात कही है।

# भारी मात्रा में चरस के साथ पुलिस ने तीन को दबोचा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कोलूही पुलिस बुधवार को तस्करी के मामले में लगभग पचास करोड़ की चरस के शुरू कर दी गई जिस दौरान तीन लोगों गोरखपुर निवासी अर्जुन सिंह और सोनू गुप्ता तथा शाहजहापुर निवासी चंद्रशेखर को पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के पास से दो



साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें आरोपियों ने बताया कि समान और गाड़ी को शामली जिला पहुंचाना होता हैं। हम लोगों को सोशल मीडिया इमो से निर्देश मिलता रहता हैं। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला था कि कोल्हुई चौराहे से कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गोरखपुर की तरफ़ जानेवाले है। जिसके बाद तलाशी चार पहिया वाहन और भारी मात्रा में चरस बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य लगभग 50 करोड़ के आसपास बताया जा रहा हैं। आरोपियों का कहना था कि हमलोग को गाडी जिला शामली पहुचाना होता हैं। सोशल मीडिया इमो पर काल द्वारा ही हमलोगो को दिशा निर्देश मिलते है। गाडी पहुचाने के लिए बीस हजार रूपये मिलते है।

# स्काउट गाइड अनुशासित और कर्मठ संस्था है :जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददात*

महराजगंज। भारत स्काउट एंड गाइड के जिला परिषद की वार्षिक बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उन्होने पूर्व बैठक के निर्णयों और उनके अनुपालन की जानकारी ली। पूर्व बैठक के निर्णयों के शत प्रतिशत अनुपालन न होने पर जिलाधिकारी ने को हटाने और नए सदस्यों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव परिषद की कार्यकारणी में पेश करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने डीआईओएस की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रशिक्षण आयुक्तों के मानदेय पर भी विचार कर आख्या प्रस्तुत करने हेतु डीआईओएस को निर्देशित किया।



असंतोष व्यक्त करते हुए, जल्द से जल्द पूर्व और वर्तमान बैठक के निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्काउट एंड गाइड का दल पंजीकरण बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही निष्क्रिय सदस्यों जिलाधिकारी ने कहा कि स्काउट एंड गाइड एक अनुशासित और कर्मठ संस्था है। इसके कैडेट्स की सहायता विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें। उन्होंने सामूहिक विवाह और एडिप परीक्षण शिविर में स्काउट एंड गाइड के कैडेट्स को आने वाले लाभार्थियों की सहायता और प्रशासन के सहयोग के लिए तैनात करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचक नामावली में नए मतदाताओं को जोड़ने हेतु जागरूकता कार्यक्रमों और विशेष अभियान के दौरान बूथ सहायक के रूप में इन कैडेट्स का सहयोग लें। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत कराने हेतु भी स्काउट एंड गाइड कैडेट्स को अभियान में शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही परिषद में संस्था के सुचारू संचालन हेतु जरूरी निर्देश दिए। इससे पूर्व बैठक के आरंभ में डीआईओएस अमरनाथ राय और भारत स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव संजय मिश्र ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जिलाधिकारी का स्वागत किया।

## परिषदीय विद्यालय पटखौली देर से खुलने को लेकर अधिकारी सख्त

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय पटखौली में मंगलवार को देर तक हुए ताला बंदी के मामले में जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग से आख्या प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। सिसवा विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उदासीनता व मनमानी रवैये की वजह से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि पटखौली प्राथमिक विद्यालय मंगलवार को दस बजे के बाद खुला। इस विद्यालय का संचालन आये दिन इसी तरह से होता है, जिसे लेकर अभिभावकों मे काफ़ी आक्रोश व्याप्त है। इस मामले को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो जिलाधिकारी अनुनय झा ने संज्ञान में लेते हुये शिक्षा विभाग से इस संबंध में आख्या मांग लिया है। इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी सिसवा विनयशील मिश्र ने कहा कि विद्यालय बंद होने के मामले में जिलाधिकारी ने आंख्या मांगी गई है जो विभाग द्वारा प्रस्तुत कर दिया गया।

# सरकार जातीय जनगणना कराने से डरी, कांग्रेस जनगणना के पक्ष में: अनिल

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार जातीय जनगणना कराने से डर रही है। कांग्रेस



पार्टी जाति जनगणना कराने के लिए वचनबद्ध है देश में जहां कहीं कांग्रेस पार्टी की सरकारे है, वहां जातीय जनगणना कराने का काम चालू है। जाति जनगणना से ही आबादी की हकीकत सामने आएगी और भागीदारी के हिसाब से उसे न्याय मिलेगा। आज हम देश तथा प्रदेश सरकार से जातीय जनगणना का फार्म भरवा कर उन्हें प्रेषित करके जातीय जनगणना की मांग करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि यदि 2024 में कांग्रेस पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है तो प्राथमिकता के आधार पर जाति जनगणना का काम होगा। उक्त उद्गार विकास खंड सिरौलीगौसपुर के ग्राम चंदनपुरवा में जाति जनगणना करो आरक्षण बढ़ाओ सम्मेलन एवं हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश कांग्रेस के संगठन सचिव अनिल यादव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस पिछड़ा विभाग के अध्यक्ष रामकुमार लोधी द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ज्ञानेश शुक्ला मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि ने प्रदेशीय संगठन सचिव अनिल यादव का स्वागत करते हुए कहा की जातीय जनगणना कराना वर्तमान समय की जरूरत है जिसके लिए कांग्रेस पार्टी की जहां हमारी सरकारे हैं वहां जाति जनगणना कराने का केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिया जा चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि जाति जनगणना के बिना अधिकारों की भागीदारी नहीं हो सकती क्योंकि जब तक हमें या मालूम नहीं होगा कि किस जाति समाज के कितने लोग हैं इनको हम कैसे अधिकार ( आरक्षण ) दे सकते हैं और इसके लिए जाति जनगणना का होना नितांत आवश्यक है। सम्मेलन के अंत में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष रामकुमार लोधी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन सचिव अनिल यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, ज्ञानेश शुक्ला, अकील अंसारी मोइनुद्दीन अंसारी उमेश यादव रंजीत यादव नरेंद्र वर्मा अजय वर्मा उमाकांत वर्मा सहित सैकडो की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## एप्रोच कट जाने से पुल पर आवागमन बंद, विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज बदोंसराय मार्ग से बांसा मसौली मार्ग को जोड़ने वाले नियामतपुर गांव के निकट कल्याणी नदी घाट पर बने पुल का एप्रोच बरसात मे कट जाने के बाद सही न किये जाने से पुल से आवागमन बंद है। जिससे आधा दर्जन से अधिक गांवो को जाने आवागमन के लिए कई किलोमीटर का सफर करना पड़ता है। बताते चले तीन माह पूर्व हुई भारी बारिश मे कल्याणी नदी पर ग्राम नियामतपुर के निकट बने पुल का एप्रोच बह जाने से करोड़ो रुपये की लागत से वर्ष 2007 मे बना पुल जानलेवा हो गया प्रशासन ने दोनों ओर के वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगा दी है। जिससे लोगो का पुरी तरह आवागमन बंद हो गया है।करीब तीन माह पूर्व हुई भारी बारिश मे को कल्याणी नदी का जल स्तर बढ़ने पर नियामतपुर पुल के निकट अप्रोच सड़क धंस कर पानी के साथ बह गई थी।

# सांसद निधि से निर्माण इंटरलाकिंग मार्ग का लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत रूपये 16.85 लाख की लागत से विकास खण्ड फतेहपुर की ग्राम पंचायत कुतलुपुर के ग्राम आइम्बाहार में विशुनपुर टिकापुर डामर रोड से धर्मराज रावत के घर तक निर्मित इंटरलाकिंग मार्ग का उद्घाटन सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने फीता काटकर किया। उद्घाटन पश्चात लोगो को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उक्त मार्ग के बन जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी जल निकासी हेतु मार्ग के दोनों तरफ नालियों का भी निर्माण कराय गया है जिससे जल भराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। सबसे ज्यादा सडकें भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में मा0 प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी जी के नेतृत्व में बनी है और बनवाई भी जा रही है।

इस मौके पर प्रवीण वर्मा, दिलीप वर्मा, शिवकुमार रावत, त्रिभुवन रावत, मनोज जायसवाल, रमाकांत बाजपेयी, मनोज रावत, आकाश रावत, वीरेंद्र यादव, जे इ संतोष राजेश, जयकरन सिंह, आशुतोष बाजपेयी सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विद्यालयों में कैंप लगाकर वोटर बढ़ाएगी भाजपा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** एमएलसी व नवनियुक्त जिला प्रभारी अवनीश सिंह का बुधवार को भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय पहुंचने से पहले जिला प्रभारी ने महादेवा में पूजन करके युवा मतदाताओं को जागरूक करना है। उन्होंने युवा मोर्चा को विद्यालय में कैंप लगाकर इस अभियान को गति देने का निर्देश दिया। कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को कमर कसने का आह्वान किया। कहा विपक्ष के भ्रामक



लोधेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में उन्होंने वोटर चेतना अभियान सहित विभिन्न अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने वोटर चेतना अभियान को लेकर रणनीतिक चर्चा की। बताया कि एक लाख बीस हजार नए मतदाता बनवाने का लक्ष्य प्राप्त करना है जिसके लिए विभिन्न विद्यालयों में कैंप लगाकर प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों की जानकारियों से प्रत्येक कार्यकर्ता को अपडेट रहना होगा। इसके पूर्व उन्होंने सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, सांसद उपेंद्र सिंह रावत, रचना श्रीवास्तव, शेखर हयारन, संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी, शील रत्न मिहिर,विजय आनंद बाजपेई, राकेश पटेल, रोहित सिंह, रामेश्वरी त्रिवेदी, मनोज कुमार वर्मा, डॉक्टर हरिनाम सिंह वर्मा, राजेश वर्मा, रामहेत विश्वकर्मा सत्या पंडित, लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा मौजूद रहे।

## मंत्री ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास

**बाराबंकी ।** जितिन प्रसाद लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश ने आज जेठौती राजपूतान रेलवे स्टेशन दरियाबाद में दरियाबाद विधानसभा की लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद अयोध्या श्री लल्लू सिंह, सांसद बाराबंकी श्री उपेंद्र सिंह रावत, मा. राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग श्री सतीश चन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, . विधायक कुर्सी श्री साकेंद्र प्रताप वर्मा,विधान परिषद्



सदस्य ई. अवनीश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहें ।

# महादेवा जा रहे भाजपा जिला प्रभारी का जोरदार स्वागत

**मसौली बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रभारी एमएलसी अवनीश कुमार का लोधेश्वर महादेवा जाते समय नेवला चौराहे पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य की अगुवाई मे सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने



फूल मालाओ से स्वागत किया। बुधवार को जनपद मे प्रथम आगमन पर लोधेश्वर महादेवा दर्शन के लिए जा रहे नवनियुक्त जिला प्रभारी एमएलसी स्नातक इंजीनियर अवनीश सिंह पटेल का नेवला चौराहे पर भाजपा जिला महामंत्री किसान मोर्चा व जिला पर्यावरण समिति के सदस्य आशीष वर्मा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओ से रूबरू होते हुए जिला प्रभारी इंजीनियर अवनीश कुमार पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने छोटे से बड़े सभी कार्यकर्ताओ को बराबर सम्मान देती है श्री पटेल ने कार्यकर्ताओ ने लोकसभा चुनाव मे जी जान से जुटने की अपील की। इस अवसर पर डॉक्टर राघवेंद्र वर्मा, राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र वर्मा, अश्वेंद्र वर्मा, आलोक, उमाकांत वर्मा, प्रवीण मिश्रा, रंजीत, मुकेश सुशील, संदीप आदि लोग मौजूद रहे।,

## दुनियां को सतर्क होना होगा

डीपफेक के खतरे से दुनिया को सतर्क होना जरूरी है। एआई का प्रसार दिनो दिन बढ़ रहा है साथ ही इससे पैदा होने वाले खतरे भी बढ़ रहे है जो दुनियां में कुछ भी बुरा करा सकते है जो मानवता संस्कृति और विश्व बन्धत्व को अपूर्रीय क्षति पहुचा सकते है। डीप फेक सिंन्थेटिक मीडियम है। इसका प्रयोग वीडियो, फोटो आडियो को कृत्रिम इन्टेलिजेन्स मदद से सृजित किया जाता है। देखने में बिल्कुल असली लगता है जो भी क्रिएट किया जाता है। बुरे कामों के लिये इसका प्रयोग दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। पोर्न्सेग्राफी के लिये यह वरदान है। बच्चो और बूदो तथा जवानो में छुपे रूप में प्रोर्नोग्राफी काफी मकबूल है। प्रोर्नोग्राफी में नामी सितारों और हस्तियों, खासकर फिल्मी महिला सितारो के चेहरे होते है। इसमें असली दिखने के लिये आवाज को क्लोन किया जाता है। इन्हें बनाने वालो में असामजिक लोग ही नहीं है। बल्कि रिसर्च करने वालो से लेकर अपरिपक्व असमाजिक लोग तक शामिल हैं। इसके बनाने की क्रिया बहुत जटिल है और तकनीकी भी है। इसे आम आदमी नही बना सकते। इसीलिये प्रबुद्ध लोग इसमें लगे हुये है। इसे मामूली कम्प्यूटर सिस्टम द्वारा बनाया जाता है।

इसीलिये आजकल डीफेक को लेकर दुनियां में गम्भीर चर्चा शुरू हो गई है। अभिनेत्री रश्मिका मदाना का डीपफेक वायरल हो जाने के बाद इसके गम्भीरता को समझ गया है। स्थिति भयावह और खतरनाक होती जा रही है। चूकि इसमें महान नेताओं, अभिनेताओं, अभिनेत्रियों पूजीपतियों मशहूर हस्तियों को लिया जाता है जिनका समाज पर लोगो पर खासकर नौजवान पर प्रभाव है और बहुंतो के रोल माडल है प्रसिद्धी के लिये उन्हें लिया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया उनका डीफेक विडियो देखने में आया है जिसमें वह गरबा नाच और गा रहे है। मोदी ने कहा उन्होंने न कभी नाचा है न गया है। इसी से हालात की गम्भीरता को और गम्भीर बना दिया है। मसले की गम्भीरता को लेकर सरकार सोशल मीडिया कम्पनियों के साथ बैठक की योजना बना रही है। इलेक्ट्रानिक्स एवम् आईटी मन्त्री ने कहा है प्लेटफार्म पर्याप्त कदम नहीं उठाते है तो सेफहार्बर इम्युनिटी क्लाज लागू नहीं होगा। इसमें मेटा और गूगल को भी आमन्त्रित किया गया है। आईटी अधिनियम के तहत इन सभी प्लेट फार्मो को सेफहारबर इम्युनिटी क्लाज की सुविधा प्राप्त है। अभिनेत्री रशिका मन्दाना के मामले के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई है। इस कृत्य के लिये तीन साल की सजा और एक लाख रूपया का जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान है। यह दुनिया के लिये नई और कडी चुनौती बनती जा रही है। क्योंकि बड़े राजनीतिज्ञों और सुपरस्टारों के लिये डीपफेंक खतरनाक साबित होगा। वजह यह है कि कोई भी संवेदनशील मैटर सेकेन्डों में वायरल हो जायेगी। गलतफहमी पैदा कर विश्वयुद्ध भी शुरू कराया जा सकता है। जिससे दुनियां बचने की कोशिश में लगी है कुछ जिम्मेदार मुल्कों को छोड़कर प्रसिद्ध हस्तियों के साथ की जाने वाली यह शरारत उन्हें भावनात्मक रूप से हिला देगी और उनकी प्रतिष्ठा को चोट पहुचा देगी।

अमेरिका में चुनाव को लेकर खासी बहस छिड़ी हुई है। फेसबुक के दबाव में आनन फानन में ढेरो वीडियो डिलीट करने पड़े थे। फेक न्यूज और सिन्थेटिक मीडिया ने विश्वस्मीय और आंख देखे सत्य को सन्दिग्ध बना दिया है। हार जीत खेल का हिस्सा है कोई भी टीम मैच के लिये उतरती है तो जीतने का अरमान लेकर उतरती है पर हार जीत चूकि खेल का हिस्सा है। पर हारने वाली टीम बहुत हताश हो जाती है जब उसे अपनी जीत का भरोसा रहता है। वर्ल्ड कप में विश्व जनमत भारत के जीत का घोषणा कर रहा था। भारत ने सेमी फाइनल तक हर मैच जीत कर भारतीयों के दिल में असीम उत्साह और पक्का विश्वास पैदा कर दिया था कि भारत विश्व चैम्पियन बनेगा। यह क्रिकेट के बारे में मशहूर है जब तक आखिरी बाल न पड़ जाये तब तक जीत की घोषणा नही का जा सकती।

यह चमत्कार इस वर्ल्ड कप में देखने को मिला। भारत अपने सारे मैच जीतता चला आ रहा था यहां तक की विश्वकप चैम्पियन बने आस्टेऊलियों को शुरूआती मैच में हरा चुका था। आस्ट्रेलिया हारने के बाद भी बेडियों को पार करते हुये फाइनल में प्वाइन्ट के बल पर पहुचा था और भारत अपने सारे मैच जीत कर पहुंचा था। पर फाइनल वाले दिन भारत के बैटर और बालर दोनो असफल रहे। रोहित कोहली और राहुल ने सन्तोषप्रद रन बनाये पर बाकी बैटर तू चल मै आया की तर्ज पर आते गये और जाते गये। अपने बालर भी बैटरों का साथ निभाते निष्प्रभावी लग रहे थे। शमी ने अभी सात वीकेट लेकर एक दिनी मैच में रिकार्ड स्थापित किया था। बुमराहने दो वीकेट लिये और शमी ने एक वीकेट लिया।

भारत रोहित, कोहली और राहुल के बदौलत 240 रन पर पहुंच गया पर एकादेनी मैच के लिहाज से रन बहुत कम था। आस्टेऊलिया ओर से ट्रेडो हेड ने 137 रन और लाबुशेन ने 58 रन बनाकर भारत के सपने को तोड़ दिया। भारत के ओर से राहुल ने 66 रन और कोहली ने 54 रन बनाये। प्लेयर आफटूर्नामेन्ट का खिताब विराट कोहली ने टूर्नामेन्ट में 765 रन बना कर जीता। भारत मैच छह वीकेट से हार गया। मैच को लेकर मीडिया से लेकर आपसी बहस गुबाहसे में मैच को लेकर भारी रोमान्च था। मैच देखने के लिये देश विदेश से दूर दूर कि लोग दाम बढ़े होटलो में ठहर कर मैच का लुफ्त उठाने के लिये आये। पूरा स्टेडियम खचाखच भरा था। सबको भारत के जीत की उम्मीद थी। पर परिणाम उम्मीद के विपरीत गया और भारत का सपना टूट गया। रोहित शर्मा ने ठीक ही कहा नतीजा हक में ना आया पर टीम पर गर्व है। टूर्नामेंन्ट में फाइनल छोड़ हर मैच को जीतना कम करिश्मा नहीं है। भारत को हार जीत के खेल भावना से लेकर निराश होने की जरूरत है। अगले विश्व कम में हमारे बहुत से खिलाडी नही रहेगे नई पौध उनकी जगह भरेगे।

कोहली को गले लगाने के लिये एक फिलिस्तीन सुरक्षा घेरा तोड़ मैदान में घुस आया। भारतीय बैटरो की लोकाप्रियता का विदेशों में यह ग्राफ है। बल्लेबाजी में कोहली और गेंदबाजी में शमी स्टार रहे। कोहली ने टूर्नामेन्ट में सबसे ज्यादा रन बनाये और शमी के एक दिली मैच में एक ही मैच ने सात विकेट लेकर एक ही मैच में सबसे ज्यादा वीकेट लेने का रिकार्ड बनाया। प्रधानमंत्री से लेकर अन्य हसिये ने भारतीय टीम का हौसला बनाये रखने का सलाह देकर खिलाड़ियों को तारीफकी और शुमकामनायें दी।

आस्ट्रेलिया ने ,सिराज के और मैच के आखिरी गेद पर धक्का लगाकर मैच अपने कब्जे में कर लिया। सिराज हताश होकर रोपड़े। बुमराह ने उने ढाढ़स दिये खेल के ऊचनीच को समझाया। कप्तान रोहित की आंखो में भी आंसू देखे गये। पर पुरानी कहावत याद पाय रखनी चाहिये। हिम्मत नहीं धरनी चाहिये। गिरते है शहसबार ही मैदने जंग में वे करुफक्या गिरेगे जो घुटनो के बल चलगे। भारत ने बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। खिलाडी निराश नहीं हो सभी आप के साथ है। आफकाबिलयत पर हमारे साथ साथ दुनियां को भी यकीन है।

### चलिए स्वयं की खोज में

क्या कभी आपने
अपने आप को
खुद में पहचानने,
खोजने की कोशिश की है,
उस सच की तलाश की है,
जो आपके अंदर
सदियों से समाया हुआ है,
आपके मन में
तिल तिल कर जिंदा है
आप के मनोभावों के साथ
बाहर आना चाहता हो,
आपने अंदर के मासूम बच्चे
को महसूस करने की कोशिश की है।
आप कभी यूं ही बेवजह
मुस्कुराये, खिलखिलाये है,
रोज एक नया मुखौटा लेकर
एक नए-नए पलों को
जीते चले जा रहे हैं, **-संजीव ठाकुर**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

साढ़े सात करोड़ की आबादी वाले मध्य प्रदेश में मुसलमान सात प्रतिशत के आसपास हैं। लेकिन कुछ ऐसी सीटें हैं जहाँ पर मुसलमानों के वोट निर्णायक हैं। इसके बावजूद प्रदेश की विधानसभा में समाज के इस तबक़े का प्रतिनिधित्व घटता ही चला जा रहा है और उनके मुद्दे दरकिनार होते जा रहे हैं।एक समय ऐसा भी था जब राज्य में 7 मुस्लिम विधायक हुए थे। यहीं नहीं मुस्लिम सांसद भी मध्य प्रदेश ने दिए हैं। इस बार प्रदेश की सभी 230 सीटों पर इस बार चुनावी मुकाबला बेहद रोचक और कांग्रेस-बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर दिख रही है। ऐसे में चुनावी लड़ाई आमने-सामने की है।

# मध्य प्रदेश में मुसलमान राजनीतिक हाशिए पर क्यों

मध्य प्रदेश की सत्ता में बदलाव हो या न हो,इस सवाल के जवाब को लेकर भले ही राजनीतिक हलकों में उत्साह हो।लेकिन राज्य के एक बड़े वर्ग यानी मुसलमानों में कतई उत्साह नहीं दिखता है। पिछले ढ़ाई दशक में मध्य प्रदेश में मुस्लिम राजनीति हाशिए पर चली गई है। अपने को अल्पसंख्यक परस्त कहने वाली कांग्रेस ने साल 2014 के बाद राज्य में मुसलमानों से राजनीतिक किनारा करने की कोशिश की है। इस समय राज्य में कोई ऐसा नाम नहीं है जिसे प्रदेश स्तर पर राजनीतिक पहचान मिली हो।चुनाव 2023 में सियासी तपिश के साथ ही कांग्रेस की मुस्लिम पॉलिटिक्स पूरी तरह से बदली हुई नजर आई है। एक मुस्लिम नेता नाम न छापने की शर्त पर कहते हैं कि राष्ट्रीय राजनीति में ओवैसी के उभार से भी अन्य दलों में मुसलमानों को राजनीतिक नुकसान पहुंचा है।ओवैसी मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर अपने मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतार देते हैं, जिससे धर्मनिरपेक्ष दलों के मुस्लिम उम्मीदवारों के मुस्लिम वोट बंट जाते हैं,तो भाजपा की राह आसान हो जाती है।मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर हिंदू उम्मीदवार ज्यादा सफल रहते हैं। यही वजह है कि मुसलमानों को अप्रासंगिक समझा जा रहा है और परिणामस्वरूप, उन्हें हल्के में लिया जा रहा है। हालांकि, राजनीतिक दलों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सरकार बनाने में मुस्लिम वोट महत्वपूर्ण हैं। राज्य में, केवल 1 या 2 फीसदी वोटों का स्विंग राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से बदल सकता है और पार्टियों के भाग्य को बदल सकता है।


शाहिद नकवी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने जिस तरह से हिंदुत्व के पिच पर उतरकर सियासी बिसात बिछाई थी, उससे एक बात को साफ है कि कांग्रेस अपनी मुस्लिम परस्त वाली छवि को बदलने और खुद को थोड़ा ज्यादा 'हिंदू' दिखाने की कोशिश में रही। कांग्रेस की ओर से राज्य में राष्ट्रीय स्तर का भी कोई मुस्लिम नेता प्रचार के लिए नहीं भेजा गया। ये भी एक तथ्य है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस आलाकमान की कम, क्षेत्रीय क्षत्रपों की ज्यादा चली। मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने भाजपा की हिंदुत्व वाली सियासी पिच पर खुल कर खेला है। लेकिन इसके उलट राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को सेक्युलर बने रहने में कोई दिक्कत नहीं लगी। इसी लिए राजस्थान में कांग्रेस ने 14-15 मुसलमानों को टिकट देकर बड़ा दांव खेला है।ये संख्या तेलंगाना में ओवैसी की मैदान में उतारे कुल मुस्लिम उम्मीदवारों से लगभग दुगुनी है। गहलोत भाजपा के बड़े मुस्लिम नेता अमीन पठान को भी कांग्रेस में शामिल करने में कामयाब हो गए। भाजपा ने इस बार पूरी तरह से मुसलमानों से दूरी बना ली है। कहीं भी एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया। छत्तीसगढ़



में भूपेश बघेल ने भी इस बार केवल एक मुसलमान को मैदान में उतारा है। जबकि सन 2018 में छत्तीसगढ़ में दो मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें मोहम्मद अकबर राज्य में सबसे अधिक वोटों से जीतने वाले नेता थे, वह भी भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह के गृह जिले से 60 हजार से अधिक वोटों से जीते थे।

साढ़े सात करोड़ की आबादी वाले मध्य प्रदेश में मुसलमान सात प्रतिशत के आसपास हैं। लेकिन कुछ ऐसी सीटें हैं जहाँ पर मुसलमानों के वोट निर्णायक हैं। इसके बावजूद प्रदेश की विधानसभा में समाज के इस तबक़े का प्रतिनिधित्व घटता ही चला जा रहा है और उनके मुद्दे दरकिनार होते जा रहे हैं।एक समय ऐसा भी था जब राज्य में 7 मुस्लिम विधायक हुए थे। यहीं नहीं मुस्लिम सांसद भी मध्य प्रदेश ने दिए हैं। इस बार प्रदेश की सभी 230 सीटों पर इस बार चुनावी मुकाबला बेहद रोचक और कांग्रेस-बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर दिख रही है। ऐसे में चुनावी लड़ाई आमने-सामने की है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस इस बार उसी सियासी पिच पर उतरकर खेली है,जिससे लगातार बीजेपी जीत दर्ज करती रही है।कांग्रेस को इस राह पर चलने के चलते अपने कोर वोटबैंक मुस्लिम समुदाय से दूरी बनाए रखकर चलना पड़ा।

खुद को हनुमान भक्त बताने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने खुलकर हिंदुत्व कार्ड खेला। हिंदू राष्ट्र की वकालत करने वाले धीरेंद्र शास्त्री के प्रवचन छिंदवाड़ा में कराया और साथ ही शिवकथा वचक प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम भी कराया। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट नवरात्र के पहले दिन जारी किया।इस तरह उन्होंने सॉफ्ट हिंदुत्व ही नहीं बल्कि बीजेपी की तरह हार्ड हिंदुत्व का दांव खेला है, जिसके चलते कांग्रेस मुस्लिमों से दूरी बनाते हुए नजर आयी। यहां तक कि सन् 2014 के बाद खुल कर लगातार मुसलमानों का पक्ष लेने वाले दिग्विजय सिंह भी कुछ बदले हुए नजर आए। उन्होंने अपने पुराने कुछ मुस्लिम सिपासलारों को टिकट न मांगने के लिए पहले ही मना कर दिया था,बल्कि किसी की सुनी भी नहीं। रीवा से डाक्टर मुजीब खान को बड़ी उम्मीद थी कि दिग्गी राजा उनकी मदद करेंगे, लेकिन उनको साफ मना कर दिया गया। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में तीन मुस्लिम प्रत्याशी उतारे थे, जिनमें से दो विधायक बनने में सफल रहे। प्रदेश में मुसलमानों की आबादी का सात फीसदी है,1962 के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सात मुस्लिम विधायक चुने गए थे। 1972 और 1980 में 6-6 मुस्लिम विधायक बने थे जबकि 1985 में 5 मुस्लिम विधानसभा चुनाव जीते थी। हालांकि 1990 के चुनाव से मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व एमपी में घटने का सिलसिला शुरू हुआ तो आजतक नहीं उभर सका।1993 के विधानसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम विधायक नहीं जीत सका था। तब दिग्विजय ने इब्राहिम कुरैशी को मंत्री बनाया था, लेकिन वह किसी सदन के सदस्य नहीं थे, इस लिए नियमों के तहत इस्तीफा देना पड़ा। फिर साल 2003 से 2013 तक सदन में सिर्फ़ एक-एक ही मुसलमान विधायक रहे।

इसके बाद विधायकों की संख्या दो और एक तक ही सीमित रही।वैसे कांग्रेस ने 1962 में मुसलमानों को 11और 1980 में 10 टिकट दिए। लेकिन 2008, 2013 और 2018 में क्रमशः 3, 5 और 3 टिकट ही दिए गए। बता दें कि प्रदेश में मुस्लिम मतदाता भले ही सात फीसदी हों, लेकिन दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर निर्णायक भूमिका में है. भोपाल, इंदौर, जबलपुर और बुरहानपुर में मुस्लिमों की आबादी बड़ी संख्या में है। भोपाल की मध्य, भोपाल उत्तर, सिहौर, नरेला, देवास की सीट, जबलपुर पूर्व, रतलाम शहर, शाजापुर, ग्वालियर दक्षिण, उज्जैन नार्थ, सागर, सतना, रीवा, खरगोन, मंदसौर, देपालपुर और खंडवा की विधानसभा की सीटों पर मुस्लिम मतदाता अहम रोल अदा करते हैं। इसके बाद भी कांग्रेस भोपाल की सीटों पर ही मुस्लिमों को टिकट देने तक सीमित किए हुए हैं।

# मध्य प्रदेश: राजनीतिक परिवर्तन सामाजिक बदलाव की राह खोलेगा?

**योगेंद्र यादव, श्रेयस सरदेसाई**

मध्य प्रदेश नीति आयोग के संकेतक के हिसाब से 19 राज्यों के बीच बहुत नीचे यानी 17वें नंबर पर है। अखिल भारतीय स्तर पर देखें तो मध्य प्रदेश में शिशु मृत्यु-दर बहुत ज्यादा है और इस राज्य में चिकित्सकों की भी गंभीर कमी है। कामकाज का रिकार्ड ऐसा खराब होने के बावजूद बीजेपी शासन में बनी हुई है क्योंकि सूबे में उसका सांगठनिक आधार जनसंघ के जमाने से ही मजबूत रहा है जबकि पार्टी की मुख्य प्रतिद्वन्द्वी कांग्रेस की मशीनरी कमजोर साबित हुई है।

मध्य प्रदेश बदलाव के कगार पर है। क्या विधानसभा चुनाव से यह बदलाव जोर पकड़ेगा? क्या कोई राजनीतिक परिवर्तन इस सूबे में एक गहरे मगर लंबे समय से अवरूद्ध चले आ रहे सामाजिक बदलाव की राह खोलेगा? या, हमें उस राजनीतिक पैंतरेबाज़ी का एक और दौर फिर से देखना होगा जो उन प्रभावशाली सामाजिक तथा आर्थिक हितों की रक्षा किया करता है जो इस सूबे के गठन के बाद से ही शासन पर काबिज हैं ? मध्य प्रदेश में चल रहे चुनावी घमासान में पूछा जाने वाला असली सवाल यही है और इस सवाल से अब आंखें चुराना मुमकिन नहीं क्योंकि यह आंखों में आखें डालकर हमारे सामने खड़ा है।

यहां हम जिस बदलाव की बात कर रहे हैं उसे लंबे समय तक रोक रखा गया है। हां, जब-तब ऐसे बदलाव की छिटपुट चमक जरूर दिखी है। मध्य प्रदेश के उत्तर में मौजूद पड़ोसी उत्तर प्रदेश ने 1990 के दशक में दलित-जन का उभार देखा और यह उभार बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के जरिये मध्य प्रदेश की उत्तरीपट्टी में पहुंचा लेकिन जल्दी ही ठंढ़ा पड़ गया। मध्य प्रदेश के पूरब में मौजूद पड़ोसी राज्य झारखंड और छत्तीसगढ़ ने आदिवासी-जन की राजनीति का जोरदार उभार और उसे प्रभावशाली बनते देखा। मध्य प्रदेश की आबादी में आदिवासी-जन की तादाद 21 फीसद है तो उम्मीद की जा सकती है कि इस सूबे में भी राजनीति झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसी राह लेगी। लेकिन बड़ी राजनीतिक ताकतें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी(जीजीपी) के उभार के आड़े आ गई और उन्होंने इस पार्टी को अपने घेरे में ले लिया।

मध्य प्रदेश की आबादी में अन्य पिछड़ा वग (ओबीसी) के लोगों की तादाद 50 प्रतिशत है लेकिन इस सूबे में अभी तक मंडल की राजनीति की धमक सुनायी नहीं दी है। बीते दो दशकों में सूबे में खेती-किसानी का कायाकल्प हो चुका है– सूबे की छवि गढ़ने के क्रम में यही विजयगाथा सुनायी जाती रही है। लेकिन, किसान-संगठनों का प्रदेश की राजनीति पर कोई खास असर नहीं है भले ही साल 2017 में मंदसौर में हुई गोलीबारी के बाद किसान-संगठनों ने विरोध में धरना-प्रदर्शन किया हो।

लगातार भारतीय जनता पार्टी(बीजेपी) के हाथ लगती कामयाबी और देश में दो दशकों से जारी उसके राजनीतिक दबदबे ने सामाजिक बदलाव के इस खौलते पतीले के मुंह पर जैसे ढक्कन जड़ रखा है। साल 2003 यानी छत्तीसगढ़ के राज्य बनने के बाद हुए पहले चुनाव से ही बीजेपी इस सूबे(मध्य प्रदेश) में शासन में रही भले ही हर विधानसभा चुनाव में उसकी लोकप्रियता में कमी आती रही हो। साल 2018 में बीजेपी



पांच सीटों के अन्तर से कांग्रेस से चुनाव हार गई लेकिन 15 माह की कमलनाथ सरकार कुख्यात ऑपरेशन कमल के जरिये गिरा दी गई और बागी ज्योतिरादित्य सिंधिया की मदद से बीजेपी फिर से सत्ता में आ गई।

सच कहें तो सूबे में लंबे वक्त तक सत्ता में रहने के बावजूद बीजेपी के पास उपलब्धियों के नाम पर दिखाने को ज्यादा कुछ नहीं है। सामाजिक-आर्थिक दशा का पता देने वाले कई संकेतक सूबे की बदहाली की तस्वीर पेश करते हैं। साल 2023 की शुरूआत में मध्य प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 39 लाख थी। सरकारी नौकरियों में बहाली देरी से होती है और उनके साथ घोटाले का भूत लगा रहता है। सूबे में बेशक खेतिहर उत्पादन बेहतर हुआ है लेकिन किसान-आत्महत्याओं के मामले में यह राज्य चौथे स्थान पर है। सामंती तर्ज के जातिगत उत्पीड़न लगातार जारी हैं– इस सूबे में दलितों के विरूद्ध होने वाले अपराध की दर राष्ट्रीय औसत से ढाई गुणा ज्यादा है।

सेहत के मोर्चे पर मध्य प्रदेश नीति आयोग के संकेतक के हिसाब से 19 राज्यों के बीच बहुत नीचे यानी 17वें नंबर पर है। अखिल भारतीय स्तर पर देखें तो मध्य प्रदेश में शिशु मृत्यु-दर बहुत ज्यादा है और इस राज्य में चिकित्सकों की भी गंभीर कमी है। कामकाज का रिकार्ड ऐसा खराब होने के बावजूद बीजेपी शासन में बनी हुई है क्योंकि सूबे में उसका सांगठनिक आधार जनसंघ के जमाने से ही मजबूत रहा है जबकि पार्टी की मुख्य प्रतिद्वन्द्वी कांग्रेस की मशीनरी कमजोर साबित हुई है।

**सतह के नीचे खौलता बदलाव का लावा :** इस बार का चुनाव कुछ नया लेकर आने वाला है। बीते अठारह सालों के शासन का बोझ और कामकाज के मोर्चे पर दिखाया गया निठल्लापन अब अपनी कहानी आप सुनाने लगा है। ब्बमामाजीब्ब कहलाने वाले मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से उकताहट साफ दीख रही है। इस बीच, कांग्रेस के लिए सारा कुछ अपने हक में जाता दीख रहा है। एक ऐसे राज्य में जहां कांग्रेस पार्टी गुटबंदी के बीच कई हिस्सों में बिखरी रहती आयी है, बीते पांच सालों में कमलनाथ के निर्विवाद नेतृत्व ने उसे पहले तुलना में इस बार कहीं ज्यादा एकजुट कर दिखाया है। कांग्रेस को लोगों की सहानुभूति भी हासिल है क्योंकि 2018 में चुनाव जीतने के बावजूद चोर-दरवाजे से उसे सत्ता से बेदखल किया गया।

कुछ गहरे उतरकर देखें तो जान पड़ेगा कि सतह के नीचे ही नीचे सामाजिक परिवर्तन की शक्तियां सक्रिय हैं और बदलाव का लावा खौल रहा है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को कमजोर करने के खिलाफ मध्य प्रदेश में 2018 में दलित-जन ने जोरदार प्रतिरोध किया और इससे सूबे में दलित-एक्टिविज्म की एक नई लहर चली। जय आदिवासी युवा शक्ति (जेएवायएस) नाम से आदिवासी नेतृत्व की एक नई पीढ़ी सामने आयी है। आपसी फूटमत के बावजूद जेएवायएस के विभिन्न धड़े पुराने नेतृत्व को उखाड़ फेंकने की जतन में लगे आदिवासी युवाओं की जोर मारती महत्वाकांक्षाओं की नुमाइंदगी करते हैं। ओबीसी महासभा जैसे संगठनों के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में ओबीसी की राजनीति भी खामोशी से आगे आई है और यह उभार ओबीसी के ऊपरी तबके तक ही सीमित नहीं रहा है। साल 2020 के राष्ट्रव्यापी किसान-आंदोलन की गूंज मध्य प्रदेश में भी सुनायी दी थी। ये सभी आंदोलन अपने मिजाज में सत्ता-विरोधी हैं और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा बीजेपी की विचारधारा के विरूद्ध भी। जिम्मा कांग्रेस का था कि वह इस नई सामाजिक ऊर्जा को समेटे और सामाजिक बदलाव का राजनीतिक वाहक बने। इस नाते, मध्य प्रदेश के इस चुनाव में कांग्रेस के पास खोने के लिए बहुत कुछ था।

# तुलसी विवाह से ही वैवाहिक मुहूर्त का शुभारंभ

तुलसी को हिंदू संस्कृति में पवित्र पौधा मानकर पूजा जाता है। इसीलिये प्रायः प्रत्येक हिंदू के घर में तुलसी को एक चबूतरे में रोपकर प्रतिदिन जल चढ़ाने एवं पूजा करने की विधि एवं परंपरा है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों ने तुलसी के चमत्कारिक गुणों को जान लिया था, यही कारण है कि आज हमारे प्राचीन चिकित्सा ग्रंथ तुलसी के गुणों से भरे पड़े हैं। तुलसी, का लैटिन नाम ओसियन स्पोसाज है। इसकी सौ से भी अधिक प्रजातियाँ अभी तक विश्व में पाई जाती हैं।

तुलसी विवाह का कार्तिक शुक्ल पक्ष से भी महत्व जुड़ा हुआ है। तुलसी से हम सभी भलीभाँति परिचित हैं। शायद ही कोई ऐसा घर होगा जिसके आँगन में या आसपास तुलसी का पेड़ न हो। तुलसी एक परम पवित्र पौधा है। हिंदू धर्म में इसकी विधि विधान से पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि कार्तिक शुक्ल एकादशी को होने वाले तुलसी विवाह के बाद से ही वैवाहिक कार्यक्रमों व शुभ मुहूर्तों की शुरुआत होती है। अर्थात तुलसी विवाह एक ऐलान है एक इजाज़त है जो विवाह कार्यक्रमों को प्रारंभ करने एवं उन्हें संपन्न करने की अनुमति प्रदान करता है।


सुरेश सिंह बैस

पतिव्रता स्त्री वृंदा के साथ भगवान विष्णु द्वारा छल किये जाने और अंततः उसे तुलसी रूप में वरण करने की मान्यता के साथ शुभ कार्यों का श्रीगणेश भी इसी दिन से किया जाता है। कार्तिक शुक्ल एकादशी को प्रबोधनी एकादशी भी कहते हैं। अवध के ग्रामीण क्षेत्रों में देवोत्थानी एकादशी को डिढ्वन के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता कि इस दिन भगवान विष्णु जो क्षीर सागर में सोये हुये थे, वे चार माह पश्चात जागते हैं। विष्णु के जागने के बाद से ही सभी मांगलिक कार्य, शुभकार्य प्रारंभ किये जाने का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि ऐसा करने से वे सभी कार्य अवश्य निर्विघ्न संपन्न हो जाते हैं। विष्णु जी के शयनकाल के चार मासों मे विवाहादिक मांगलिक कार्यों का निषेध रहता है।

व्रती स्त्रियों द्वारा इस दिन प्रातः काल भगवान को शंख, घंटा आदि बजाकर जगाया जाता है। इसके बाद पूजा करके कथा सुनी जाती है। तुलसी विवाह के संबंध में पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन करते समय जब देवताओं के नेत्रों से अश्रुपात हुआ, तब उन आंसुओं से तुलसी का जन्म हुआ, तुलसी को हिंदू संस्कृति में पवित्र पौधा मानकर पूजा जाता है। इसीलिये प्रायः प्रत्येक हिंदू के घर में तुलसी का पौधा आवश्यक रूप से पाया जाता है, तुलसी को हिंदू संस्कृति में पवित्र पौधा मानकर पूजा जाता है। इसीलिये प्रायः प्रत्येक हिंदू के घर में तुलसी को एक चबूतरे में रोपकर प्रतिदिन जल चढ़ाने एवं पूजा करने की विधि एवं परंपरा है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों ने तुलसी के चमत्कारिक गुणों को जान लिया था, यही कारण है कि आज हमारे प्राचीन चिकित्सा ग्रंथ तुलसी के गुणों से भरे पड़े हैं। तुलसी, का लैटिन नाम ओसियन स्पोसाज है। इसकी सौ से भी अधिक प्रजातियाँ अभी तक विश्व में पाई जाती हैं। प्रायः घरों में पाई जाने वाली तुलसी में टी बी तथा कैंसर के कीटाणु नष्ट करने की प्रबलतम क्षमता रहती है। जिस घर में हरा भरा तुलसी का पौधा होता है वहाँ बिजली नहीं गिरती । ऐसा माना जाता है। प्रायः ऐसा देखा भी गया है। जहाँ तक इसका वैज्ञानिक संबंध भी हो सकता है कि जहाँ तुलसी के पौधे होते हैं वहाँ पर बिजली नहीं गिरती ।



तुलसी को अनेक औषधियों के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। यह छोटा सा पौधा हमारे कितने काम आता है। वहीं हम इसकी श्रद्धाभक्ति से उपासना एवं पूजा भी करते हैं और इसे हम तुलसी विवाह के रूप में त्यौहार मानकर परंपरानुसार तुलसी का आदर करते चले आ रहे हैं तुलसी विवाह दीपावली के ठीक ग्यारह दिनों पश्चात् अर्थात अमावस्या के बाद पड़ने वाली एकादशी को मनाया जाता है। इस दिन सुबह से स्नान कर स्वच्छ कपड़े पहने जाते हैं। फिर सुबह से शाम तक तुलसी पूजा की तैयारी की जाती है। घर को भी लीप - पोतकर चमकाया जाता है। कई लोग तो इस अवसर पर वैवाहिक तैयारियों जैसे पांडाल एवं विद्युत सजावटों से घर को झकाझक कर तैयारी करते हैं। घर के आँगन में रंगोली डाली जाती है। यथा शक्तिनुसार घर को सजाया जाता है। हिंदू धर्म में तुलसी को माँ का दर्जा प्राप्त है। तुलसी को घर के आँगन में रोपना बहुत शुभ माना गया है। इसके लिये तुलसी को एक सुंदर से चबूतरे का निर्माण कर उसे लीपकर उस पर अनेकों चित्र जैसे, डोली, कहार, सांप, बिच्छू, चिड़िया, फूल आदि बनाये जाते हैं। फिर हिंदू धर्म के अप्रतिम प्रतीक स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर शुभ लाभ लिखा जाता है। इस अवसर पर अनेक पकवान एवं मिष्ठान बनाये जाते हैं। सायं को सूर्यास्त होने के बाद गन्ने से मंडप तैयार किया जाता है। इसके बाद शुरु होता है तुलसी विवाह की रश्म, इसमें सबसे पहले तुलसी पर जल अर्पित किया जाता है। फिर चंदन - वंदन, हल्दी, कुमकुम लगाया जाता है। गाय के गोबर से गौरी गणेश बनाकर स्थापित किया जाता है। पान सुपाड़ी एवं नौ हल्दी रखी जाती है। कलश बनाकर उस पर दीया जलाया जाता है। तोरण बनाकर घर के चौखट पर लगाया जाता है। इसके बाद फूल फल, कपड़े एवं श्रृंगार की सभी %चीजें चढ़ाई जाती है. फिर आरती की जाती है। धूप दशांग जलाकर तुलसी पूजा एवं विवाह की समस्त क्रियायें कर विवाह संपन्न किया जाता है। ऐसी भी धार्मिक मान्यता है कि तुलसी विवाह के पूर्व गन्ना नहीं खाना चाहिये।

तुलसी विवाह के एक अन्य पौराणिक किवदंती के अनुसार तुलसी (वृंदा) का विवाह एक दैत्यराज के साथ हुआ था। वृंदा बहुत पतिव्रता स्त्री थी। तुलसी के पति का नाम जलंधर था। वह अपनी शक्ति के मद में घोर अत्याचारी हो चला था। उसके अत्याचारों से ऋषिमुनि, देव, मानव, किन्नर, गंधर्व सभी त्राहि त्राहि कर उठे। जलंधर को मारने के देवताओं से अनेक उपाय किये। पर वे स्वयं उससे बुरी तरह पराजित हो गये। तब देवताओं ने भगवान विष्णु की शरण ली तब भगवान विष्णु ने उन्हें बताया कि जलंधर की शक्ति एवं उसके अपराजेय होने का राज है उसकी पतिव्रता स्त्री का सतीत्व। जब तक उसके सतीत्व को भँग नहीं किया जायेगा। कोई भी जलंधर का कुछ भी नहीं, बिगाड़ सकता। वहाँ तक कि स्वयं मैं भी ऐसा नही कर सकता। भगवान विष्णु ने ऐसा कहा तो देवताओं ने उनसे विनय किया कि भगवान फिर इस संकट से उबरने का आप ही कोई उपाय करें। तब उन्हें भगवान विष्णु ने निश्चिंत करते हुये कहा कि ठीक है मैं ही कुछ उपाय करता हूँ। इसके पश्चात भगवान विष्णु ने जलंधर का रुप धारण कर तुलसी के सतीत्व को भँग करने तुलसी के पास पहुँच गए। तुलसी उन्हें नहीं पहचान पाई। वह उन्हें अपना पति जानकर तरह तरह से उनके आव भगत में लग गई। पर जैसे ही उन्होंने विष्णु का स्पर्श किया। वैसे ही उनकी पवित्रता (सतीत्व) भँग हो गई।उधर तुलसी के सतीत्व के भँग होते ही युद्ध क्षेत्र में लड़ रहा जलंधर देवताओं द्वारा मारा जाता है। जलंधर की मृत्यु हो जाने के पश्चात भगवान विष्णु अपने असली रुप में आ गये। यह देखकर तुलसी जान गई कि उसके साथ छल किया गया। वह बहुत दुःखी एवं आक्रोशित हो जाती है। सती का यह रूप देखकर देवतागण डर जाते हैं कि तुलसी अपने पवित्रता के भंग होने एवं पति की मुत्य के कारण भयंकर शाप न दे डालें... , जिससे सर्वत्र सर्वनाश हो सकता है।

# सड़कें बनाने में एफडीआर तकनीक कारगर

## आवागमन की सुविधा के साथ-साथ पर्यावरण की अनुकूलता के दृष्टिकोण से भी लाभकारी सिद्ध हों : केशव

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवों के संतुलित व समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम यह भी है कि ग्रामीण सड़कों के किनारे दीर्घकालीन प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएं, इससे मिशन लाइफ अभियान को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में अपनायी जा रही एफडीआर (फूल डेफ्थ रिक्लमेशन) तकनीक, मिशन लाइफ अभियान के लिए लाभप्रद व उपयोगी सिद्ध हो रही है। केशव प्रसाद मौर्य आज उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, (गन्ना संस्थान) में मिशन लाइफ के अंतर्गत ग्रीन/ न्यू टेक्नोलॉजी पर आधारित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों का उन्होंने आह्वान किया कि वह सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक के अलावा और अधिक ऐसे शोधपरक कार्य करें, जिससे पर्यावरण व जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। कहा कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफ डी आर तकनीक को अपनाने मे उत्तर प्रदेश लीड कर रहा है। उन्होंने कहा कि सड़कों का डिजाइन इस प्रकार से किया जाए कि आवागमन की सुविधा के साथ-साथ पर्यावरण की अनुकूलता के दृष्टिकोण से भी लाभकारी सिद्ध हों। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के कार्य में पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्रीन टेक्नोलॉजी को अपनाने में अग्रणी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 5400 किलोमीटर( 684 मार्ग) के निर्माण का कार्य ग्रीन टेक्नोलॉजी/एफडीआर तकनीक पर किया जा रहा है, जिससे सापेक्ष 900 किलोमीटर निर्माण पूरा हो चुका है। इस तकनीक में अलग से गिट्टी (एग्रीगेट) का प्रयोग नहीं किया जाता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 5400 किलोमीटर एफडीआर के तहत पीएमजीएसवाई मार्गो के निर्माण में लगभग 86 लाख क्यूबिक मीटर गिट्टी तथा इसके सापेक्ष ट्रांसपोर्टेशन में 650 लाख लीटर फ्यूल की बचत आंकलित की गयी है। इस प्रकार एफडीआर तकनीक से कार्बन फुट प्रिंट को कम किया जा रहा है तथा यह तकनीक पर्यावरण के अनुकूल है। एफआईआर तकनीक से बनायी जा रही सड़कों की लागत कम और गुणवत्ता अधिक है, और टिकाऊ भी अधिक होती हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमन्त्री जी की दूरगामी सोंच व विजन के अनुरूप आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर गांवों में अमृत सरोवरो का निर्माण प्रारंभ किया गया और अमृत सरोवरो के निर्माण में उत्तर प्रदेश, देश में पहले स्थान पर है। अमृत सरोवर ग्रामीण पर्यटन का केन्द्र तो साबित ही हो रहे हैं, और पर्यावरण व जल संरक्षण के दृष्टिकोण से भी बहुत उपयोगी साबित हो रहे हैं,यही नहीं इन सरोवरों के पास शिलाफलकम् और अमृत वाटिकाएं भी बनायी गयी है, जो मिशन लाइफ अभियान के उद्देश्यों को फलीभूत बनाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इनको सुरक्षित बनाये रखें।

राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग, श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि एफडीआर तकनीक से बनी सड़कों की गुणवत्ता कन्वेंशनल तकनीक से बने मार्गो की अपेक्षा उत्तम होती है। कार्यशाला को ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सुखलाल भारती, ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में 17 राज्यों असम, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा व उत्तराखंड के प्रतिनिधियों व विभिन्न तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधियों व यूपीआरआरडीए के अधिकारियों ने अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किये।

# सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के चयन में ग्राम पंचायतें ले सकती हैं भाग : जयवीर

**अवधनामा संवाददाता**



- कहा, प्रतियोगिता में चयनित गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव कहा जाएगा

**लखनऊ।** प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों के चयन के लिए ग्राम पंचायतें अपनी पहल पर पर्यटन गांव प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। इसके लिए ग्राम पंचायतों को पर्यटन विभाग के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके अलावा कोई संस्था अथवा सरकारी विभाग भी किसी गांव को प्रतियोगिता में शामिल करने के लिए ऑनलाइन नामांकित कर सकते हैं।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। क्योंकि अब गांव परंपरागत खेती के साथ-साथ व्यावसायिक खेती की ओर भी बढ़ रहे हैं। कई गांवों में प्रमुखता से आर्गेनिक खेती भी हो रही है। इसके अलावा ज्यादातर गांवों के पास ऐतिहासिक मंदिर, विरासत और भ्रमण के लिए दर्शनीय स्थल हैं। पर्यटन के मद्देनजर बुनियादी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। एक पर्यटक के आने से छह लोगों को रोजगार मिलता है। इस हिसाब से ग्रामीणों के सामने रोजगार का बड़ा अवसर होगा।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग ने प्रदेश के 229 गांवों को चिह्नित किया है जिसे पर्यटन गांव के रूप विकसित किया जाएगा। इसके अलावा वे गांव भी जहां पर्यटन स्थल हैं और पर्यटक आते हैं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता-2024 में हिस्सा ले सकती हैं। इसके लिए उन्हें विभागीय पोर्टल पर आवेदन करना होगा। कोई संस्था और सरकारी विभाग भी किसी गांव को प्रतियोगिता के लिए आनलाइन नामांकित कर सकते हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों के चयन के लिए प्रतियोगिता कराई जाती है। मंत्रालय प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण यानी सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता-2024 के लिए हेरिटेज, एग्री टूरिज्म, क्राफ्ट, ग्रीन विलेज, वाइब्रेंट विलेज, स्पिरिचुअल और वेलनेस, स्वच्छ गांव, एडवेंचर समेत कुल 11 श्रेणियों में अलग-अलग गांवों का चयन किया जाएगा। जैसे हेरिटेज में जो गांव चुना जाएगा, उसे सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव हेरिटेज कहा जाएगा। इसके तहत तीन स्तर पर प्रतियोगिता होगी।

# दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 13.47 करोड़ स्वीकृत

**अवधनामा संवाददाता**

- आहरण वितरण अधिकारी को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 13 करोड़ 47 लाख 58 हजार रूपये की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी जालौन (उरई), हमीरपुर, झांसी,बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मेरठ रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए जिला योजना, एससीपी के तहत स्वीकृत की गई है।

इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी/उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग अनूसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए एससी पी/टीएसपी के मानक के अनुरूप एवं अनूसूचित जाति के सदस्यों गठित /पुनर्गठित समितियों पर ही किया जायेगा। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों व दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। स्वीकृत धनराशि का आहरण व व्यय योजना के समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा।

# ससमय बजट का सदुपयोग किया जाए : राकेश सचान

## एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



- कहा, किसी भी दशा में बजट सरेंडर की स्थिति नहीं आनी चाहिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा तथा वस्त्रउद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज यहां डालीबाग स्थित खादी भवन के सभागार में अपने अधीन विभागों के अधिकारियों के साथ विभागीय बजट की समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री राकेश सचान ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत बजट तथा उसके सापेक्ष किए गए खर्च की जानकारी ली और धीमी प्रगति वाली योजनाओं के संबंध में नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि ससमय बजट का सदुपयोग कर लिया जाए, किसी भी दशा में बजट सरेंडर की स्थिति नहीं आनी चाहिए। मंत्री जी ने इस अवसर पर आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

राकेश सचान ने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत बजट तथा उसके सापेक्ष किए गए खर्च और आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट की भी जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिया कि खादी के उत्पादों और उसकी बिक्री को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाय। मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी लगाकर इसके उत्पादों को लोकप्रिय बनाया जाय। जिससे इससे जुड़े लोगो को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिया कि माटीकला टूल किट्स वितरण योजना को और अधिक सशक्त बनाये जाने हेतु आगामी आय-व्ययक प्रस्ताव में अधिक धनराशि की मांग कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने की कार्यवाही की जाये। उल्लेखनीय है कि दीपावली के अवसर पर खादी भवन, मुख्यायल एवं इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगाये गये माटीकला मेले में रू. 1.00 करोड़ से अधिक की बिक्री हुई साथ ही प्रदेश के समस्त जनपदों में भी दीपावली के अवसर पर 03 दिवसीय माटीकला मेला आयोजित किया गया, जिसमें लगभग धनराशि रू. 14.00 करोड़ से अधिक की बिक्री माटीकला कारीगरों द्वारा किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। बजट उपयोग के सन्दर्भ में विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष धनराशि की मांग शासन से की जा रही है, जिससे माटीकला के 3000 कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चॉक का वितरण का किया जायेगा।

श्री राकेश सचान ने बैठक में एमएसएमई के अधिकारियों को निदेर्शित करते हुए कहा कि एमएसमएई विभाग की महत्ता अत्यधिक है, रोजगार सृजन अधिक से अधिक एमएसएमई सेक्टर से ही होता है, इस ओर बहुत ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है, अतः वित्तीय वर्ष 2023-24 के विभागीय बजट का शत-प्रतिशत सदुपयोग कराते हुए लाभाथियों को लाभान्वित कराकर शत-प्रतिशत प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चत करें।

राकेश सचान ने निर्देश दिया कि एमएसएमई पॉलिसी-2017 के तहत प्राप्त कुल 219 आवेदनो जिनमें से 80 आवेदन कर्ताओं को लाभान्वित कराया जा चुका है के अतिरिक्त शेष आवेदन, प्रकरण जो जनपद, मण्डल, एप्रेजल संस्थाओं के स्तर पर लम्बित हैं उनका तत्काल निस्तारण कराया जाय। उन्होंने एमएसएमई पॉलिसी-2022 के संबंध में निर्देश दिया कि प्राप्त कुल 144 आवेदन में से लंबित प्रकरण तत्काल निस्तारित किये जायें। उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के संबंध में निर्देश दिया कि शत प्रतिशत प्रशिक्षण सम्पन्न कराते हुए उन्हें ससमय टूलकिट उपलब्ध कराया जाये।

# जोखिम प्रबन्धन एवं पशुधन बीमा योजना के लिए 221.82 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जोखिम प्रबन्धन एवं पशुधन बीमा योजना के लिए 221.82 लाख रूपये (दो करोड़ इक्कीस लाख बयासी हजार रूपये) की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुसूचित जाातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत किया जायेगा।

पशुधन विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार योजना की दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

# पांच पशु चिकित्सालयों के निर्माण के लिए 1.71 करोड़ रूपये स्वीकृत

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशुपालन विकास हेतु पशु चिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य के लिए 05 पशु चिकित्सालयों के निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रथम किश्त के रूप में 171.515 लाख रूपये (एक करोड़ इकहत्तर लाख इक्यावन हजार पांच सौ मात्र) की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पशु चिकित्सालयों का निर्माण कुशीनगर के पशु चिकित्सालय नेबुआ नौरंगी, पडरौना, जौनपुर के देवकली, उन्नाव के मवई तथा बदायूं में किया जायेगा।

इस सम्बंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए जनपद कुशीनगर, जौनपुर, उन्नाव तथा बदायूं के मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय निर्माण सम्बंधी शासनादेशों में निहित व्यवस्थानुसार एवं निर्धारित मानकों के अधीन किया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि से कार्यदायी संस्था द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादित कराया जायेगा। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हो तथा कार्य की गुणवत्ता उत्कृष्ट कोटि की हो, इसकी पूर्ण जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी।

## पशुधन उत्पादन तथा शोध कार्य के लिए 50 लाख रूपये स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पशुधन उत्पादन तथा प्रबंध सांख्यिकी अध्ययन तथा शोध कार्यों के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 लाख रूपये केन्द्रांश की धनराशि स्वीकृत की है। यह केन्द्र प्रायोजित योजना है। इस सम्बंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्य-योजना एवं मदों में भारत सरकार द्वारा गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उपलब्ध धनराशि की सीमान्तर्गत किया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग चालू वित्तीय वर्ष में ही सुनिश्चित किया जाय तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाय।

# यह कैसा न्याय है डायरेक्ट बिजली चोरी करने वाले मिल रही छूट

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** जहां एक मुफ्त समाधान योजना की स्कीम में बिजली चोरी करने वालों को भी 65 प्रतिशत की छूट दी जा रही है या वह या वह लोग है जो डायरेक्ट या अन्य माध्यम से जानबूझकर बिजली चोरी कर रहे थे और उन पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत बिजली चोरी के मामले में धारा 126 में राजस्व का निर्धारण 1 साल के लिए किया गया था वहीं दूसरी ओर सबसे चिंता का विषय है प्रदेश के उन लाखों विद्युत उपभोक्ताओं जो जाने अनजाने में अपने आवास में अपनी जीविका को चलाने के लिए अपने घर में कोई दुकान या छोटे-मोटे रोजगार का काम कर रहे थे और उनके ऊपर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 के तहत ही 1 साल का राजस्व निर्धारण किया गया उन्हें इस व्यवस्था में छूट नहीं दी जा रही जो पूरी तरह इस व्यवस्था की दोहरे मापदंड को उजागर कर रहा है।

सबसे बडा सवाल यह है एक व्यक्ति जो अपने घर के मीटर से केवल अपने घर में छोटी-मोटी दुकान में जाने अनजाने में बिजली का उपयोग कर लिया उसके राजस्व निर्धारण में छूट की व्यवस्था नहीं है और वही एक व्यक्ति जो जानबूझकर डायरेक्ट बिजली चोरी कर रहा है उसके लिए 65प्रतिसत तक छूट की व्यवस्था है यह अपने आप में बहुत ही सोचनीय विषय है। जबकि उपभोक्ता परिषद पिछले कई वर्षो से लगातार मांग कर रहा है कि 2 किलो वाट तक के लिए गरीब ग्रामीण व शहरी विद्युत उपभोक्ता जो अपने घर में दुकान चला रहे हैं उन्हें घरेलू विद्या में ही बिजली का उपयोग करने की छूट दी जाए एक बार इस पर पावर कारपोरेशन ने अपनी सहमति भी विद्युत नियामक आयोग को दी लेकिन अंतत मामला लटक गया।

# 'यू कैन इम्पैक्ट: द मैजिक ऑफ़ मेटामॉर्फोसिस' का वर्चुअल बुक लॉन्च

**अवधनामा संवाददाता**

- यह हमें याद दिलाती है कि हर व्यक्ति के पास सुधार के लिए अद्भुत क्षमता है

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** वर्चुअल दुनिया ने आज एक प्रेरणास्वरूपक बुक का लॉन्च देखा - यू कैन इम्पैक्ट~ द मैजिक ऑफ़ मेटामॉर्फोसिस, जिसमें प्रसिद्ध संवाद कोच डॉ. गोपिका कुमार को मुख्य योगदानकर्ता के रूप में देखा गया, साथ ही देशभर से चयन किए गए आठ सह-लेखकों के साथ - सबसे प्रमुख रूप से आसिफ़ ज़मां रिज़वी, एक बहुकुशल व्यक्ति, जोने संवाद, शिक्षा, प्रशिक्षण, समाज-सेवा, और परामर्श क्षेत्रों में अपना जीवन समर्पित किया है।

यू कैन इम्पैक्टः द मैजिक ऑफ़ मेटामॉर्फोसिस हमें दिखाती है कि हम कितने शक्तिशाली हैं अपने आत्मा को परिवर्तित करने में। यह हमें याद दिलाती है कि हर व्यक्ति के पास सुधार के लिए अद्भुत क्षमता है। हमारे चेंजिंग जीवन में, हमारे फैसले अक्सर मार्ग-सूचियों की भूमिका निभाते हैं, हमारे जीवन के मार्ग को दिखाते हैं। कभी-कभी, हम रुक कर सोचते हैं, हमें इसमें बदलाव की आवश्यकता है। यह पुस्तक एक ऐसा उत्सव है जो हर व्यक्ति के अंदर छुपी सीमित क्षमता का जश्न है, जो आशा, साहस, और क्रियाशीलता के साथ प्रेरित करने का उद्दीपन करता है।

पुस्तक के मुख्य लेखक, डॉ. गोपिका कुमार, जिनके पास लगभग 20 वर्षो का अनुभव है, व्यावसायिक सेक्टर में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले स्कूल कौशल और व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण की विशेषज्ञता है। यू कैन इम्पैक्टः द मैजिक ऑफ़ मेटामॉर्फोसिस के प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में, डॉ. गोपिका कुमार व्यक्तिगत परिवर्तन के अन्वेषण में अपने अनुभव और विशेष दृष्टिकोण के साथ एक समृद्धि से युक्त हैं। सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग और व्यावहारिक कौशल ट्रेनिंग में विशेषज्ञ, डॉ. गोपिका कुमार ने व्यावसायिक क्षेत्र के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिससे इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला गया है।

यू कैन इम्पैक्ट~ द मैजिक ऑफ़ मेटामॉर्फोसिस मानव आत्मा की विकास और परिवर्तन की सामूहिक उत्सव है। डॉ. गोपिका कुमार और उनके सह-लेखकों द्वारा साझा की गई कहानियां, पाठकों के भीतर असीमित संभावना को महसूस कराने, प्रेरित करने और याद दिलाने के लिए हैं कि हर व्यक्ति के अंदर अविश्वसनीय क्षमता है। सह-लेखक पुस्तक में अनूभव और विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों की एक विविध श्रृंगारी रेखा लाते हैं, जिसमें प्रोडक्ट प्रबंधन, कोचिंग, परामर्श, नेतृत्व विकास, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवाएं, साहित्य, और सामाजिक कारण शामिल हैं।

## 23 नवम्बर तक चलाया जायेगा भीड़ प्रबंधन अभियान

**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर के निर्देशन में स्टेशनों पर रेल यात्रियों को सुरक्षित तथा सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए भीड़ प्रबंधन अभियान 23 नवम्बर तक चलाया जायेगा। जिसके अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के नेतृत्व में लखनऊ जंक्शन समेत मण्डल के प्रमुख स्टेशनों पर 24 घंटे वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्टेशनों पर मौजूद रहकर सभी क्रियाकलापों का प्रबंधन तथा मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान के अन्तर्गत आरपीएफ स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्यू मैनेजर लगाकर यात्रियों को ट्रेनों तक पहुंचने में मदद करेंगे। स्टेशन पर वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की ओर से यात्रियों के लिए हेल्प डेस्क का प्रबंध किया गया है। प्लेटफॉर्म पर पार्सल हैंडलिंग एरिया के लिए निर्धारित जगह को चिन्हित किया गया है। जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर आने जाने पर असुविधा न हो। स्टेशन परिसर में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए सघन टिकट चेकिंग की जा रही है। सभी प्लेटफॉर्म पर कोच गाइडेंस सिस्टम तथा स्टेशन प्रवेश द्वार पर ट्रेन इनफॉरमेशन डिस्प्ले सिस्टम लगाया गया है। स्टेशन पर सभी संचालित ट्रेनों की अनाउंसमेंट लगातार की जा रही है।

## इंफ्रा रेलवे बोर्ड रूप नारायण सोनकर ने किया निरीक्षण

**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट एवं अयोध्या स्टेशन के आधुनिकीकरण व प्रगति कार्यो का जायजा लेने के लिए बुधवार को सदस्य इंफ्रा रेलवे बोर्ड रूप नारायण सोनकर निरीक्षण के लिए राजधानी आये। कार्यक्रम के तहत उन्होंने उत्तर रेलवे के मुख्यालय से आये अधिकारियों, मंडल रेल प्रबंधक डॉ. मनीष थपलियाल और मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ बाराबंकी, अयोध्या व शाहगंज रेलखंड की विंडो ट्रेलिंग करते हुए रेलखंड पर दोहरीकरण के कार्य एवं संरक्षा व्यवस्था को गहनता से परखा। उन्होंने अयोध्या जंक्शन स्टेशन पहुंचकर स्टेशन के नवीन भवन के निर्माण, सर्कुलेटिंग एरिया सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

# बाल भूगोलविदों ने जगाया पर्यावरण संरक्षण का अलख

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय भूगोल ओलम्पियाड 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' का तीसरा दिन बहुत ही दिलचस्प रहा। देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने आज जियोफेस्ट की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जोरदार भागीदारी कर अपने ज्ञान-विज्ञान व हुनर का प्रदर्शन तो किया ही, साथ ही दिलचस्प प्रतियोगिताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का अभूतपूर्व अलख जगाया। बालभूगोलविदों ने आज जियो एड (अभिव्यक्ति क्षमता) एवं जेल-ओ-माइम (कोरियोग्राफी) प्रतियोगिताओं द्वारा अपने ज्ञान-विज्ञान व रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023 में आज प्रतियोगिताओं की शुरूआत जियो एड (अभिव्यक्ति क्षमता) प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 8-8 छात्रों की विभिन्न छात्र टीमों ने 'गो ग्रीन, गो क्लीन' थीम पर विज्ञापन बनायें और उसे स्टेज पर प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम प्रतिभागी छात्रों ने बड़े ही रोचक तरीके से अपने विज्ञापनों के माध्यम से प्रदूषण की चिंतनीय स्थिति से रूबरू कराते हुए हरी-भरी खुशहाल धरती का अलख जगाया। इसी प्रकार, अपरान्हः सत्र में आयोजित जेल-ओ-माइम (कोरियोग्राफी) प्रतियोगिता भी बेहद आकर्षक रही। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने अपने हुनर का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में



छात्रों ने कविता पाठ करने के साथ ही उसे अभिनय द्वारा दर्शाया। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि जियोफेस्ट के प्रतिभागी छात्र आज प्रातः लखनऊ भ्रमण पर निकले और बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, रेजीडेन्सी इत्यादि ऐतिहासिक स्थलों को देखने गये।

# समावेशी राष्ट्रवादी थे समाजवादी नेताजी : दीपक

- मुलायम जयंती पर समाजवादी प्रदीपिका का विमोचन

**लखनऊ।** नेताजी मुलायम सिंह जयंती के उपलक्ष्य में लोहिया सभागार में समाजवाद,हिन्दी सशक्तिकरण व मुलायम विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बौद्धिक सभा व हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र ने कहा कि लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश के पश्चात समाजवाद एवं हिन्दी से जुड़े अभियानों के सशक्तीकरण में नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है । समाजवादी पार्टी का गठन कर उन्होंने समाजवादियों के बिखराव को रोका । लोहिया के विचारों को मूर्त देने वाले शीर्ष क्रम के नेताओं में नेताजी का नाम अग्रगण्य है । उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं से अंग्रेजी की अनिवार्यता हटाई । हिन्दी दिवस के दिन ही नेताजी ने 1987 में क्रांति रथ निकाला था । वे भारतीय भाषियों के प्रबल पैरोकार थे । उन्होंने गरीबों, वंचितों व कमजोरों को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़कर लोकतंत्र को मजबूत किया । नेताजी जितने बड़े समाजवादी थे, उतने समावेशी राष्ट्रीयता प्रतिबद्ध समर्थक थे। मुझे उन्होंने आचार्य नरेंद्रदेव की राष्ट्रीयता और समाजवाद पुस्तक देते हुए राष्ट्रवाद और समाजवाद पर एक पुस्तक लिखने का निर्देश दिया था ताकि नई पीढ़ी राष्ट्रीयता, समाजवाद और रामराज्य जैसी अवधारणाओं से अवगत होकर राजनीति करे । नेताजी के निर्देश पर कार्य कर रहा हूं, जल्द ही पुस्तक का विमोचन होगा । इस अवसर समाजवादी विचार प्रदीपिका का विमोचन किया गया । योगेश पांडे, ब्रजेश मिश्र, हरिशंकर यादव, एम पी यादव, गयासुल हक, इंजीनियर अरविंद,दौलत अली, जावेद समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया किए ।

# नेताजी के दिखाए रास्ते पर चलें समाजवादी

## सभा में आए हुए वक्ताओं ने अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनाने का कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प

जयंती के अवसर पर आयोजित सभा में करीब 200 लोगों को मंच पर बैठने का मौका मिला। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने सिर्फ भाषण दिए हैं। भाषण में सबसे अधिक चर्चा 2024 को लेकर हुई सभी ने अखिलेश यादव को 2024 प्रधानमंत्री बनाने का कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। अधिकांश भाषण देने वाले नेताओं का एक ही बयान था आज यहां नेताजी की जयंती आप लोग श्रद्धांजलि देकर संकल्प ले 2024 के चुनाव में अखिलेश यादव को दिल्ली पहुंचाएं यही असली श्रद्धांजलि होगी।



**अवधनामा ब्यूरो**

**सैफई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बोले कि नेता जी का सैफई सपना था। नेताजी धरती पर चोट खाकर नेताजी बने। जब स्मारक की बात आई, तमाम सुझाव आए। मैंने नेताजी जन्मभूमि पर स्मारक का निर्णय लिया। कई युवा आर्किटेक्ट और इंजीनियर से चर्चा के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के स्मारक बनाए जाने की बात हुई। नेताजी के निर्णय राजनीतिक बदलावा लाए हैं। नेताजी ने जो राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक रास्ता दिखाया उस पर चलें। समाजवादी धारा को और बचने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिये प्रेरणा का स्थान बनेगा और यह एक प्रकाश स्तंभ की तरह काम करेगा। आगे कहा कि मुलायम सिंह यादव राजनीति में भले ही कितनी भी ऊंचाई पर पहुंच गये हों लेकिन वह अपने पुश्तैनी गांव सैफई को कभी नहीं भूले। कई लोगों ने सुझाव दिया कि उनका स्मारक लखनऊ में बनना चाहिये लेकिन बाद में यह तय किया गया कि जिस सैफई की मिट्टी में खेलकर नेताजी बड़े हुए और राजनीति की, वहीं पर उनका देश का सबसे बेहतरीन स्मारक बनेगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की तरह मुलायम सिंह यादव ने भी करोड़ों लोगों का जीवन बदलकर उन्हें मान-सम्मान दिलाया, लिहाजा यादव का स्मारक भी लिंकन के मेमोरियल से प्रेरणा लेकर बनाया जाएगा। नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के बताये हुए रास्ते पर चलकर सपा को नयी बुलंदियों पर पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अखिलेश ने कहा कि नेता जी ने ऐसे-ऐसे फैसले लिये जिन्होंने देश की राजनीति को मोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि यहां जितने भी लोग बैठे हैं उन सबके पास नेताजी की कुछ न कुछ यादें हैं। आज नेताजी हमारे बीच नहीं हैं। नेताजी ने खुशहाली और विकास का जो रास्ता दिखाया, वंचितों को सम्मान दिलाया, हम इस रास्ते पर चलकर इस विचारधारा को और मजबूत करेंगे और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि हमेशा देश या फिर लोकतंत्र पर जब कभी कोई संकट आया तो नेताजी ने सामने खड़े होकर उस संकट से बचाने का काम किया है। समाजवादी लोग भी समाजवादी विचारधारा को और मजबूत बनाने का काम करेंगे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव बोले- महापुरुषों में सबसे बड़े नेता जी

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामजी लाल सुमन राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि महापुरुषों में सबसे बड़े नेता जी थे। नेताजी में मुख्यमंत्री बनाने और गिराने की क्षमता थी। इतियास लिखने वालो को ये लिखना पड़ेगा कि समाजवादी आंदोलन का नेतृत्व मुलायम ने किया। अखिलेश जी से कहा कि अब सड़क पर लालामी दिखनी चाहिए। हमें लोकसभा चुनाव से पहले संघर्ष का ऐलान करना चाहिए। जेल भरो आंदोलन का काम करना चाहिए।

### सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव बोले- नेताजी ने अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि नेताजी हमारे बड़े भाई के साथ-साथ गुरु भी थे। उन्होंने पढ़ाया भी था। पिता जैसा स्नेह मिला। हम सबको सरलता और गरीबों किसानों और गांव को कभी न छोड़ने की सीख दी। उन्होंने कभी निराश न होने की सीख दी। शिवपाल ने आगे कहा कि नेताजी ने अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया। उनके मन में अल्पसंख्यक, गरीब और किसानों के लिए हमेशा पीड़ा रहती थी। हम सब जितने भी लोग बैठे हैं, सभी देश की कुर्सी पर पहुंचना चाहते थे। नेताजी चाहते, तो वहां तक पहुंच भी जाते, लेकिन उनमें त्याग था। जब-जब सत्ता में नेताजी आए तब स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क के लिए काम करे। नेताजी और अखिलेश यादव जी की जब सरकार बनी, तो काम हुए।

### सांसद डिंपल यादव बोलीं- नेताजी एक क्रांति थे

कार्यक्रम को संबांधित करते हुए सांसद डिंपल यादव ने कहा कि नेता जी एक क्रांति थे। ये संकल्प लेना होगा कि हम सबको समाजवाद को आगे बढ़ाना है। महिलाओं को हक, पिछड़ी जातियों को सम्मान, किसानों को समर्थन मूल्य मिले, युवाओं को रोजगार मिले।

### सैफई गांव क प्रधान बोले- मेरे नेताजी की भी मूरत है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैफई गांव क प्रधान रामफल बाल्मिकी ने कहा कि श्री राम- श्री कृष्ण की तरह मेरे नेताजी की भी मूरत है। वह गरीबों के मसीहा था। उन्होंने बाल्मिकी समाज को सम्मान दिया। नेताजी ने अवतार लेकर सैफई को एक धाम बनाया।

### पूर्व मंत्री जयशंकर पांड्य बोले- समाजवादियों का तीर्थस्थल होगा स्मारक

स्व.मुलायम सिंह यादव के समाधि स्थल पर स्मारक के उद्घाटन पर पूर्व मंत्री, अयोध्या जयशंकर पांड्य ने कहा कि नेताजी का स्मारक आने वाले दिनों में समाजवादियों का तीर्थस्थल होगा। ये बद्रीनाथ और केदारनाथ की तरह होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें देश में अघोषित आपातकाल को खत्म करना है। 2024 में इसे खत्म करना है। अगर चूक गए 2024 में, तो सजा भुगतनी होगी।

### विदेश में बने स्मारकः प्रो. रामगोपाल यादव

समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहिम लिंकन के स्मारक से भी अच्छा बनेगा स्मारक। इसमें संघर्ष की कहानी होगी। 12 तुगलक रोड पर बैठा था। भाजपा और आपके कार्यकर्ता में क्या फर्क है। भाजपा का कार्यकर्ता 10 रुपये के 50 का सामन ले आता। खड़े लोगों पर नाराजगी जाहिर की, कहा कि कुर्सियां खाली पड़ी हैं और लोग यहां साइड में खड़े हैं। इससे गलत संदेश जा रहा है। हम पैसे के बल पर भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकते हैं। 1979 के चुनाव में साइकिल से जाकर चुनाव जिताया। अब एक पोलिंग बूथ पर 10-10 कार लेकर जाते थे, ये संस्कृति खत्म करिए। कहा कि हम लोग कार्यकर्ताओं की दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। संख्या की दम पर हम लड़कर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने नेताजी के साथ पुराने कई उदाहरण दिए। और नेता जी को प्रधानमंत्री न बनने का की साजिश के तहत रणनीति की भी चर्चा की है। पुरानी बहुत सारी बातें उन्होंने मंच के माध्यम से लोगों को बताई।

2024 में बूथ लेवल पर वोट बढ़ाकर नेताजी को श्रद्धांजलि देनी होगी।

### मंच पर पहुंचे अखिलेश यादव, 51 लोगों का किया सम्मान

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अखिलेश यादव मंच पर पहुंचे हैं। उन्होंने मंच पर उपस्थित 51 बुजुर्गों का सम्मान किया। इसके बाद राम आसरे कुशवाहा और जय शंकर पांडेय की किताब का विमोचन किया। इसके बाद राजपाल कश्यप ने उनको चित्र भेंट किया है।

### हे नेता जी तुम हो दीनानाथ...

मंच पर सपा कार्यकर्ता गीत प्रस्तुत करके नेता जी और अखिलेश की उपलब्धियां गिना रहे हैं। पूर्व एमएलसी काशीनाथ ने गीत गाया, हे! नेता जी तुम हो दीनानाथ। इससे पहले इटावा के मोहम्मद अफसर समेत कई ने गीत प्रस्तुत किए।

### मुलायम सिंह यादव का अंत्येष्टि स्थल फूलों से सजाया

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के अंत्येष्टि स्थल को फूलों से सजाया है। उसके साथ-साथ मंच को भी फूलों से सजाया गया है, कई जगह नेताजी मुलायम सिंह यादव की जनसभा संबोधित करते हुए भी फोटो लगाई गई है।

कार्यक्रम में 11:50 पर अखिलेश यादव मंच पर पहुंचे, प्रोफेसर रामगोपाल यादव भी मंच पर पहुंचे जिन्होंने उठाकर सभी का अभिवादन किया। 12:10 पर सांसद डिंपल यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव, चाची सरला यादव, राजलक्ष्मी यादव, स्वीटी यादव, अनुभा यादव, एवं अखिलेश यादव के बेटे अर्जुन एवं बेटी टीना पहुंची। जिन्होंने सबसे पहले नेताजी की समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पीत कर श्रद्धांजलि दी। इसके आलावा राजपाल सिंह यादव, अभय राम सिंह यादव, अनुराग यादक, पूर्व सांसद धर्मेंद्र, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव मौजूद रहे।

आगे की लाइन में मंच पर सपा प्रमुख अखिलेश, रामगोपाल शिवपाल, डिंपल, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामजीलाल सुमन, नरेश उत्तम पटेल, राजेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश, सपा के राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर, विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व कैबिनेट मंत्री नारद राय मौजूद रहे। एमएलसी मुकुल यादव, नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रदीप उर्फ बबलू, अजय यादव गुल्लु नगर पालिका अध्यक्ष भरथना, राजवीर यादव राजकीय ठेकेदार नगला तेज, भारत सिंह खदरी, प्रदीप यादव आढ़तिया महोला, नरेंद्र यादव ठेकेदार नगला हरनाथ, शिवराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष मंडी कर्मचारी कल्याण संघ समिति, डॉ पुष्कर यादव सदस्य जिला पंचायत मौजूद रहे।

## सैफई में मुलायम सिंह यादव के स्मारक का हुआ भूमि पूजन

**वहाज अली निहाल/बी पी यादव**

**इटावा, सैफई।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती बुधवार को भव्य तरीके से मनाई गई। नेता जी की जयंती समारोह में शामिल होने के लिए हजारों लोग सैफई पहुंचे थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मौके पर अपने पिता की स्मारक का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव और सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंह यादव समेत परिवार के अनेक सदस्य मुलायम सिंह यादव के समाधि स्थल पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धाजंलि दी। सपा संस्थापक की जयंती के अवसर पर उनके समाधि स्थल को फूलों से सजाया गया और एक बड़ी तस्वीर भी लगाई गई थी। मंत्रोच्चारण के बीच अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव की स्मारक के लिए खुदाई की। चाचा शिवपाल सिंह यादव ने नारियल फोड़ा और हवन पूजन कर शिलान्यास की घोषणा की। बताया जाता है यह स्मारक 8.3 हेक्येटर जमीन पर बनेगा। साढ़े चार एकड़ जमीन में सुविधाओं से लैस पार्क होगा। इस स्मारक को बनाने में 80 करोड़ की लागत आएगी। इस स्मारक की रूपरेखा में लोक कला की झलक और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा। म्यूजियम में जमीन से जुड़े नेताजी की सादगी और संघर्षों की झलक देखने को मिलेगी।

## हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त कन्हैया पुत्र गंगाश्याम निवासी सुदामा पुरी राधा कुंड थाना गोवर्धन को घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

## मुलायम सिंह की जयंती पर मथुरा में भावपूर्ण स्मरण

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** सामाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष श्रीमती रितु गोयल के नेतृत्व में धरतीपुत्र किसानों मजदूरों के मसीहा पिछड़ों के हृदय सम्राट परम श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती की पर डैम्पियर नगर स्थित मथुरा महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव अभिषेक यादव एडवोकेट ने किया कार्यालय उद्घाटन के तत्पश्चात श्रीमती रितु गोयल के नेतृत्व में धरतीपुत्र समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सपा पदाधिकारियों ने जन्म दिवस मनाया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष रितु गोयल ने धरती पुत्र मुलायम सिंह जी को एक आदर्श सर्वहितकारी संघर्ष करने वाला नेता बताकर याद किया साथ ही बताया मेहनत और ईमानदारी की हमेशा विजय होती है एक निजी मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा संख्या 688/ 23 धारा 384 506 आईपीसी 67 आईटी एक्ट में रितु गोयल व उनके पति मनोज गोयल को थाना हाईवे पुलिस ने नाम दर्ज किया था आज जांच उपरांत उन्हें निर्दोष पाया गया पुलिस की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए रितु गोयल ने थाना हाईवे पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## पांच महीने बाद गूंजेगी शहनाई, आज सड़क पर दूल्हा लगाएंगे जाम

**मथुरा।** पांच माह बाद शहनाई गूंजेगी। दूल्हों का इंतजार खत्म हो गया है। पहले ही दिन यानी देवउठान एकादशी पर मथुरा वृंदावन में ही 250 से अधिक शादियां होगी। 23 नवंबर को पांच माह के चातुर्मास की अवधि पूरी हो रही है। इसी के साथ पिछले पांच माह से थमी शहनाइयां गूंजने लगेंगी तथा दूल्हों का घोड़ी पर चढने का इंतजार भी खत्म हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं. अजय कुमार तैलंग के मुताबिक 23 से 30 नवंबर तक यानी आठ दिन में विवाह के छह शुभ मुहूर्त हैं। नवंबर में छह और दिसंबर में सात शुभ मुहूर्त हैं। नवंबर में 23, 24, 25, 27, 28, 29 तारीख के मुहूर्त हैं तो दिसंबर में 5, 6, 7 8, 9, 11, 15 हैं। चातुर्मास के साथ ही शहनाइयों की धूम थम गई थी।

## समिति का किया गया गठन

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया है कि योजनाओं की संतृसीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 नवम्बर, 2023 से 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु भारत सरकार द्वारा आडियो विजुएल ऐड से सुसजित वैन की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। प्रथम चरण में जनपद को 11 वैन प्राप्त हो रही है जिनमें से 01 वैन ब्लाक सण्डीला को प्राप्त हो गयी है। शेष वैन एक दो दिन में जनपद को प्राप्त हो जायेंगी। संज्ञान में आया है कि वैन की एल.ई.डी. में छोटी मोटी समस्या आने से वीडियों प्रसारण में समस्या आ रही है। अतः एल.ई.डी. वैन की कमियों को दूर कराने हेतु समिति का गठन किया जाता है। उन्होंने ब्लाक मल्लावां, माधौगंज, बिलग्राम, साण्डी, बेहन्दर, सण्डीला, भरावन, कोथावा, कछौना व सुरसा के लिए आर.के वर्मा अधि.अभि. रा.ज.प्र.यो., 9792259505, राजेन्द्र कुमार सहा.अभि. रा.ज.प्र.यो., 9838977185, वी.पी. सिंह सहा.अभि. रा.ज.प्र.यो., 8273847310, प्रशान्त कुमार अ.अभि. रा.ज.प्र.यो., 8077360974, अजय पाल सिंह अ.अभि. रा.ज.प्र.यो., 7728831878, अजीत कुमार अ.अभि. रा.ज.प्र.यो., 9454096696 को इस कार्य हेतु नामित किया है। इसी तरह ब्लाक भरखनी, शाहाबाद, टोडरपुर, पिहानी, अहिरोरी, टड़ियावां, बावन, हरियावां तथा हरपालपुर मे विनोद कुमार अधि.अभि. नलकूप, 9454414410, मिलिन्द्र प्रिया सहा. अभि.नलकूप, 8181989481, संजीव सहदेव सहा. अभि.नलकूप, 7055932681, अवनीश कुमार अ.अभि.नलकूप, 8130881650, अमित कुमार अ.अभि. नलकूप, 9125719647 को नामित किया गया है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में आ रही समस्त एल.ई.डी. वैन मे आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर कराते हुए उनके सफल संचालन हेतु उत्तरदायी होगी। एल0ई0डी0 वैन का विवरण उपनिदेशक कृषि, मो0नं0 6393161123 से प्राप्त कर लेगी तथा खण्ड विकास अधिकारीगण से लगातार समन्वयक कर यथोचित कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगे ।

## संक्षिप्त समाचार

### इटावा पुलिस ने मीट शॉप पर चलाया चेकिंग अभियान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** इटावा पुलिस ने शहर के साबितगंज और नौरंगाबाद रोड की विभिन्न मीट शॉप पर फूड इंस्पेक्टर के साथ चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के मय फोर्स के साथ अचानक से किए गए इस औचक निरीक्षण से इलाके के मीट व्यापारियों में हड़कंप मच गया। आज दोपहर में शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान ने अपने हमराही फोर्स एवम फूड इंस्पेक्टर कपिल गुप्ता के साथ जाकर शहर की विभिन्न मीट की दुकानों पर छापे मारी की। जिन दुकानों पर भी खुला मीट बिक्री के लिए रखा था उन्हें कपड़े या चिक द्वारा खुले मीट को ढक कर रखने और डीप फ्रीजर में रखने के सख्त निर्देश दिए गए साथ ही जिन दुकानों पर यह व्यवस्था नही थी उन्हें नोटिस देने की कार्यवाही की गई। वहीं जिन दुकानों पर साफ सफाई नही मिली उन्हें पूरी साफ सफाई और स्वच्छता से ही खाने पीने की वस्तुओं की बिक्री करने के सख्त निर्देश दिए गए। शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि कई दिनों से उच्च अधिकारियों को शहर में खुले में मीट की बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही थी उसी को दृष्टिगत रखते हुए आज यह छापे मारी की कार्यवाही की गई।

### दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता, ट्रायल का आयोजन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय खो- खो प्रतियोगिता, ट्रायल का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फूले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में बुधवार को प्राथमिक स्तर के बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया जिसका भव्य उद्घाटन अर्चना चौधरी ब्लाक व्यायाम शिक्षिका बसरेहर के कर कमलों के द्वारा हुआ। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नही है बशर्ते उन्हें वह सुविधाएं नही मिल पाती है इसीलिए वह प्रतिभायें वहीं दम तोड़ देती है। आज की प्रतियोगिता में मीरखपुर पुठियाँ जसवन्तनगर का दबदबा रहा बालक वर्ग में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में मीरखपुर पुठियाँ टीम विजेता टीम महेवा उपविजेता रही बालिका वर्ग मे मीरखपुर पुठियाँ विजेता बढ़पुरा टीम उपविजेता रही। गौरव पाठक एवं प्रमिला पाठक जिला व्यायाम शिक्षक एवं शिक्षिका ने अंत मे सभी विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका अजय कुमार देवेंद्र लालू हरिओम शाक्य प्रदीप कुमार ने निभाई। प्रतियोगिता में शशिभूषण यादव योगेंद्र चौधरी राजेश जादौन शोएब आलम अजयपाल यादव उमेश चन्द्र यादव वेदप्रकाश अमित कुमार रोहित यादव प्रियंका ज्योत्स्ना आदि ने सहयोग किया।

### डीबीए हाल में पीठासीन अधिकारी को सम्मान देकर दी गई विदाई



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के तत्वाधान में पीठासीन अधिकारी देवेन्द्र सिंह मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद के विदाई समारोह डीबीए हाल में आयोजित किया गया। जिसमे को डीबीए कार्यकारिणी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर व कार्तिक यादव एड.राजीव चौधरी एड.द्वारा शॉल उढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डीबीए अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे ने जज साहब के 2 साल के कार्यकाल के बारे में बताया कि वे बहुत सज्जन और ईमानदार अधिकारी है और न्यायपालिका को ऐसे ही अधिकारियों की जरूरत है। कार्यक्रम में अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे महामंत्री राजेश कुमार यादव कोषाध्यक्ष सतेंद्र यादव अरविंद प्रताप, अनिल कुमार वर्मा, भुवनेश यादव, रीना यादव, विवेक द्विवेदी, प्रदीप कुशवाह, राजू यादव, मेराज अली खान, अनिल कश्यप, वीरप्रकाश, अमित चौरसिया, संजय राजपूत, राजीव चौधरी, कार्तिक यादव, अवनीश यादव, राजेश त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश, प्रशांत, सनी यादव, संयम शुक्ला आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## आतिशबाजी कांड में 11 लोगों की मौत भुलाकर, बीजेपी जश्न में मगनः बसपा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर लाशों के ऊपर जश्न मनाने का आरोप लगाया । जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मृतक आश्रितों को मुआवजा देने और घायलों को सरकारी खर्चे पर उपचार करने की मांग की है। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिले प्रतिनिधि मंडल ने राया में हुए आतिशबाजी कांड मैं अकाल मृत्यु का शिकार होने वाले प्रत्येक व्यक्ति के मृतक आश्रितों को मुआवजा देने की मांग को लेकर बसपा जनपद मथुरा की जिला कार्यकारिणी ने विगत दिवस दीपावली के पर्व पर राया के गोपाल बाग में हुए भीषण अग्निकांड में मृतकों को उचित मुआवजा एवं अन्य समस्याओं को लेकर मथुरा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन देने वालों में बसपा जिला प्रभारी दारा सिंह आज़ाद, हेमेंद्र सिंह , जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह , जिला महासचिव ओमप्रकाश बघेल, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. गुलमोहम्मद शाह , जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश बाबू और योगेंद्र सिंह , मथुरा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राजाराम , गोवर्धन विधानसभा अध्यक्ष बबलू कुम्हेरिया, बलदेव विधानसभा अध्यक्ष चौ. वीरेंद्र परिहार, महासचिव तेजसिंह मेंबर, कार्यालय सचिव मुनेन्द्र सिंह निगम, बलदेव विधानसभा सचिव एडवोकेट प्रेम प्रकाश , बबलू गुर्जर , राजेन्द्र सैनी , मथुरा विधानसभा सचिव डॉ. अमर सिंह, वी वी एफ जिला संयोजक सतेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे ।

## ब्रज रज उत्सव में तीन घंटे रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** ब्रज रज उत्सव में कृष्ण भक्त मीराबाई के 525 वें जन्मोत्सव में शामिल होने आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मथुरा में करीब साढे तीन घंटे रहेंगे। बुधवार को दोपहर बाद प्रधानमंत्री का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया। इसी के साथ प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर स्थिति साफ हो गई। इस बीच प्रधानमंत्री श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन करने के लगाये जा रहे कयासों पर भी विराम लग गया। इस तरह की चर्चाएं जोरों पर थीं कि नरेन्द्र मोदी श्रीकृष्ण जन्मस्थान आने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान को जाने वाले संभावित रास्तों को सजाया संवारा गया था। जिला प्रशासन ने तैयारियों में पूरा दम लगा दिया था। जिला प्रशासन ने इसी को ध्यान में रख कर यातायात को लेकर रूट डायवर्जन भी तय किया था। बुधवार को जारी हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के मिनट टू मिनट कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने का कार्यक्रम नहीं है। गुरुवार को देवोथान एकादशी भी है बडी संख्या में श्रद्धालु दिन और रात भर मथुरा की परिक्रमा करते हैं।

## आतिशबाजी कांड के पीड़ितों को मुआवजा दे सरकारः लोकेश राही

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा सर्व हितकारी सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मीरा महोत्सव मथुरा आगमन से पूर्व दिवस पर मथुरा में राया आतिशबाजी बाजार में हुए अग्निकांड से अब तक 11 लोगों की मृत्यु से आहत एवं प्रशासन के रवैया को देखते हुए मौन विरोध हाथों में पट्टिका लेकर कृष्णा नगर कैंप कार्यालय पर किया गया पटकाओं पर योगी जी के मृतकों के घर न जाने एवं प्रधानमंत्री के द्वारा मृतक परिवारों को सांत्वना देने की मांग एवं सरकार की जश्न में मस्त रहने की प्रवृत्ति और जनता के परेशान रहने का उल्लेख करते हुए विरोध किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार ने जो मृतकों को मुआवजा दिया है वह ऊंट के मुंह में जरा है सरकार जंक्शन में मस्त है मथुरा की जनता फर्स्ट है समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा मथुरा में 30 तारों की व्यवस्था को देखते हुए प्रधानमंत्री को या मुख्यमंत्री जी को जनता के हितों का ध्यान रखते हुए ऐसे कार्यक्रमों से दूरी बनाई रखनी चाहिए जबकि हजारों लोग शादीयो की शुरुआत में प्रभावित होंगे आने-जाने में तमाम परेशानियां होंगी मथुरा की सुप्रसिद्ध एकादशी की परिक्रमा में लाखों लोग आ रहे हैं यह उनकी भक्ति में खलल होगा। उपाध्यक्ष चित्रसेन मौर्य ने कहा कि सरकार गरीब निर्धनों मृतक के प्रति उदासीन है उन्हें कम से कम 20-20 लाख का मुआवजा देना चाहिए। मौन विरोध करने वालों में ठाकुर हरस्वरूप सिंह धनीराम बाबा राज गब्बर भागलपुर साबिर खान चित्रसेन मौर्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एशिया का सबसे बड़ा गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** एशिया का सबसे बड़ा गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र मथुरा में होगा। एशिया के सबसे बड़े और अनूठे दीनदयाल गौ विज्ञान, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली दीनदयाल धाम के समीप दीनदयाल गऊ ग्राम परखम हो रहा है। निर्माण पर करीब 20 करोड़ की अनुमानित लागत आ रही है। 28 नवम्बर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत इसका लोकार्पण कर सकते हैं। यह एक ऐसा अनूठा केंद्र होगा जहां गौवंश नस्ल सुधार, पंचगव्य की गुणवत्ता सुधार पर विश्व स्तरीय शोध कार्य किए जाएंगे। पंचगव्य से मनुष्यों की चिकित्सा, कैंसर जैसे असाध्य रोगों का इलाज वैज्ञानिक पद्धति से किया जायेगा। गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र गाय से संबंधित विभिन्न विषयों पर शोध कार्य करेगा और गव्य उद्यमिता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। यह विश्व पटल पर गौ से मनुष्यों के संवर्धन का उच्चतम मानक स्थापित करेगा। अनुसंधान केंद्र में विभिन्न विश्व स्तरीय लैबों जैसे ट्रांसलेशन रिसर्च सेन्टर, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिकल टेस्टिंग लैब और एनीमल लैब का निर्माण किया जायेगा। इस अनुसंधान केंद्र सहित दो सौ करोड़ की लागत से आगामी दो वर्ष में 15 अन्य प्रशिक्षण केंद्र और प्रकल्प भी निर्मित होंगे। कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## आज से घर-घर खोजें जायेंगे जाएंगे क्षय रोगी

- जनपद में पाँच दिसंबर तक चलेगा एसीएफ अभियान
- 10.17 लाख आबादी को किया जाएगा आच्छादित

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** क्षय(टीबी) रोगियों की पहचान के लिए बृहस्पतिवार यानि 23 नवंबर से पाँच दिसम्बर तक सक्रिय क्षय रोगी खोज(एसीएफ) अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान राष्ट्रीय क्षय(टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम(एनटीईपी) के तहत चलेगा। एसीएफ के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा संभावित क्षय रोगियों की पहचान की जाएगी तत्पश्चात इन संभावित क्षय रोगियों की टीबी की जांच की जाएगी और टीबी की पुष्टि होने पर उनका इलाज शुरू किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ नौमान उल्ला ने बताया कि एसीएफ अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, ईंट भट्टे, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट,फल मंडी, सब्जी मंडी, क्रेशर, खदानों, बाल संरक्षण गृह, लेबर मार्केट, नवोदय विद्यालय आदि में भी चलाया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि कुल आबादी की 20 फीसद आबादी को आच्छादित करते हुए शहरी एवं ग्रामीण बस्ती तथा हाई रिस्क क्षेत्र में यह अभियान चलेगा अर्थात जनपद की कुल आबादी पचास लाख है , इसका 20 फीसद यानि करीब 10 लाख की आबादी में एसीएफ चलेगा। जिसके लिए माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। एसीएफ में 343 टीमें लगाई गयी हैं इन टीमों का सुपरविजन। 72 सुपरवाइजर करेंगे और हर टीम में आशा, आंगनबाड़ीकार्यकर्ता एवं कम्युनिटी वालंटियर रहेंगे। उन्होंने बताया एसीएफ साल 2017 में शुरू हुआ था। यह साल में दो बार चलाया जाता है। इस साल मार्च में यह अभियान चला था जिसमें 149 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई थी तथा इनका टीबी का इलाज शुरू हुआ। वर्तमान में सभी 149 टीबी रोगियों का इलाज पूरा हो चुका है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 10272 टीबी रोगी हैं जिनमें 8904 पल्मोनरी और 1368 एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मरीज हैं। प्रधानमंत्री ने साल 2025 तक देश से क्षय उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इस क्रम में एसीएफ महत्वपूर्ण गतिविधि है जिसके माध्यम से अधिक से अधिक लक्षित आबादी तक पहुंचकर क्षय रोगियों को चिन्हित करने का प्रयास करेंगे जिससे कि उनका टीबी का इलाज शुरू किया जाये।

# कई बीमारियों के लिए रामबाण इलाज है कच्ची हल्दी

कच्ची हल्दी शरीर में सूजन को काफी हद तक कम करने में सहायक होती है। इसके अलावा कच्ची हल्दी गठिया और हृदय रोग के खतरे को भी कम करता है। आज हम आपको कच्ची हल्दी के कई फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



भारतीय किचन में कई तरह के मसाले पाए जाते हैं। इन मसालों का इस्तेमाल ना सिर्फ खाने को स्वादिष्ट और सुगंधित बनाने के लिए बल्कि बल्कि दवा के तौर पर भी किया जाता है। यह मसाले औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। इन्हीं मसालों में एक मसाला हल्दी है। यह खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्ची हल्दी भी तमाम औषधीय गुणों से भरपूर होती है।

बता दें कि कच्ची हल्दी शरीर में सूजन को काफी हद तक कम करने में सहायक होती है। इसके अलावा कच्ची हल्दी गठिया और हृदय रोग के खतरे को भी कम करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कच्ची हल्दी के कई फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

***एंटीऑक्सीडेंट का समृद्ध स्रोत***

कच्ची हल्दी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करने में सहायक होती है। कच्ची हल्दी का सेवन करने से पहले इसके अच्छे से पीस लें। फिर गर्म पानी में मिलाएं और आप चाहें तो इसमें शहद भी डाल सकती हैं। इस ड्रिंक के नियमित सेवन से आपके शरीर से टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकलते हैं। बता दें कि कच्ची हल्दी का यह ड्रिंक डिटॉक्स ड्रिंक के तौर पर काम करता है।

***पाचन में सुधार***

कच्ची हल्दी के सेवन से पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है। इसके अलावा यह अपच और सूजन के लक्षणों को भी कम करने में सहायक होती है। इसके सेवन से आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। साथ ही इसके सेवन से वेट कम होने में भी सहायता मिलती है।

***इम्यून सिस्टम***

बता दें कि कच्ची हल्दी में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले एक गिलास दूध में पिसी हल्दी को मिलाकर पीने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। साथ ही इसके सेवन से कई संक्रमण और अन्य तरह की बीमारियां नहीं होती हैं।

***दर्द में राहत***

कच्ची हल्दी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है, जो दर्द में राहत दिलाने में सहायक होता है। अगर आप भी गठिया और मांसपेशियों में दर्द जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। तो आपके लिए कच्ची हल्दी रामबाण इलाज साबित हो सकती है। इसके लिए आप हल्दी वाले दूध का नियमित तौर पर सेवन करें।

***स्किन के लिए फायदेमंद***

कच्ची हल्दी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। साथ ही यह हमारी स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन की सूजन, मुंहासों आदि को कम करने में सहायक होती है। इसलिए सप्ताह में एक बार हल्दी का लेप अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग बनेगी।

# भूख लगने पर जरूर बनाकर खाएं एवोकाडो की रेसिपीज, टेस्ट के साथ हेल्थ का मिलेगा डबल डोज

फल और सब्जियों में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी सेहत पर अच्छा असर डालते हैं। एवोकाडो रेसिपी बनाने में बड़ी आसान है और अगर आप एवोकाडो की यह रेसिपीज बच्चों को बनाकर खिलाएंगी तो यह उन्हें भी बेहद पसंद आएगी।



अक्सर हम सभी को अपनी डाइट में अधिक से अधिक फल-सब्जियों आदि को शामिल करने की सलाह दी जाती है। जिसके की हमारे शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते रहें। बता दें कि फल और सब्जियों में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी सेहत पर अच्छा असर डालते हैं। लेकिन अक्सर बच्चे हरी सब्जियों व फलों से दूर भागते हैं। वहीं एवोकाडो के फायदे तो हम सभी जानते हैं। ऐसे में अगर आप एवोकाडो की टेस्टी रेसिपी बच्चों को बनाकर खिलाएंगी तो वह आसानी से इसे खाएंगे। बल्कि हल्की भूख होने पर भी इन्हें खाया जा सकता है। एवोकाडो रेसिपी बनाने में बड़ी आसान है और अगर आप एवोकाडो की यह रेसिपीज बच्चों को बनाकर खिलाएंगी तो यह उन्हें भी बेहद पसंद आएगी। आज इस आर्टिकल के जरिए आपको एवोकाडो की कुछ आसान रेसिपीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं।

***एवोकाडो सैंडविच***

एवोकाडो सैंडविच बनाने के लिए क्रोइसैन को बराबर हिस्सों में काट लें और फिर मक्खन फैलाएं। इसके एवोकाडो को मैश कर लें। अब एवोकाडो का गूदा लें और इसमें काली मिर्च, नमक और लाल मिर्च को अच्छे से मिलाएं। फिर एवोकाडो के मिश्रण को दोनों हिस्सों पर फैलाएं और इस पर सब्जियां यानी की पालक के पत्ते और तोरी के स्लाइस रखें। फिर बीच काली मिर्च और नमक के साथ पनीर स्टेक को ग्रिल करें। आखिरी में एक-दूसरे पर परत डाल दें। 5 मिनट तक बेक करने के बाद इस आसान तरीके से एवोकाडो सैंडविच बनकर तैयार हो जाएगा।

***एवोकाडो फ्लैक्ससीड स्मूदी***

एवोकाडो फ्लैक्ससीड स्मूदी बनाने के लिए सबसे पहले एवोकाडो और सेब को अच्छे से धो लें। इसके बाद आधे सेब को छिलका समेत टुकड़ों में काट लें। वहीं एवोकाडो को भी अच्छे से छील लें। फिर दूध, सेब, एवोकाडो और फ्लैक्ससीड्स सभी चीजों को मिलाकर ब्लेंडर में अच्छे से पीस लें। इस तरह से एप्पल एवोकाडो फ्लैक्ससीड स्मूथी तैयार है।

***एग और एवोकाडो सलाद***

एग और एवोकाडो सलाद बनाने के लिए एक बड़े बाउल में एवोकाडो, खीरा, लाल प्याज, टमाटर, अंडे, जैलपीनो, स्प्रिंग अनियन और धनिया को डालें। फिर कांच के जार में नींबू का रस, डिजॉन मस्टर्ड, शहद, लहसुन, नमक, ड्रेसिंग की सामग्री जैतून का तेल और काली मिर्च डालें। इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करने के बाद ड्रेसिंग को सलाद पर डालें और उसे अच्छे से कोट करने के लिए टॉस करें। फिर स्वादानुसार उसमें नमक, काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स कर लें।

***क्रीमी ग्रीन एवोकाडो पास्ता रेसिपी***

आजकल रेस्टोरेंट में ग्रीन सॉस पास्ता भी काफी मिलता है। वहीं अमेरिकन या यूरोपियन देशों के रेस्टोरेंट आदि में बेहद डेलिशियस क्रीमी ग्रीन एवोकाडो पास्ता मिलता है। लेकिन बता दें कि इस डिश को आप आसानी से घर पर भी बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए 1 कप पास्ता उबालकर रख लें। फिर 8-10 पालक के पत्ते, 8-10 कली लहसुन और 2 बड़े अच्छे पके हुए एवोकाडो को अच्छे से पीस लें। अब उबले हुए पास्ता में क्रीमी ग्रीन एवोकाडो सॉस मिलाएं और फिर ऊपर से ग्रेनेट चीज, सॉल्ट, काली मिर्च पाउडर और पास्ता हर्ब या सीजनिंग डाल दें। पास्ता सॉस को बाकी इंग्रीडियेंट के साथ 1-2 मिनट तक पकने दें और आपका टेस्टी एंड हेल्दी क्रीमी ग्रीन एवोकाडो पास्ता तैयार है।

# डायबिटीज के मरीज व्रत में अपनी डाइट का रखें खास याल, लापरवाही से बढ़ सकती है परेशानी

डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान का विशेष ख्याल रखना चाहिए। वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए व्रत-उपवास करना भी आसान काम नहीं होता है। क्योंकि उपवास करने या लंबे समय तक भूखा रहने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान का विशेष ख्याल रखना चाहिए। वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए व्रत-उपवास करना भी आसान काम नहीं होता है। क्योंकि इन लोगों की डाइट में बदलाव होने पर या फिर लंबे समय तक भूखा रहने पर परेशानी बढ़ने लगती है। बता दें कि डायबिटीज के मरीज जब लंबे समय तक बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं, तो उनका शुगर लेवल कम होने लगता है। जिसे हाइपोग्लाइसीमिया भी कहा जाता है। इस स्थिति के पैदा होने पर मरीज के हाथ-पैर कांपने लगते हैं, धड़कन तेज हो जाती है और कमजोरी महसूस होने लगती है। हालांकि ऐसा तब होता है, जब डायबिटीज के मरीज इंसुलिन नहीं लेते हैं और अधिक मीठा व तला-भुना खाते हैं। ऐसे में अगर आप भी डाटबिटीज के मरीज हैं और व्रत-उपवास करना चाहते हैं। तो ऐसे लोगों को इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।



डायबिटीज के मरीज व्रत में ध्यान रखें ये बातें डायबिटीज के मरीजों को व्रत रखने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए कि वह व्रत कर सकते हैं और किस तरह से आप फास्ट रख सकते हैं।


इसके अलावा व्रत में बाजार में मिलने वाले फलाहार जैसे नमकीन, चिप्स और अन्य चीजों के सेवन से बचना चाहिए। क्योंकि इन सामानों में नमक व शुगर की मात्रा ज्यादा हो सकती है। अगर आपको डायबिटीज के साथ ही ब्लड प्रेशर की बीमारी भी है, तो व्रत में बिना नमक के सेवन के नहीं रहना चाहिए।

व्रत के दौरान अधिक से अधिक फलों का सेवन करें। इसके अलावा ड्राईफ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, मखाने आदि को रोस्ट कर इनका सेवन करें।

शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए दिन भर पानी या अन्य पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का सेवन करते रहें।

डायबिटीज के मरीज उपवास वाले दिन समय-समय पर अपना शुगर लेवल चेक करते रहें। शुगर कम या ज्यादा होने की स्थिति में इसको बैलेंस करने का प्रयास करें।

# पुराने पायदान को इन तरीकों से भी किया जा सकता है इस्तेमाल



जिन लोगों के घर में पालतू जानवर हैं, उन्हें क्लीनिंग के लिए अपना अतिरिक्त समय खर्च करना पड़ता है। दरअसल, उनका पालतू फीडिंग के दौरान फर्श को भी काफी गंदा करता है, जिसे बाद में साफ करना मुश्किल भरा होता है।

पायदान एक ऐसी चीज है, जिसे हम सभी घर में इस्तेमाल करते ही है। मेन डोर से लेकर बाथरूम के दरवाजे के बाहर पायदान जरूर रखे जाते हैं। हम सभी इन्हें लंबे समय तक काम में लाते हैं। लेकिन एक वक्त ऐसा भी आता है, जब हम इन्हें बदलने के बारे में सोचते हैं या फिर अगर हमें इनका डिजाइन अच्छा नहीं लगता है तो हम इन्हें चेंज कर देते हैं। इस सिचुएशन में अक्सर पुराने पायदान को बिना सोचे-समझे बाहर फेंक दिया जाता है। जबकि वास्तव में ये पायदान आपके बेहद काम आ सकते हैं। अगर आप चाहें तो इन पायदान को कई अमेजिंग तरीकों से रियूज कर सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं।

***बनाएं प्लांट पॉट होल्डर***

अगर आपको गार्डनिंग का शौक है, लेकिन आप अपने घर को गंदा होने से भी बचाना चाहते हैं तो ऐसे में आप पुराने पायदान की मदद लें। इसे आप बतौर प्लांट पॉट होल्डर काम में लाएं। आपको बस इतना करना है कि आप अपने पायदान को बिछा लें और उस पर प्लांट रखें। यह चारों ओर फैलने वाली मिट्टी व गंदगी को रोकने में मदद करेगा।

***अपने पालतू के लिए बनाएं फीडिंग स्टेशन***

जिन लोगों के घर में पालतू जानवर हैं, उन्हें क्लीनिंग के लिए अपना अतिरिक्त समय खर्च करना पड़ता है। दरअसल, उनका पालतू फीडिंग के दौरान फर्श को भी काफी गंदा करता है, जिसे बाद में साफ करना मुश्किल भरा होता है। लेकिन अगर आप चाहें तो पुराने पायदान को बतौर फीडिंग स्टेशन काम में ला सकते हैं। आप अपने पालतू के खाने का बाउल व पानी का कटोरा उस पायदान पर रखें। इससे बाद में आपके लिए उसे साफ करना अपेक्षाकृत आसान होगा।

***तैयार करें होममेड कोस्टर***

एक पायदान की मदद से कई होममेड कोस्टर तैयार किए जा सकते हैं। इसके लिए आप पायदान को छोटे कोस्टर के साइज में काटें। पायदान का ड्यूरेबल मैटीरियल कोस्टर की शेल्फ लाइफ को कई गुना बढ़ाता है। आप लंबे समय तक बिना परेशानी के इसे इस्तेमाल कर सकते हैं।

***कार मैट की तरह करें इस्तेमाल***

अगर आप पायदान को अब अपने घर में इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं तो उसे बतौर कार मैट इस्तेमाल करने पर विचार करें। इसके लिए आप अपने कार के साइज को ध्यान में रखते हुए उसके अनुसार डोरमैट को काटें। अब आप इसे कार में बिछाएं। बरसात के दिनों में कार को गंदा होने से बचाने में यह तरीका काफी काम आ सकता है।

# एसिडिटी से छुटकारा दिलाने में बेहद कारगर हैं ये ड्रिंक्स, चुटकियों में दूर होगी यह समस्या

अगर इस फेस्टिव सीजन आप भी एसिडिटी की समस्या से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। क्योंकि त्योहारों में तला-भुना वा मसालेदार खाने से एसिडिटी हो जाती है। इससे बचने के लिए नीचे बताए गए ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।



इस फेस्टिव सीजन में लोगों के घरों में तरह तरह के तले भुने व्यंजन बनते हैं। जिसको खाने से ना सिर्फ बदहजमी बल्कि पेट में गैस बनने की परेशानी भी शुरू हो जाती है। पेट दर्द होने के कारण त्योहार का सारा मजा किरकिरा हो जाता है।

ऐसे में अगर इस फेस्टिव सीजन आप भी एसिडिटी की समस्या से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। तैलीय और मसालेदार खाना, नींद की कमी और असमय भोजन आदि के कारण भी गैस व पेट में जलन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आप इन ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।

***जीरा पानी***

आपको बता दें जीरा में फाइबर की मात्रा पायी जाती है। जो आपके पाचन को दुरुस्त रखने में सहायक होती है। जीरा पानी के सेवन से आप एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं। जीरा पानी बनाने के लिए एक पैन में पानी और जीरा डालकर इसको उबाल लें। इसके बाद इसे छान लें और हल्का गुनगुना रहने पर इसको पी लें।

***नींबू और शहद का ड्रिंक***

नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।

***सौंफ का पानी***

पाचन तंत्र के लिए सौंफ बेहद फायदेमंद मानी जाती है। वहीं सौंफ का पानी पीने से गैस और पेट में जलन की समस्या दूर हो सकती है। सौंफ का पानी पीने के लिए सबसे पहले पानी में सौंफ को उबाल लें। फिर गुनगुने पानी का सेवन कर लें। इसके अलावा रात भर के लिए सौंफ को पानी में भिगोकर भी रख सकते हैं और अगले दिन सुबह उस पानी को पी लें।

***हींग का पानी***

हींग खाने का स्वाद और सुगंध बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। हींग का पानी गैस की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है। इसके लिए एक गिलास गुनगुना पानी में आधा चम्मच हींग पाउडर मिलाएं। इस ड्रिंक का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं।

***अदरक का पानी***

बता दें कि अदरक में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इन टुकड़ों को पानी में उबाल लें। जब यह गुनगुना हो तो इस पानी का सेवन करें। इससे पेट की जलन और गैस से राहत मिलेगी।

# घर की इन पुरानी चीजों से बनाएं स्टाइलिश की-चेन

पुरानी सीडी या डीवीडी की मदद से भी की-चेन बनाई जा सकती है। इसके लिए आप सीडी लें और कैंची या क्राफ्ट पंच का उपयोग करके उन्हें छोटे और मनपसंद शेप में काटें। अब इन शेप को पेंट, मार्कर या चिपकने वाले कागज से सजाएं।



की-चेन का इस्तेमाल तो हम सभी करते हैं। कभी चाबी के छल्ले में तो कभी बैग्स में हम की-चेन लगाते हैं। यह देखने में भी काफी अच्छे लगते हैं। यूं तो मार्केट में कई तरह के स्टाइलिश व डिजाइन की-चेन मिलते हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो इन्हें खुद घर पर भी बना सकते हैं। खासतौर से, अगर आपके पास कुछ पुरानी आइटम्स हैं और आप उन्हें फेंकने के बारे में सोच रहे हैं तो बेहतर होगा कि आप इन आइटम्स को फेंकने की जगह इनसे स्टाइलिश की-चेन तैयार करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ पुरानी आइटम्स की मदद से की-चेन बनाने के तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

***प्लास्टिक बोतल कैप से बनाएं की-चेन***

अगर आपके पास घर में प्लास्टिक बोतल की कैप हैं तो आप उनकी मदद से की-चेन आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप बोतल कैप को अपनी पसंदीदा कलर से सजाएं। अब कैप में छेद करें। इस छेद में एक कीरिंग या स्ट्रिंग का एक टुकड़ा पिरोएं। आपकी खूबसूरत की-चेन बनकर तैयार है।

***पुरानी सीडी से बनाएं की-चेन***

पुरानी सीडी या डीवीडी की मदद से भी की-चेन बनाई जा सकती है। इसके लिए आप सीडी लें और कैंची या क्राफ्ट पंच का उपयोग करके उन्हें छोटे और मनपसंद शेप में काटें। अब इन शेप को पेंट, मार्कर या चिपकने वाले कागज से सजाएं। अब आप इन शेप्स के टॉप पर एक छेद करें और एक कीरिंग अटैच करें।

***फैब्रिक स्क्रैप्स की मदद से बनाएं की चेन***

फैब्रिक स्क्रैप्स को अक्सर हम यूं ही बेकार समझकर फेंक देते हैं। जबकि इसकी मदद से भी एक खूबसूरत व कलरफुल की चेन बनाई जा सकती हैं। इसके लिए आप कलरफुल कपड़े के टुकड़ों को इकट्ठा करें। अब इन कपड़े को छोटे चौकोर या मनचाहे आकार में काटें। अब आप एक स्टाइलिश की-चेन बनाने कपड़े के टुकड़ों की लेयर को एक साथ सिलें। अब आप इस तैयार फैब्रिक के टॉप पर कीरिंग को अटैच करें।


# रातभर बिस्तर पर बदलते रहते हैं करवट, तो जरूर करें इन ड्रिंक्स का सेवन

अच्छी सेहत के लिए नींद काफी ज्यादा जरूरी होती है। इसलिए अगर आप भी स्वस्थ रहना चाहते हैं तो रोजाना पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें। ऐसे में अगर आप भी रात भर बिस्तर पर करवटें बदलते रहते हैं, तो हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आपको अच्छी नींद आएगी।

अच्छी सेहत के लिए नींद काफी ज्यादा जरूरी होती है। इसलिए अगर आप भी स्वस्थ रहना चाहते हैं तो रोजाना पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें। क्योंकि नींद ना लेने पर आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, स्वस्थ रहने के लिए रोजाना 7 घंटे की नींद पर्याप्त मानी जाती है। लेकिन कई लोगों को रात में गहरी और अच्छी नींद नहीं आती है। जिसका असर ना सिर्फ उनकी सेहत बल्कि काम पर भी देखने को मिलता है। ऐसे में अगर आप भी रात भर बिस्तर पर करवटें बदलते रहते हैं, तो हम आपको कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आपको अच्छी नींद आएगी।

***कैमोमाइल टी***

रात में बेहतर नींद के लिए आप कैमोमाइल टी का ड्रिंक के तौर पर सेवन कर सकते हैं। कैमोमाइल टी सूजन को कम करने के साथ स्किन के लिए भी फायदेमंद साबित होता है। नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कैमोमाइल चाय जानी जाती है। क्योंकि नींद की कमी होने पर इसका असर आपकी सेहत पर पड़ता है। इसलिए अगर आपको भी नींद नहीं आती है तो इसके लिए आपको रात में सोने से पहले ये ड्रिंक पी सकते हैं।



***पुदीने की चाय***

हांलाकि हेल्थ एक्सपर्ट्स रात को चाय पीने के लिए मना करते हैं। क्योंकि इसमें कैफीन की मात्रा पायी जाती है। लेकिन पुदीने की चाय कैफीन और कैलोरी फ्री होती है। साथ ही इसमें मौजूद मेन्थॉल मानसिक और शारीरिक तनाव को कम करता है। इसके सेवन से मांसपेशियों को आराम मिलता है। वहीं पुदीने की चाय में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। एंटी बैक्टीरियल गुण पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

***लेमन बाम टी***

लेमन बाम टी का उपयोग कुछ लोग नींद लाने के लिए करते हैं। पुदीने की तरह दिखने वाला यह पौधा नींद लाने में काफी ज्यादा प्रभावी माना जाता है। अगर आप इस चाय को सोने से कुछ समय पहले पीते हैं, तो आपको बेहतर नींद आती है। इसके सेवन से आपका स्लीप पैटर्न भी अच्छा हो सकता है।

***लैवेंडर टी***

नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में लैवेंडर टी काफी ज्यादा लाभकारी होती है। इस चाय के सेवन से थकान से राहत मिल सकती है। इसको पीने से नींद में सुधार हो सकता है।

***लो कैफीन ग्रीन टी***

ग्रीन टी में कैफीन पाया जाता है। लेकिन इसमें कुछ पदार्थ ऐसे भी पाए जाते हैं, जो लोगों को सोने में मदद करती है। क्योंकि यह दिमाग में ब्रक्क सिस्टम पर काम करते हैं। लेकिन कम कैफीन वाली ग्रीन टी के सेवन करने से नींद में सुधार हो सकता है।

***हर्बल चाय पियें***

पर्याप्त नींद के लिए हर्बल चाय जैसे कैमोमाइल या वेलेरियन रूट आदि चाय पीने से आपको अच्छी नींद आएगी। साथ ही इससे आपको आराम भी मिलेगा।

***तुलसी की चाय***

अगर आप भी रात भर बिस्तर पर करवट बदलते रहते हैं तो अच्छी नींद के लिए आप तुलसी की चाय का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि तुलसी में एंटी-स्ट्रेस गुण मौजूद होते हैं और यह आपके दिमाग को भी आराम देते हैं।

# जलवायु परिवर्तन की मार, पिछले तीन साल में ओजोन की परत में सुराख का आकार बढ़ा, नई रिसर्च में दावा

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के कारण ओजोन परत के सुराख का आकार लगातार बढ़ रहा है। नए शोध में पिछले तीन वर्षों के दौरान अंटार्कटिक ओजोन छिद्र बढ़ने की बात सामने आई है। खबर के अनुसार, शोध में पाया गया है कि सार्वजनिक धारणा के विपरीत ओजोन परत में छिद्र पिछले तीन साल में सबसे बड़ा रहा है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक शोधकर्ताओं ने कहा, पिछले चार साल में अंटार्कटिक के ऊपर ओजोन छिद्र उल्लेखनीय रूप से बड़ा हो गया है।

इस अध्ययन के मुताबिक ओजोन लेयर में छिद्र लंबे समय तक बना रहा है। हालांकि वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए केवल क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) ही जिम्मेदार नहीं हैं। बता दें कि सीएफसी कार्बन, हाइड्रोजन, क्लोरीन और फ्लोरीन युक्त

**अध्ययन**

**अध्ययन के मुताबिक ओजोन लेयर में छिद्र लंबे समय तक बना रहा है।**

ग्रीनहाउस गैसों को कहा जाता है। माना जाता है कि ओजोन लेयर में सुराख का आकार लगातार बढ़ रहा है। पृथ्वी के वायुमंडल में ओजोन परत लोगों को त्वचा रोग से बचाने में मदद करती है। सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) विकिरण को रोकने में ओजोन लेयर काफी अहम भूमिका निभाते हैं।

अध्ययन की मुख्य लेखिका हन्ना केसेनिच हैं। हन्ना न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय में पीएचडी उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि अंटार्कटिक ओजोन परत का अध्ययन करने के दौरान रिसर्च टीम को 19 साल पहले की तुलना में





छिद्र के केंद्र में बहुत कम ओजोन मिला। हन्ना केसेनिच ने कहा, शोध के दौरान पाए गए तथ्यों का मतलब है कि ओजोन लेयर में सुराख क्षेत्रफल में बड़ा है। साथ ही अधिकांश वसंत ऋतुओं के दौरान छिद्र अधिक बड़ा और गहरा भी है। रिसर्च टीम ने 2004 से 2022 की अवधि में मासिक और दैनिक ओजोन परिवर्तन का विश्लेषण किया। अंटार्कटिक ओजोन छिद्र के भीतर अलग-अलग ऊंचाई और अक्षांशों पर अध्ययन किया गया।

रिसर्च कर रहीं केसेनिच ने कहा, शोध के दौरान हमने ओजोन की परत कमजोर होने और अंटार्कटिका के ऊपर ध्रुवीय भंवर में आने वाली हवा में बदलाव के बीच संबंध का अध्ययन किया गया। इससे पता चलता है कि हाल के वर्षों में बड़े ओजोन छिद्र का कारण सिर्फ सीएफसी नहीं हो सकते।

शोधकर्ताओं का मानना है कि ओजोन लेयर में छिद्र के कारण बेहद जटिल हैं। ओजोन परत को नष्ट करने वाले पदार्थों का इस्तेमाल बंद करने के लिए 1987 का मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल अपनाया गया। इसके तहत ओजोन को नष्ट करने वाले मानव निर्मित रसायनों के उत्पादन और खपत को नियंत्रित करने का आह्वान किया गया है।

पर्यावरण के साथ खिलवाड़ और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे की अनदेखी को रिसर्च टीम चिंताजनक मानती है। शोध कर रहे लोग इस बात पर चिंता जता रहे हैं कि जनता के बीच यह धारणा है कि ओजोन मुद्दा हल हो चुका है। पिछले कुछ वर्षों में ओजोन परत के बारे में कुछ प्रमुख संचार का जिक्र करते हुए, केसेनिच ने कहा, हमारा विश्लेषण 2022 के डेटा के साथ समाप्त हुआ। हालांकि, 2023 ओजोन छिद्र पहले ही तीन साल पहले के सुराख के आकार को पार कर चुका है। पिछले महीने के अंत में सुराख का आकार 26 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक था, जो अंटार्कटिका के क्षेत्रफल से लगभग दोगुना है।

# अधिकारियों की लोकेशन ट्रैक करने की कोशिश की, एनसीपी नेता अनिल देशमुख के सहयोगी पर सीबीआई का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख की परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल, सीबीआई ने एक आरोप पत्र दायर किया है, जिसमें आरोप लगया है कि देशमुख के एक करीबी सहयोगी ने कथित तौर पर रिश्वत के मामले की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारियों की लोकेशन को ट्रैक करने की कोशिश की। गौरतलब है, जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि देशमुख के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से निर्देशित जांच को पलटने के लिए 29 अगस्त, 2021 को यह रिपोर्ट मीडिया में लीक की गई थी। मीडिया में लीक हुई सीबीआई की रिपोर्ट में कथित तौर पर उल्लेख किया गया था कि अनिल देशमुख द्वारा कोई संज्ञेय अपराध नहीं किया गया है। एजेंसी ने अपने उप-निरीक्षक अभिषेक तिवारी और देशमुख के वकील डागा को लीक के संबंध में गिरफ्तार किया था और उन पर 2021 में आरोप लगाए गए थे। इस साल अगस्त में दायर अपने पूरक आरोपपत्र में सीबीआई



ने आरोप लगाया है कि डागा ने अनिल देशमुख के खिलाफ रिश्वत मामले की जांच कर रहे सीबीआई के जांच अधिकारी और पर्यवेक्षी अधिकारियों के मोबाइल नंबर सात जून, 2021 को उनके दूर के रिश्तेदार विक्रांत देशमुख के साथ साझा किए थे। सीबीआई के अनुसार, विक्रांत देशमुख ने एक शिक्षा ट्रस्ट की आड़ में पूर्व मंत्री के वित्तीय खातों का प्रबंधन किया। सीबीआई ने आरोप लगाया कि विक्रांत देशमुख दस्तावेजों को लीक करने की साजिश का हिस्सा थे। एजेंसी ने कहा कि आठ जून, 2021 में डागा ने विक्रांत देशमुख को सीबीआई अधिकारियों के ठिकाने खोजने का काम सौंपा और वह ऐसा करने के लिए राजी हो गए। पूरक आरोपपत्र में बताया गया है कि विक्रांत देशमुख डागा के साथ मिलकर अवैध रूप से गोपनीय दस्तावेज हासिल करके सीबीआई जांच को प्रभावित करना चाहते थे। इसके साथ-साथ जांच और निगरानी अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखने की कोशिश करने की साजिश का भी हिस्सा थे। विक्रांत देशमुख के वकीलों ने विशेष अदालत को बताया कि आरोपपत्र में बताए गए कथित अपराध से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्हें गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। लीक हुई रिपोर्ट बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश पर महाराष्ट्र के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ छह अप्रैल, 2021 को सीबीआई द्वारा दर्ज प्रारंभिक जांच (पीई) से संबंधित है। अदालत का आदेश मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने के बाद आया है।

# भारतीय जल सीमा में 15 किमी अंदर घुसी पाकिस्तानी मछुआरों की नाव; ICG ने दबोचा, ओखा बंदरगाह पर पूछताछ




**गांधीनगर।** भारतीय तटरक्षक दल के गश्ती जहाज- अरिंजय की मदद से पाकिस्तानी नाव को पकड़ा गया है। कार्रवाई अरब सागर में गश्त के दौरान हुई जब पाकिस्तानी जलसीमा पार करने के बाद नाव भारतीय जल क्षेत्र में लगभग 15 किमी अंदर आ गई। गुजरात से सटे समुद्र में पाकिस्तान की नाव पकड़ी गई है। भारतीय तटरक्षकों का नाव (आईसीजीएस) अरिंजय ने 21 नवंबर, 2023 को अरब सागर में गश्त के दौरान बड़ी सफलता मिली। तटरक्षकों ने पाकिस्तान की मछली पकड़ने वाली नाव को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास देखा। नाव पर सवार पाकिस्तानी नागरिक भारतीय जल क्षेत्र में लगभग 15 किमी अंदर आकर मछली पकड़ रहे थे।

भारतीय जल सीमा से भाग रही नाव को पकड़ने में सफलता

तटरक्षकों की कार्रवाई के बारे में गुजरात के रक्षा प्रवक्ता (पीआरओ) ने बताया कि भारतीय सीमा में पाकिस्तान की नाव देखने पर तटरक्षक दल ने उन्हें चुनौती दी। आवाज सुनकर नाव पाकिस्तान की तरफ भागने लगी। हालांकि, भारतीय तटरक्षक पाकिस्तानी मछुआरों की नाव को रोकने में कामयाब रहे।

पाकिस्तानी नाव कराची से रवाना हुई थी

पीआरओ ने बताया कि पाकिस्तानी नाव को भारतीय जल सीमा में रोकने के बाद नाव पर सवार लोगों को भारतीय पोत-अरिंजय पर लाया गया। भारत की नाव पर लाने के बाद पाकिस्तानी नाव की पहचान पीएफबी नाज़-रे-करम (पंजीकृत संख्या 15653-बी) के रूप में हुई। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि बीते 19 नवंबर, 2023 को चालक दल के 13 सदस्यों के साथ कराची से रवाना हुआ था।

ओखा बंदरबाह पर होगी पूछताछ

भारतीय क्षेत्र में नाव सवार होकर मछली पकड़ने पर पाकिस्तानी नाव के चालक दल समुचित सफाई नहीं दे सके। पाकिस्तानी नाव सवार भारतीय सीमा में प्रवेश को लेकर उचित कारण नहीं बता सके। सुरक्षा कारण और संवेदनशील मामले को देखते हुए पाकिस्तानी नाव को संबंधित एजेंसियों की गहन जांच और संयुक्त पूछताछ के लिए ओखा बंदरगाह लाया जा रहा है।

# भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए फिर शुरू की ई-वीजा सेवा, निज्जर मामले में विवाद के बाद 61 दिन से थी बंद

**सुनवाई**

**भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए एक बार फिर ई-वीजा सेवा शुरू कर दी है।**

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के बयान के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था। इसके बाद 21 सितंबर को भारत की वीजा जारी करने वाली एजेंसी ने परिचालन कारणों से वीजा जारी करना बंद कर दिया था।

भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए एक बार फिर ई-वीजा सेवा शुरू कर दी है। गौरतलब है कि 21 सितंबर को कनाडा में भारत के लिए वीजा सेवाएं मुहैया कराने वाली एजेंसी ने परिचालन कारणों से कुछ समय के लिए इस सुविधा को निलंबित कर दिया था। बीएलएस इंटरनेशनल की ओर से जारी आदेश




में कहा गया था कि ऑपरेशन कारणों से तत्काल प्रभाव से कनाडा में भारतीय वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।

हालांकि, इसके बाद 26 अक्तूबर से भारत ने कुछ विशेष श्रेणियों में वीजा सेवाएं फिर से शुरू करने की बात कही थी। इनमें प्रवेश वीजा, बिजनेस वीजा, मेडिकल वीजा और कॉन्फ्रेंस वीजा शामिल थे। हालांकि, अब कनाडाई नागरिकों के लिए हर तरह के ई-वीजा आवेदनों की छूट दे दी गई है।

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के बयान के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था। रिश्ते अब भी नाजुक मोड़ पर हैं। पहले कनाडा की तरफ से भारत जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की गई।

इसके बाद भारत ने खालिस्तान समर्थकों के खतरे के मद्देनजर भारतीय नागरिकों के लिए भी एडवाइजरी जारी की थी।

# मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में बीएसएफ और सुरक्षाबलों ने चलाया संयुक्त तलाशी अभियान

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान हथियार बरामद किए गए। तलाशी अभियान में सुरक्षाबलों के वरिष्ठ अधिकारी और जवान शामिल थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 6 बजे से आठ बजे के बीच बीएसएफ, 5 सिख रेजिमेंट और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के लोनफाई गांव के पास लान्चिंग कोम्बी गांव के सामान्य क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं। इस दौरान दो 9 मिमी के कार्बोइन मशीन गन और दो मैगजीन बरामद हुईं। बरामद सामान को मणिपुर पुलिस (चुरचांदपुर पुलिस स्टेशन) ने अपने कब्जे में ले लिया।

# गाजा में शांति लाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सायरिल रामाफोसा ने कहा कि गाजा पट्टी में स्थायी शांति लाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों से इस्राइल और हमास के बीच हो रहे युद्ध में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति लाने के लिए अपने प्रयासों को एकजुट करने का आह्वान किया है। रामाफोसा मंगलवार को मध्य पूर्व के हालातों पर ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के नेताओं और आमंत्रित ब्रिक्स सदस्यों के नेताओं की एक वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फलस्तीन में संयुक्त राष्ट्र रैपिड डिप्लॉयमेंट फोर्स की तैनाती का भी प्रस्ताव रखा, जिसका मकसद दुश्मनों पर निगरानी रखना और नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ फलस्तीनियों और इस्राइलियों के नेतृत्व और स्वामित्व वाली व्यापक बातचीत और संयुक्त राष्ट्र द्वारा सुविधा प्रदान करना था।

# केंद्र में पुरानी पेंशन की फाइलों ने पकड़ी रफ्तार!

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए रैलियां हो रही हैं। कर्मचारी संगठनों द्वारा सरकार को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। पेंशन बहाली की मांग को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल के लिए रेलवे और रक्षा विभाग में वोटिंग के जरिए कर्मियों की राय ली जा रही है। दूसरी तरफ, विभिन्न सरकारी विभागों में कुछ कर्मियों और अधिकारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था में शामिल करने के लिए फाइलों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के पास अब महज आठ दिन बचे हैं। उक्त अवधि में ही उन्हें सभी औपचारिकताएं पूरी कर उन कर्मियों-अधिकारियों की सूची जारी करनी होगी, जिन्हें एनपीएस से ओपीएस में शामिल किया गया है।

भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले %पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा इस बाबत कार्यालय ज्ञापन भी जारी किया जा चुका है। सूत्रों का कहना है कि सभी कार्यालय प्रमुखों को मौखिक तौर से बताया जा रहा है कि तय नियमों के अनुसार, जो भी कर्मचारी/अधिकारी, पुरानी पेंशन के




लाभ के हकदार हैं, उनकी फाइल पूरी कर 30 नवंबर से पहले अंतिम आदेश जारी कर दिया जाए। कुछ विभागों ने इस संबंध में डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन के अलावा, अलग से भी पत्राचार किया है। भारतीय रेलवे, जिसमें 11 लाख से अधिक कर्मचारी हैं, वहां पर 10 नवंबर को रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जीएम, प्रमुख वित्तीय सलाहकार, जोनल रेलवे और प्रोडेक्शन यूनिटों को उक्त आदेशों से अवगत कराया गया है। रेलवे बोर्ड ने %पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग% द्वारा सात नवंबर को जारी कार्यालय ज्ञापन का हवाला दिया है। इसमें कहा गया है कि एनपीएस से ओपीएस में शामिल होने के विकल्प का इस्तेमाल करने वाले केंद्रीय कर्मियों के लिए प्राधिकृत अथॉरिटी द्वारा 30 नवंबर तक फाइनल आदेश जारी करना होगा। पहले इस संबंध में आवश्यक आदेश 31 अक्तूबर, 2023 तक जारी किया जाना था।

केंद्र सरकार ने अपने सेवारत कर्मचारियों और अधिकारियों के अलावा रिटायर्ड कर्मियों को भी एनपीएस छोड़कर पुरानी पेंशन स्कीम में शामिल होने का अवसर दिया है। पहले यह विकल्प मार्च में केंद्रीय कर्मियों को प्रदान किया गया था। उसके बाद जुलाई में अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) के चुनींदा अफसरों को भी यह विकल्प दे दिया गया। उसके बाद रिटायर्ड कर्मियों की तरफ से यह पूछा गया कि क्या वे भी इस विकल्प का फायदा उठा सकते हैं, तो केंद्र सरकार ने उन्हें भी एनपीएस से ओपीएस में जाने का विकल्प प्रदान कर दिया।

इनके लिए अलग-अलग कट ऑफ डेट रखी गई थी। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले %पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा सात नवंबर को जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि इस विकल्प का इस्तेमाल करने वाले केंद्रीय कर्मियों के लिए प्राधिकृत अथॉरिटी द्वारा अब 30 नवंबर तक फाइनल आदेश जारी कर सकती है। पहले इस संबंध में आवश्यक आदेश 31 अक्तूबर, 2023 तक जारी किया जाना था।

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के पास संबंधित अथॉरिटी या नियुक्ति अथॉरिटी द्वारा इस संबंध में तय अंतिम तिथि को बढ़ाने का आग्रह किया गया था।

# विदेश मंत्री बिजनेस कॉन्क्लेव में बोले, नॉर्डिक बाल्टिक के आठ देशों से बढ़ रहा भारत का जुड़ाव

**नई दिल्ली।** दूसरे सीआईआई इंडिया नॉर्डिक बाल्टिक बिजनेस कॉन्क्लेव में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, नॉर्डिक-बाल्टिक आठ (एनबी8) देशों के साथ हमारा जुड़ाव पिछले कुछ वर्षों में स्पष्ट रूप से बढ़ा है। हमने दिसंबर, 2021 में टालिन में अपना दूतावास खोला है।

विदेश मंत्री ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने इसी साल मार्च में पूर्वी यूरोपीय देश लिथुआनिया की राजधानी विनियस में भी दूतावास की शुरुआत की है। डॉ जयशंकर ने कहा, बहुत जल्द लातविया में एक निवासी भारतीय दूतावास खोला जाएगा। विदेश से भारत आने में भी दिलचस्पी बढ़ने का संकेत देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, फिनलैंड ने मुंबई में एक वाणिज्य दूतावास की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड के अलावा उत्तरी यूरोपीय देश- डेनमार्क जाने के लिए भी




भारत से सीधी विमान सेवा शुरू हो चुकी है। यह दिखाता है कि भारत का नॉर्डिक बाल्टिक देशों के बीच संपर्क और गतिशीलता है। विदेश मंत्री ने कहा कि घनिष्ठ व्यवसायिक सहयोग के लिए भी ह्क्क8 देशों के साथ रूपरेखा पर मंथन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तरी यूरोपीय देश फिनलैंड के साथ भारत ने स्थिरता साझेदारी, डिजिटलीकरण और शिक्षा संवाद स्थापित किया है। डेनमार्क के साथ भारत की हरित रणनीतिक साझेदारी है। इसके अलावा दोनों देश मिलकर जल समाधान, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और कृषि में सहयोग को मजबूत और सुविधाजनक बना रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत उत्तरी अटलांटिक द्वीप समूह- फरो आइलैंड्स और उत्तरी अमेरिकी क्षेत्र- ग्रीनलैंड के साथ मजबूत सहयोग की आशा रखता है।

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा, स्वीडन के साथ, उद्योग परिवर्तन पहल के लिए भारत के नेतृत्व में 18 देश और 19 प्रमुख वैश्विक कंपनियां शामिल हुई हैं। पिछले कुछ समय में इसका फल भी मिला है। उन्होंने बताया कि 260 से अधिक स्वीडिश कंपनियां भारत में नवाचार, निर्माण, रक्षा और स्वच्छ प्रौद्योगिकी में काम कर रही हैं।

डॉ जयशंकर ने कहा कि भारत और आइसलैंड लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भू-तापीय ऊर्जा के दोहन पर मिलकर काम कर रहे हैं।

# पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए किया आवेदन

**मॉस्को।** रूसी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने उम्मीद जताई है कि 2024 में ब्रिक्स संगठन की सदस्यता हासिल करने के लिए उसने रूस से मदद मिलने की उम्मीद जताई है।

विकासशील देशों के संगठन ब्रिक्स की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच अब पाकिस्तान ने इसमें शामिल होने के लिए आवेदन कर दिया है। रूस की तास न्यूज एंजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने आवेदन भरने के साथ ही ब्रिक्स में सदस्यता दिलाने के लिए रूस से मदद मांगी है। रूसी न्यूज एजेंसी




की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने उम्मीद जताई है कि 2024 में ब्रिक्स संगठन की सदस्यता हासिल करने के लिए उसने रूस से मदद मिलने की उम्मीद जताई है।

गौरतलब है कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के मूल ढांचे वाले ब्रिक्स गठबंधन ने इसी साल अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 11 करने की घोषणा की। नए सदस्यों में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को समूह के नए सदस्यों के रूप में शामिल करने का फैसला किया था।

हालांकि, पाकिस्तान ने ब्रिक्स के विस्तार की खबर को तवज्जो नहीं देने की कोशिश करते हुए कहा था कि उसने इसमें शामिल होने के लिए अभी तक औपचारिक अनुरोध नहीं किया है। पाकिस्तान की विदेश कार्यालय ने कहा था कि हम ताजा घटनाक्रमों की समीक्षा करेंगे और ब्रिक्स के साथ अपने भविष्य के संबंधों के बारे में दृढ़ संकल्प करेंगे। हम अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना को बढ़ावा देने और समावेशी बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने प्रयास जारी रखेंगे।

# डेढ़ महीने बाद युद्ध विराम के लिए क्यों राजी हुए हमास-इस्राइल

**नई दिल्ली।** हमास और इस्राइल युद्ध में डेढ़ महीने से ज्यादा का वक्त गुजर जाने के बाद दोनों पक्ष युद्ध विराम के लिए राजी हो गए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हमास के साथ संघर्ष विराम करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।

7 अक्तूबर से युद्धरत पक्ष हमास और इस्राइल आखिरकार युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने गाजा में पांच दिनों के युद्ध विराम के बदले में दर्जनों बंधकों को रिहा करने के लिए इस्राइल और हमास के बीच एक समझौता कराया है।

समझौते के तहत 7 अक्तूबर से गाजा में हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाई गई 50 महिलाओं और बच्चों को रिहा किया जाना है। एक अमेरिकी अधिकारी ने जानकारी दी कि रिहा होने वालों में तीन अमेरिकी नागरिक होंगे, जिनमें चार साल की एक लड़की भी शामिल है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि समझौते के तहत पहली रिहाई गुरुवार (23 नवंबर) तक होनी चाहिए।

उधर हमास ने दावा किया है कि

**युद्ध विराम**

**7 अक्तूबर से युद्धरत पक्ष हमास और इस्राइल आखिरकार युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं।**

इस्राइल 150 फलस्तीनी कैदियों को इस्राइली जेलों से रिहा करेगा, जिसमें सभी महिलाएं और बच्चे भी शामिल होंगे। इसके साथ ही वह रोजाना सैकड़ों ट्रकों को मिस्र के साथ लगने वाली राफा सीमा पार करने की अनुमति देगा। इससे गाजा में फलस्तीनियों को मानवीय आपूर्ति प्रदान की जाएगी।

समझौते को लेकर हमास का दावा है कि इस्राइल दक्षिणी गाजा में हवाई उड़ानें बंद कर देगा और उन्हें उत्तरी इलाके में रोजाना छह घंटे तक ही संचालित करेगा। सहमति में यह भी निर्णय लिया गया है कि इस्राइली सेना युद्ध विराम के दौरान गाजा में



सैन्य वाहन नहीं लाएगी, न ही किसी को हिरासत में लेने की कोशिश करेगी। 7 अक्तूबर को हमास ने अचानक हमला कर 200 से ज्यादा इस्राइली समेत कई देशों के नागरिकों को बंधक बना लिया था। हालांकि, डेढ़ महीने के बाद भी इन बंधकों की रिहाई न होने के बाद इनके परिजन विरोध प्रदर्शन के लिए सड़क पर उत्तर आए हैं। इस बीच, प्रभावित परिवारों ने सोमवार रात को इस्राइली युद्ध कैबिनेट के सदस्यों से मुलाकात की और इसके बाद उन्हें घर लाओ नाम का एक अभियान चलाया। इसके अलावा गाजा में हर दिन खराब होती मानवीय स्थिति के चलते इस्राइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव भी बढ़ रहा है। कहा गया कि इस्राइली सेना द्वारा की गई बमबारी और उसके बाद जमीनी आक्रमण ने यहां मानवीय संकट पैदा कर दिया है। गाजा में भोजन, पानी, ईंधन और दवाओं की बेहद कमी है। 23 लाख की आबादी वाली गाजा पट्टी में 17 लाख लोग विस्थापित हो गए हैं। इसके अलावा क्षेत्र में मौजूद 36 में से केवल 10 अस्पताल ही फिलहाल काम कर रहे हैं।

जानकारों का मानना है कि हमास फिर से संगठित होने के लिए किसी भी युद्धविराम का इस्तेमाल करना चाहता है। कहा गया है कि हमास धीरे-धीरे इस्राइल की जेलों में बंद और अधिक कैदियों को रिहा करने की मांग करके युद्धविराम बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

वहीं, दूसरी ओर इस्राइल की ओर देखें तो वह इस मुहाने पर आकर जवाबी कार्रवाई नहीं रोकना चाहेगा। इस्राइल के तीन उद्देश्य अभी पूरे नहीं हुए हैं जिसके लिए उसने हमास को जड़ से मिटाने की कसम खाई थी। इस्राइली सेना ने अभी तक पूरे उत्तरी गाजा पर कब्जा नहीं किया है। मंगलवार को उसने हमास के गढ़ माने जाने वाले जबालिया इलाके को घेर लिया। इसके अलावा इस्राइली सेना ने जबालिया के नजदीक इंडोनेशियाई अस्पताल को भी अपने नियंत्रण में ले लिया, जो उत्तरी इलाके में एकमात्र कार्यरत बड़ा चिकित्सा केंद्र है।

# युवाओं व महिलाओं को मतदाता बनाने पर जोर

## छात्र छात्राओं ने लोगों को वोटर बनाने हेतु प्रेरित करने व मतदाताओं को साक्षर करने का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज कुमार झा के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत, निर्वाचन साक्षरता क्लब वीबीएस पूर्वांचल विश्व विद्यालय द्वारा इंजीनियरिंग संकाय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने लोगों को वोटर बनाने हेतु प्रेरित करने व मतदाताओं को साक्षर करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए लोगों को वोटर बनने के लिए प्रेरित किया तथा लोगों को आनलाइन आवेदन करने हेतु जागरुक करने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मतदाता बनाने के लिए इंजीनियरिंग संकाय में मतदाता पंजीकरण कक्ष (मतदाता हेल्प डेस्क) का शुभारंभ डीन इंजीनियरिंग संकाय प्रो बी बी तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रो0 बी0बी0 तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का मतदान करना जरुरी है और आप मतदान तभी कर सकते हैं जबकि आप वोटर होगें। इसलिए सबसे पहले वोटर बने। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील किया कि जो 18 वर्ष के हो चुके हैं या जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी हो रही है वे वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाये। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कालेज में बने कैम्पस अम्बेस्डरो को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि अपने परिसर में स्थित विभिन्न संकायों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वोटर बनाने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आनलाइन आवेदन कराये तथा छात्र छात्राओं से कहा कि अपने परिवार व समाज व आस पास के सभी लोगों को मतदाता बनने के लिए व उनमें निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए जागरुक करें। उन्होंने युवाओं व महिलाओं को विशेषकर मतदाता बनाने पर बल दिया। पीयू स्वीप नोडल ज्ञानेंद्र पाल ने कहा कि मतदाता बनने के लिए 9 दिसम्बर 2023 तक आनलाइन या आफलाइन आवेदन कर सकते हैं। 25, 26 नवम्बर व 02, 03 दिसम्बर को बीएलओ सभी मतदान केंद्रों पर बैठेंगे, इसलिए मतदाता पंजीकरण हेतु उनसे सम्पर्क करे। इस अवसर पर प्रो0 रजनीश भास्कर, दिलीप यादव, अशोक यादव, रितेश श्रीवास्तव, प्रवीण पाण्डेय, कैम्पस अम्बेसडर भास्कर उपाध्याय, अनिकेश यादव, यतनदीप दुबे, अलिन्द्र श्रीवास्तव, प्रज्ञा गुप्ता, खुशी सिंह, शशांक भारती सहित, एम बी ए संकाय, इंजीनियरिंग संकाय, विज्ञान संकाय आदि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस एनकाउंटर में एक अंतर जनपदीय गैंगेस्टर को लगी गोली

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मंगलवार की देर रात जिले की पुलिस और बदमाशों के मुठभेड़ हुई हैं। इस एनकाउंटर में एक अन्तर्जनपदीय गैंगेस्टर के आरोपी पुलिस की गोलियों का शिकार हो गया, दूसरे को पुलिस ने धर दबोचा। घायल बदमाश की हालत नाजुक देखते बीएचयू वाराणसी भेजा गया है। उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक देशी तमंचा मय एक खोखा, एक जिन्दा व एक मिस कारतूस 315 बोर, तीन मोबाइल बरामद हुआ हैं। पुलिस के अनुसार एसपी डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी कस्बा गौरा व प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर मय हमराह द्वारा बीती रात्रि में सघन वाहन/संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी कि कन्ट्रोल रुम के द्वारा सूचना प्रसारित किया गया कि एक मोटर साईकिल पर दो बदमाश आजाद नगर थाना केराकत जौनपुर की तरफ से ग्राम परौवा की तरफ भाग रहे है। जिनका पीछा थानाध्यक्ष केराकत द्वारा किया जा रहा है। इस सूचना पर थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम ग्राम परौवा की तरफ चल दी कि अमृत सरोवर के लगभग 200 मीटर आगे पुलिया के पास सामने से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी। पीछे से एक चार पहिया वाहन काफी तेजी से पीछा करती हुई आ रही थी। आगे व पीछे से घिरता देख मोटर साइकिल सवार बदमाशा भागने के लिए अपने दाहिने मुड़े , मुड़ते ही मोटर साइकिल सहित गिर गये तथा एक बदमाश वहाँ से बच कर भागने लगा। दूसरे बदमाश को ललकारते हुए पुलिस बल द्वारा आत्मसमर्पण करने के लिये कहा गया तो बदमाश द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से एक फायर कर दिया गया। थानाध्यक्ष केराकत द्वारा पुलिया की आड़ को लेकर बदमाश को आत्मसमर्पण करने के लिए बार बार कहा गया लेकिन इसी दौरान बदमाश पुनः अपना असलहा लोड करने लगा कि आत्मरक्षा में उक्त बदमाश को पकड़ने की नियत से प्र0नि0 गौराबादशाहपुर व थानाध्यक्ष केराकत द्वारा फायर किया गया,जिससे एक गोली बदमाश के पैर में लगी वह घायल हो गया, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री के जयंती पर सदर 350 मरीजों में फल वितरण



**आजमगढ़।** स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की 85वीं जयंती पार्टी कार्यालय आजमगढ़ में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन कर मनाई गई। पार्टी की तरफ से सदर अस्पताल में 350 मरीजों को फल वितरण किया गया उनके सम्मान में सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखने वाले सी पी आई माले के कामरेड जय प्रकाश नारायण राय, पूर्व मंत्री बलराम यादव, मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक आलम बदी साहित्यकार कवि प्रभु नारायण प्रेमी,वरिष्ठ नेता हरिप्रसाद दुबे व बिरहा गीतों के रचयिता भोला यादव कवि को शाल और नेताजी की फोटो व आम का पौधा देखकर निर्वात मान जिला अध्यक्ष हवलदार यादव द्वारा सम्मानित किया गया पार्टी कार्यालय को फूल मालाओं व झंड़ों से सजाया गया था कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में बलराम यादव ने कहा कि नेताजी ने हमेशा दबे कुचले मजदूर किसानों के लिए संघर्ष किया आजमगढ़ के विकास की एक-एक ईट पर नेताजी का नाम लिखा है कामरेड जयप्रकाश नारायण ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने बहुत पहले आरएसएस और भाजपा की सांप्रदायिक और पूंजीवादी चरित्र को भांप लिया था इसलिए उन्होंने भारत-पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका नेपाल को महासंघ बनाने के लिए बार-बार प्रयास किया श्री आलम बदी ने उन्हें धर्मनिरपेक्ष गरीबों किसानों का नेता बताया कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद यादव विधायक डॉक्टर संग्राम यादव बेचई सरोज अखिलेश यादव पूजा सरोज,पार्टी प्रवक्ता अशोक यादव, दरोगा सरोज, नंदकिशोर यादव, वीरेंद्र यादव आदि विचार व्यक्त किये कार्यक्रम की अध्यक्षता हवलदार यादव संचालन हरि प्रसाद दुबे ने किया।

# शिक्षा के बिना मानव का जीवन अधूराः राज्यपाल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य ही शिक्षा और सीखने पर ध्यान केंद्रित करना और ÷भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज बुधवार को जौनपुर डाक बंगले में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है, जिसमें सभी शिक्षार्थियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य एक नई प्रणाली का निर्माण करना है जो भारत की परंपराओं और मूल्य को अपने अंदर समाहित करते हुए विश्वगुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा कि भारत का पुनः गौरव स्थापित करने के लिए नई शिक्षा नीति में भारत के सांस्कृतिक इतिहास, वैज्ञानिक उनवेष (नवाचार) इत्यादि आयामों पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन ही अधूरा रहता है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीक के युग में तकनीक आधारित पूंजी का निर्माण होता है, आज जिसके पास तकनीक है वही पूंजीपति है। नई शिक्षा नीति जन-जन को तकनीकी ज्ञान एवं अपने संस्कृति का ज्ञान देने के लिए लाई गई है। उन्होंने गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के द्वारा कही गई बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता तभी प्राप्त होगी, जब भारत की बुनियाद पूर्ण रूप से शिक्षा पर आधारित हो जाए। उन्होंने कहा कि भारत ज्ञान, शिक्षा और प्रज्ञा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि हमें सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। स्वामी रंगनाथन के द्वारा कही गई बातों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा था कि लोग कहते हैं कि जिसके पास सरस्वती रहती हैं वहां लक्ष्मी नहीं जाती मगर रंगनाथन ने कहा कि यह बात बिल्कुल गलत है जहां सरस्वती रहेगी वहां लक्ष्मी जी अपने आप आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि अगर शिक्षित व्यक्ति अपनी शिक्षा का उपयोग किसी को शिक्षित करने में नहीं करता है तो उसे अगर गद्दार की संज्ञा दी जाए तो गलत नहीं होगा। पत्रकार वार्ता के समय भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह मौजूद रहे।

# राजनीति पर भारी नेताजी तो अमर हो गए ऐसी खेली पारी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष डा0 अवधनाथ पाल के अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव(नेताजी)के 85 वीं जंयती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्व प्रथम नेताजी के चित्र पर उपस्थित लोगों पुष्पांजलि अर्पित किया उसके बाद दिव्यांग एवं विकलांग बच्चों को स्वेटर,स्कूल बैग,पेंसिल बॉक्स वितरण किया गया बच्चों के चेहरे पर खुशहाली छा गया उसके बाद मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख शायर अहमद अजीज गाजीपुरी, अकरम जौनपुरी,नासिर, मोनीस,डां प्रमोद वाचस्पति,शाजिद अलीम को साल भेट किया गया। वही शायरों के कलाम की खूब चर्चा रही। ना नफरतों मे ठेलों और ना फसादी बनों, अगर समाज है प्यारा समाजवादी बनों देश वासियों से जो भी कहा मुलायम ने वादये वफा पुरा वो किया मुलायम नेसन उनतालीस में उतरा था आसमान से तारा, सैफई की पावन धरती का था वह राज दुलारा, नाम मुलायम आज भी अहमद राजनीति पर भारी नेताजी तो अमर हो गए ऐसी खेली पारी। वहीं नेताओं ने अपने संम्बोधन मे नेताजी के जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा नेता जी कहते थे समाजवादी पार्टी ऐसा समाज बनाना चाहती हैं जो किसी की कृपा पर न रहें अपने पैरों पर खडा हो किसी के सामने उसे कभी सर और हाथ ना फैलाना पड़े और ना सर झुकना पड़े ये समाजवादी का कार्य है समाजवादी पार्टी एक आंदोलन है एक आँधी है एक सैलाब है जो इस देश के एकता अंखडता में अवरोध पैदा करेगा उसे जड़ मूड से उखाड़ फेंकने का काम करेगी उसका नाम समाजवादी पार्टी हैं । जंयती के अवसर पर मुख्य रूप से विधायक तूफानी सरोज, लल्लन प्रसाद यादव, लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, राकेश मौर्या लालचंद यादव, रुक्सार अहमद, राहुल त्रिपाठी, हिरालाल विश्कर्मा, राममूर्ति सरोज राजेन्द्र टाइगर, संजय राजभर, श्रवण जयसवाल, इर्शाद मंसूरी, भगौती सरोज, अनील दूबे गामा सोनकर, सुभाष पाल,डां जंगबहादुर यादव, नन्नलाल यादव, विनय यादव,राम इकबाल, रामू मौर्या, घनश्याम यादव, प्रवीण सरोज, श्याम नरायन बिन्द,डां विनोद शर्मा अनवारुल गुड्डु, शिवजीत समाजवादी, गुड्डु सोनकर, शर्मिला यादव, शकील मंसूरी, कमालुद्दीन अंसारी तारा त्रिपाठी, सीमा खान, मालती निषाद, अन्नपूर्णा देववंशी, रूबी बिन्द, सोनी सेठ, अखिलेश यादव, संचालन निवर्तमान महासचिव अखड प्रताप यादव ने किया।

# जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया प्रचार वाहन



**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर के प्रचार प्रसार हेतु मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर शहरी क्षेत्र तहसीलों,में प्रचार प्रसार हेतु जनपद न्यायालय प्रयागराज से रवाना किया गया। मोबाइल वैन द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर पंपलेट व लाउडस्पीकर के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों के बीच राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को राष्ट्रीय लोक की अदालत की उपयोगिता के बारे में उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं द्वारा बताया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में 9 दिसंबर को प्रात 10ः00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा।

## महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या कांडः अदालत में पेश हुए अमर गिरि

**प्रयागराज।** बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या कांड मामले में वादी मुकदमा अमर गिरि बुधवार को अदालत में हाजिर हुए। विचाराधीन मुकदमे में गवाही शुरू हो गई। अमर गिरि वादी मुकदमा और मुकदमे के पहले गवाह हैं। बिना वादी मुकदमा की गवाही पूरा किए अदालत दूसरे गवाह को नहीं बुला सकती थी। पिछले कई नियत तिथियों से अमर गिरि लगातार गैर हाजिर रहने पर अभियोजन के अर्जी पर अदालत ने पहले बीडब्लू फिर बाद में एनबीडब्ल्यू जारी किया था। अमर गिरि ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया कि वह अब नियत तिथि पर अदालत के समक्ष मौजूद रहेंगे। लिहाजा पूर्व में जारी एनपीडब्ल्यू को अदालत ने वापस किया। सीबीआई के विशेष अधिवक्ता एके तिवारी और जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाबचंद अग्रहरि ने बताया कि अमर गिरि की अभी गवाही पूरी नही हो सकी है। गवाही पूरी करने के लिए अदालत ने 11 दिसंबर की तिथि नियत की है।

# 20 साल बाद वाराणसी बालिका हैंडबॉल में उत्तर प्रदेश चैंपियन बनी



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वाराणसी मंडल ने बुधवार को प्रादेशिक जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल को 23-16 गोल से पराजित कर 20 साल बाद खिताब जीता और चमकदार शील्ड पर कब्जा किया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के खेल मैदान पर के खेले गए खिताबी मुकाबले में वाराणसी की ओर से प्रीती यादव ने आठ, सुमन यादव ने 5 और रेशमा यादव मे 5 गोल किया। अयोध्या की ओर से आराधना त्रिपाठी ने 5 गोल राजपति 4गोल निक्की ने 2 गोल किया। फर्स्ट हाफ में वाराणसी 11 और अयोध्या 9 गोल के स्कोर पर थी मैच बहुत संघर्ष पूर्ण था, दूसरे हाफ 18 मिनट बाद वाराणसी खिलाड़ियों ने खेल पर पकड़ मजबूत की। प्रतियोगिता समाप्ति के समय 23 16 के स्कोर से वाराणसी विजेता हुई। जिलाधिकारी जौनपुर अनुज कुमार झा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी वाराणसी आर पी सिंह, अमित पांडेय, निखिल सिंह, परमिंदर सिंह, तौहीद खान, संजय सिंह, बैजनाथ यादव, नफीस अहमद, संजय राय, तरुण कुमार, पंकज यादव, निलेश, अंकित, रतन, अतुल कुमार, सुमन, एस एल यादव, कौशल, दीक्षित, निखिल सिंह, शैंपू आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनाया गया व्यापारी नेता का जन्मदिन



**प्रयागराज।** आज प्रयाग व्यापार मंडल के महामंत्री सुहेल अहमद का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रयाग व्यापार के कार्यवाहक अध्यक्ष राना चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी , कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सतदार प्रीतम सिंह, सरदार हरजिंदर सिंह, जिला महिला व्यापार मंडल की महामंत्री पल्लवी अरोरा, पार्षद साहिल अरोरा, सरदार जतिंदर, अकरम शगुन, रोहित अरोरा, मेहमूद खान, वरिष्ठ मंत्री गुरू चरण अरोरा, अशोकी अरोरा, अनूप अरोरा (पिंटू), आलोक ठकराल (बंटी), मो आमिर आदि उपस्थित हुए। सभी उपस्थित लोगो ने सुहैल अहमद को दीर्घायु, स्वस्थ, और हमेशा यशश्वी रहने की ईश्वर से कामना करते हुए बधाई दी। एक अति उत्तम कलात्मक केक काटा गया। फूल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया गया।

### गोल्ड को हराकर ब्लू हाउस फाइनल में



**प्रयागराज।** ब्लू हाउस ने गोल्ड हाउस को पांच विकेट से हराकर वाईएमसीए स्कूल एवं कॉलेज की इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। वाईएमसीए मैदान पर बुधवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में टॉस हारकर गोल्ड हाउस ने 15 ओवर में 108 रन (आदित्य पाल 22, पार्थ कुमार 13 नाबाद, प्रखर सिंह 3/13, ईशान केसरवानी 2/09, अविनाश कुमार सिंह 2/23) बनाये। जवाब में ब्लू हाउस ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 113 रन (अविरल सिंह 45, उत्कर्ष कुमार 32, अभिषेक पांडेय 3/12) बना लिये। मैच से पहले प्रधानाचार्या रीमा मसीह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### फोर्ड स्कूल और पार्थ क्लब को मिली जीत



**प्रयागराज।** फोर्ड पब्लिक स्कूल क्रिकेट क्लब और पार्थ क्रिकेट क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन मैदान पर बुधवार को फोर्ड पब्लिक स्कूल ने 40 ओवर में 214 रन (अनुराग शुक्ला 100, 102 गेंद, 13 चौके, आर्यन मिश्र 33, जतिन यादव 31, आयुष्मान वर्मा 4/27, सक्षम वर्मा 2/56) बनाकर फरहत अली क्लब को 17.5 ओवर में 56 रन (नैतिक शुक्ल 25, अर्णव अग्रवाल 20, अर्चित सिंह 4/16, आदित्य कुमार 3/13, सौरव तिवारी 3/27) पर समेट दिया। तौसीफ शेख व रामचंद्र यादव अंपायर एवं उमंग मिश्र स्कोरर रहे। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर पार्थ क्लब के 34.4 ओवर में 173 रन (वंश अदगोत्रा 54, सार्थक गुप्ता 23, पीयूष सिंह 20, गुलाम हुसैन 4/27, आर्यन यादव 2/12) के जवाब में एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब की टीम 35 ओवर में 7 विकेट पर 164 रन (कर्णवीर सिंह 55, दिव्य साहू 39, आर्यन यादव 25, ऋषभ सोनकर 3/33, सार्थक गुप्ता 2/18) पर सिमट गई। सुधीर सोनकर व धीरज सिंह अंपायर, प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

### जीडीसीसी और चौधरी नौनिहाल क्लब 'बी' विजयी

**प्रयागराज।** गंगा डिग्री कॉलेज क्रिकेट क्लब और चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ मैदान पर बुधवार को गंगा डिग्री कॉलेज ने 37.3 ओवर में 173 रन (कमल सिंह 44, शिव कुमार यादव व प्रवेश सिंह 29-29, श्वेत यादव 3/24, सूरजभान 2/22, अजय साहू 2/31) बनाकर साईं क्रिकेट क्लब को 34.4 ओवर में 115 रन (अजय साहू 28, सूरजभान 24, सरस यादव 22, प्रवेश सिंह 4/14, मुकेश यादव 2/08, शिवम कुमार 2/25) पर समेट दिया। अजय कुमार व विपिन यादव अंपायर, हितेश श्रीवास्तव स्कोरर रहे। केपी कॉलेज मैदान पर आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब 'बी' को 23 ओवर में 60 रन (लकी गौर 20, तन्मय पांडेय 14, आशुतोष पांडेय 5/16, अमन पटेल 2/06, आदर्श पांडेय 2/07) पर समेटकर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब 'बी' ने 11.5 ओवर में 3 विकेट पर 62 रन (आदर्श पांडेय 38, सौरभ यादव 2/23) बना लिये। अरुण कुमार व मो. आरिफ अंपायर, अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

# समय, समाज और रचनाकार विषय पर व्याख्यान का आयोजन

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में डॉ. रतन कुमारी वर्मा पर केंद्रित विशेषांक का हुआ लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के हिंदी विभाग एवं शहर समता के संयुक्त तत्वावधान आज एक भव्य समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. धनंजय चोपड़ा, पाठ्यक्रम समन्वयक, मीडिया अध्ययन केंद्र,इ.वि.वि. का ÷समय, समाज और रचनाकार÷ विषय पर व्याख्यान एवं महाविद्यालय की हिंदी विभाग की समन्वयक सुप्रसिद्ध लेखिका एवं ख्यातिलब्ध पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. रतन कुमारी वर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी) पर केंद्रित विशेषांक का लोकार्पण किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आशिमा घोष एवं शहर समता की राष्ट्रीय अध्यक्ष रचना सक्सेना द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि डॉक्टर धनंजय चोपड़ा एवं अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव (संपादक शहर समता) का औपचारिक एवं वाचिक स्वागत किया गया। उन्होंने डा. वर्मा के उत्साही व्यक्तित्व एवं रचनाधर्मिता की प्रशंसा की और अतिथियों का स्वागत करते हुए आगामी वर्षो में साहित्य संसद जैसे कार्यक्रमों के आयोजन की आशा व्यक्त की। भारी संख्या में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकारों , शिक्षकों एवं प्रबुद्धजन के समक्ष डॉक्टर रतन कुमारी वर्मा पर केंद्रित विशेषांक का लोकार्पण किया गया और शहर समता के संपादक ने संपादकीय वाचन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अजामिल, विवेक सत्यांशु, डॉक्टर कल्पना वर्मा, प्रोफेसर एसपी वर्मा एवं डॉ सुषमा श्रीवास्तव ने डॉक्टर रतन कुमारी वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के विभिन्न पक्षों को उजागर किया, उन्हें सराहा और शुभकामनाएं प्रेषित की जिसे सुनकर डॉक्टर वर्मा अत्यंत भावुक हो गई और अपने हृदय के उद्गार अभिव्यक्त करने से रोक न पाई. डॉक्टर वर्मा ने अपने वरिष्ठों को श्रेय दिया जिन्होंने उनके भीतर के साहित्यकार को जगाया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर धनंजय चोपड़ा ने डॉक्टर वर्मा के साहित्य की यात्रा की भूरि भूरि प्रशंसा की और अपने व्याख्यान में समय समाज और रचनाकार की अन्योन्याश्रितता को विभिन्न उद्धरणों से स्पष्ट किया। साहित्यकारों की इस गोष्ठी में विभिन्न कवियों ने अपनी प्रस्तुति से से चार चांद लगा दिए। वरिष्ठ कवि अजामिल, डा. कल्पना वर्मा, रचना सक्सेना, विवेक सत्यांशु, रितु पांडे त्रिद्धा, डॉ मंजू प्रकाश और प्रियंका त्रिपाठी की कविताओं में लोगों का को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात डॉ. रतन कुमारी वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकारों, विश्वविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक गण, महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति एवं निवर्तमान शिक्षक गण, शहर समता के पदाधिकारी गण प्रबुद्ध साहित्य? प्रेमियों, शोधार्थियों एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जगत तारन डिग्री कॉलेज की सहायकाचार्या डॉक्टर प्रमा द्विवेदी ने किया।

## कुलपति व सांसद ने किया कला एवं संस्कृति केंद्र का लोकार्पण



**आजमगढ़।** नगर के नरौली स्थित कला एवं संस्कृति केंद्र का लोकार्पण महाराजा सुहेलदेव राज विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार शर्मा व सांसद, भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल निरहुआ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पूर्व दोनों अतिथिद्वय का जोरदार स्वागत केंद्र की प्रबंधक अरुणिमा सिंह, डा खुशबू सिंह, एड शत्रुध्न सिंह, शिवपूजन सिंह, प्रमोद सिंह, विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक सचिव डा प्रवेश सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व श्री गणेश वंदना से हुआ, इसके बाद एक से बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी को मन मोह लिया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार शर्मा ने कहाकि संस्कृति और कला केंद्र के खुलने से जिले की एक मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति हुई है। साहित्य, कला व संस्कृति तीनों एक दूसरे के पूरक है इनके संवर्द्धन की नींव रखने वाले डा प्रवेश सिंह और अरूणिमा सिंह का प्रयास बेहद सार्थक है। ऐसे सोच रखने वाले समाज के लिए नजीर है। उन्होंने पूर्ण विश्वास जताते हुए कहाकि कला एवं संस्कृति केंद्र के खुलने से जनपद के बुद्धिजीवी वर्ग एवं कला प्रेमी, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस संस्था से जुड़कर लाभ उठाएंगे।

## सील हुआ अतीक के बेटे के गुर्गे की कब्जाई जमीन पर अवैध निर्माण

**प्रयागराज।** माफिया अतीक के बेटों और गुर्गों की कब्जाई जमीन को चिह्नित करके उस पर लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस प्रशासन की तरफ से ऑपरेशन जिराफ के अंतर्गत माफिया अतीक और उसके गुर्गों की अवैध संपत्ति पर चल रहे अभियान के बीच प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सोमवार को चकिया के कसारी मसारी में अतीक के बेटे अली और उसके साथी असाद कालिया द्वारा कब्जाई जमीन पर चल रहे अवैध निर्माण को सील कर दिया। ज्ञात हो कि माफिया अतीक अहमद के गुर्गों और उसके बेटों की अवैध संपत्ति की जांच के लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से ऑपरेशन जिराफ के अंतर्गत अवैध संपत्तियों को चिह्नित करने की कार्रवाई कर रही है।

# हलाल समानों के विक्रय व निर्यातक पर रोक

अवधनामा संवाददाता



**आज़मगढ़।** हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण भण्डारण वितरण एवं विक्रय पर (निर्यातक के लिए निर्यात हेतु उत्पादित खाद्य पदार्थ को छोडकर) प्रतिबन्ध के दृष्टिगत आयुक्त , खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जनपद में अभियान चलाकर आज आजमगढ़ स्थित प्रतिष्ठान सम्पूर्ण बाजार, फोर पिलर एवं मुबारकपुर स्थित इरमा ट्रेडर्स तथा अमिलो स्थित किराने की दुकान, अम्बारी व फूलपुर स्थित किराने के प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। अमिलो स्थित एक किराने के प्रतिष्ठान पर हलाल प्रमाणन युक्त बाम्बे बिरयानी मसाला व मुबारकपुर स्थित इरमा ट्रेडर्स से मेहरान ब्राण्ड बिरयानी मसाला का नमूना संकलित किया गया तथा 81 पैकेट हलाल प्रमाणन युक्त मसाले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जब्त किये गये, जिनका मूल्य रू0 6480/- है। सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही हेतु उक्त नमूनें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देश दिये गये कि वे हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण भण्डारण वितरण एवं विक्रय (निर्यातक के लिए निर्यात हेतु उत्पादित खाद्य पदार्थ को छोडकर) कदापि न करें। इस पर अधिसूचना संख्या- एफएसडीए/ खाद्य /2023/6145 दिनांकः 18.11.2023 के द्वारा प्रतिबन्ध लगाया गया है। यह प्रमाणन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियमावली 2011 के मूल मंशा के विरूद्ध है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा उक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। निरीक्षण को दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के टीम में राम बुझावन चौहान, अंकित कुमार सिंह, श्री राकेश कुमार शुक्ला, कीर्ति आनन्द, लालमणि यादव, अमर नाथ, प्रेमचन्द्र, संजय कुमार सिंह, रामचन्द्र यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहें।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नए प्लांट की स्थापना के लिए कर्नाटक सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किये

**बरेली।** मेक इन इंडिया और सभी के लिए व्यापक खुशहाली की अपनी प्रतिबद्धता के अनुकूल, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके। भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है। इससे क्षमता में वृद्धि होगी और इस तरह स्थानीय विनिर्माण की पारिस्थितिकी तंत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ नई प्रौद्योगिकी के उपयोग की शुरुआत होगी और सबके लिए मोबिलिटी तैयार की जायेगी। यह भारत में कंपनी का तीसरा प्लांट होगा, जो कर्नाटक में



बैंगलोर के पास बिदादी में स्थित है। कर्नाटक सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर माननीय मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया ने आज हस्ताक्षर किए और इस दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से इसपर प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री मसाकाज़ु योशिमुरा ने दस्तखत किये। भारत के रणनीतिक महत्व पर टिप्पणी करते हुए, एशिया क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मासाहिको माएदा ने कहा, भारतीय बाजार हमेशा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। हमें विश्वास है कि भारत में नए निवेश के साथ, हम दुनिया भर में लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने वाले टिकाऊ गतिशीलता समाधान बनाकर अधिक आशाजनक भविष्य के लिए हमारी वैश्विक दृष्टि में टीकेएम की भूमिका को और बढ़ाएंगे। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मासाकाज़ु योशिमुरा ने कहा, भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी कंपनी के रूप में, हम निश्चित हैं कि नए संयंत्र के लिए कर्नाटक सरकार और राज्य सरकार के साथ आज का महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन आगे चलकर रोजगार सृजन के माध्यम से सकारात्मक योगदान देगा और उन्नत स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने का विस्तार करेगा।

हम एक विश्व स्तरीय स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। यह ऊर्जा सुरक्षा में सुधार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और कार्बन तटस्थता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करके भारत के लिए सर्वोत्तम समाधानों को बढ़ावा देता है।

## सहारा हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर

# डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने करायी जांचें और मिला परामर्श व इलाज

**लखनऊ।** विश्व मधुमेह सप्ताह पर गत दिवस गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 150 से अधिक मरीजों को उपचार मिला। राजधानी ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों से आये कई लोगों को जांच के बाद पता चला कि वह बार्डर लाइन डायबिटीज के मरीज हो चुके हैं। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर एंट्रेंस लॉबी में चला। इस दौरान सहारा हॉस्पिटल के डायरेक्टर मेडिकल केयर डा. मजहर हुसैन ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में सुपरस्पेशलिस्ट एंडोक्राइन एंड डायबिटोलोजिस्ट डॉ.अजय शुक्ला ने मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया। इसके साथ ही तीन रुपये तक की जांचें, जैसे एचबीए-1सी यानि ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन (तीन मास के अन्तराल पर की जाने वाली शुगर जांच), रैंडम ब्लड शुगर,



लिपिड प्रोफाइल जांच, टीएसएच डाइटिशियन खानपान की जानकारी भी दी गयी।

सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार अनिल विक्रम सिंहजी ने अपने संदेश में बताया कि हमारे अभिभावक सहाराश्रीजी हमेशा से ही स्वास्थ्य सुरक्षा को ही प्राथमिकता देते रहे हैं, इसीलिए जरूरी है कि कोई भी बीमारी होने से पहले उसके बचाव के सभी तरीकों को अपनाया जाए। इसी उद्देश्य से सहारा हॉस्पिटल में समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए जाते हैं। शिविर संचालन में मार्केटिंग विभाग के हेड विनोद सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## ईडी ने फेमा के तहत 62 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** जब्त की गई संपत्तियों में फारमैक्स इंडिया लिमिटेड, उसके एमडी मोरथला श्रीनिवास रेड्डी और उनके भाई एम. मल्ला रेड्डी (फारमैक्स इंडिया लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक) की 23 अचल संपत्तियां शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा, 1999 के प्रावधानों के तहत फारमैक्स इंडिया लिमिटेड (एफआईएल), उसके प्रमोटरों और निदेशकों की 62 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति जब्त की है। जब्त की गई संपत्तियों में फारमैक्स इंडिया लिमिटेड, उसके एमडी मोरथला श्रीनिवास रेड्डी और उनके भाई एम. मल्ला रेड्डी (फारमैक्स इंडिया लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक) की 23 अचल संपत्तियां शामिल हैं। जब्त की गई संपत्तियों में प्रमोटरों के नाम पर मेसर्स फारमैक्स इंडिया लिमिटेड के इक्विटी शेयर हैं। इनमें मूल रूप से मोरथला श्रीनिवास रेड्डी के पास मौजूद एमएसआर इंडिया के शेयर भी शामिल हैं, जिन्हें बाद में उनके भाई और परिवार के अन्य सदस्यों को हस्तांतरित कर दिया गया।

# केनरा बैंक के स्थापना दिवस पर प्राथमिक विद्यालय गोइला में सीएसआर गतिविधि आयोजित की गई

**लखनऊ।** परिवर्तन लाने/कठिनाइयों और कष्टों को दूर करने की दृष्टि से साथी मनुष्यों के प्रति चिंता और परिवेश के प्रति



संवेदनशीलता विकसित करना हमारे प्रिय संस्थापक श्री अम्मेबल सुब्बाराव पई द्वारा परिकल्पित बैंक के संस्थापक सिद्धांतों में से एक रहा है। हमारे संस्थापक दिवस के अवसर पर इस सिद्धांत को याद करने और हमारे जीवन में फिर से स्थापित करने के लिए, केनरा बैंक गोइला शाखा अपने सक्षम लीडर लखनऊ अंचल प्रमुख आलोक कुमार अग्रवाल और अंचल प्रमुख और क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ प्रथम के सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना के मार्गदर्शन में शाखा प्रमुख सुम्बुल जलाली और शाखा कर्मचारियों के साथ बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर गोइला गाँव में गोइला प्राइमरी स्कूल के छात्रों को स्वेटर और स्कूल बैग वितरित किए गए, जिसका उद्देश्य गरीब आर्थिक परिवारों से आने वाले बच्चों के लिए स्कूल जाना सुखद अनुभव बनाना था। छात्रों और शिक्षण स्टाफ और स्कूल के निवासियों ने भी उनकी चिंता और पहल के लिए बैंक की बहुत सराहना की है। उत्तर प्रदेश मे केनरा बैंक का अंचल कार्यालय जुलाई1989 मे 259 शाखाओं और मंडल कार्यालयों के साथ शुरू हुआ था। समय के साथ साथ बैंकिंग व्यवसाय और ग्राहकों की संख्या में। तेजी से बढ़ोत्तरी होने पर प्रत्येक जिले मे बैंक की शाखाओं ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई और आज के समय उत्तर प्रदेश मे कुल शाखाएँ और कार्यालयों की संख्या 969 हो गयी, जिसमे लखनऊ अंचल मे 474 और आगरा अंचल मे 495 शाखाएँ अपनी जमा तथा ऋण योजनाओं मे 325 उत्पादों के साथ ग्राहकों की हर क्षेत्र मे सेवा कर आज सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों मे अग्रणी बैंक बन कर उभरा है।


# चीन में कारोबारियों पर दबिश जारी

**नई दिल्ली।** चीन की वीडियो गेम लाइव-स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डौयू के अध्यक्ष और सीईओ चेन शाओजी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अधिकारियों के हत्थे चढ़ने वाले कारोबारियों की सूची में शामिल हो गए हैं। डौयू ने मंगलवार को एक नियामकीय फाइलिंग में कहा कि उसके प्रमुख चेन शाओजी को पुलिस ने 16 नवंबर को या उसके आसपास दक्षिण-पश्चिमी शहर चेंगदू में गिरफ्तार किया था। कंपनी ने कहा कि उसे गिरफ्तारी के बारे में सोमवार को सूचित किया गया। कंपनी ने कहा, उसे चेन के खिलाफ जांच का कोई आधिकारिक नोटिस नहीं मिला है। उसे चेन की स्पष्ट गिरफ्तारी के कारण पता नहीं हैं। कंपनी की ओर से चेतावदी देते हुए कहा गया है कि चेन की हिरासत और उसके बाद होने वाली किसी भी कानूनी कार्रवाई से उसके व्यवसाय पर भौतिक असर पड़ेगा। दूसरी ओर, चीनी सोशल मीडिया पर बुधवार को पोस्ट किए गए एक बयान में चेंगदू पुलिस ने कहा कि चेन उपनाम के 39 वर्षीय व्यक्ति को कैसीनो खोलने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बयान का हवाला देते हुए पुष्टि की कि डूयू के सीअईओ को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि यह खबर सरकारी मीडिया संस्थान कवर न्यूज की उस खबर के दो हफ्ते बाद आई है जिसमें कहा गया था कि चेन से संपर्क नहीं हो पा रहा है। रिपोर्ट में अपुष्ट खबरों का हवाला देते हुए कहा गया था कि चेन की जांच की जा रही है और वह करीब तीन सप्ताह से लापता हैं। इंटरनेट वॉचडॉग के मई के एक बयान के अनुसार, चेन के लापता होने से लगभग पांच महीने पहले चीन के साइबरस्पेस प्रशासन ने कथित पोर्नोग्राफी और अश्लील सामग्री परोसने के आरोपों की जांच के लिए डौयू का ऑनसाइट निरीक्षण शुरू किया था। डौयू, का मतलब चीन में लड़ने वाली मछली है, कंपनी के खिलाफ कथित तौर पर ऑनलाइन जुआ की मेजबानी करने से जुड़ी जांच चल रही है जो चीन में अवैध है।

# साल की सबसे बड़ी बिक्री वापस आ गई है!

**मुंबई।** हम केवल गुलाबी रंग देख और सोच सकते हैं! सबसे बड़ी सेल यहां है - नायका और नायका फैशन की वार्षिक पिंक फ्राइडे सेल पहले से कहीं ज्यादा बड़ी है और यह अब दो ऐप - नायका और नायका फैशन डाउनलोड करने का आपका संकेत है! ब्यूटीवर्स ऐसे सौदों के साथ आपका इंतजार कर रहा है जो इस दुनिया से परे हैं, 2,100 से अधिक ब्रांडों पर 50 फीसदी तक की छूट मिल रही है, जिसमें हुडा ब्यूटी, एम.ए.सी., बॉबी ब्राउन, चार्लोट टिलबरी, नायका कॉस्मेटिक्स, के ब्यूटी, लैक्मे, मेबेलिन न्यू जैसे लोकप्रिय ब्रांड शामिल हैं। यॉर्क और लोरियल पेरिस। भारत और दुनिया भर के सबसे लोकप्रिय ब्रांडों जैसे रिवॉल्व, साइडर, ना-केडी, गजरा गैंग, आरएसवीपी बाय ट्वेंटी ड्रेसेस पर 70 फीसदी तक की छूट पर 2800 से अधिक ब्रांडों और 6 लाख से अधिक शैलियों के साथ कल्कि फैशन सहित अन्य, नायका फैशन पर फर्स्टइनफैशन देखें।यहां आश्चर्यजनक सौदों की एक विशेष झलक दी गई है जो आपके फ़ोन स्क्रीन के दूसरी ओर आपका इंतजार कर रहे हैं! सर्वोत्तम लक्जरी सौदे- ब्राउन पर 1 खरीद पर 1 मुफ्त पाने का मौका है।

हर किसी का पसंदीदा - लोरियल पेरिस 35 फीसदी तक की छूट दे रहा




यूके का प्रतिष्ठित लक्जरी मेकअप ब्रांड, चार्लोट टिलबरी, अपने संपूर्ण चयन पर 25 फीसदी की भारी छूट की पेशकश कर रहा है, आप वैश्विक बेस्टसेलर हुडा ब्यूटी से सबसे प्रतिष्ठित पैलेट 50 फीसदी की छूट पर प्राप्त कर सकते हैं। यह आपके लिए हमेशा मांग में रहने वाले एम.ए.सी. और क्लिनिक को 20 फीसदी तक की छूट पर खरीदने और एस्टी लाउडर पर मुफ्त उपहार और बॉबी है, मेबेलिन 45 फीसदी पर है और लोरियल प्रोफेशनल 1199 रुपए से अधिक की खरीदारी पर मुफ्त मिनी दे रहा है।

सर्वाधिक पसंदीदा - लैक्मे और नायका कॉस्मेटिक्स के बेस्टसेलर 50 फीसदी तक हैं। कलरबार के पास एक शानदार ऑफर 1 खरीद पर 1 मुफ़्त है और वैश्विक स्तर पर उनके मेकअप रेंज पर सौंदर्य प्रसाधन, ट्रेंडिंग ई.एल.एफ. भी हैं।

# डालडा वनस्पति एक बढ़िया विकल्प क्यों है बता रही हैं डाइटीशियन दीपिका यादव



**लखनऊ।** जिस दौर में सेहतमंद जीवनशैली सबसे अहम हो गई है, उसमें किचन में किए गए चुनाव से हमारी सेहत पर काफी गहरा प्रभाव पड़ सकता है। हम अपने भोजन के बारे में ज्यादा से ज्यादा समझदारी-भरा निर्णय लेने की कोशिश करते हैं, ऐसे में खाना पकाने के लिए हम जो कुकिंग ऑयल या फैट इस्तेमाल करते हैं, उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उत्तर प्रदेश की डाइटिशियन और योग विशेषज्ञ, दीपिका यादव बताती हैं कि ट्रांसफैट फ्री डालडा वनस्पति आपके पसंदीदा व्यंजनों को पकाने के लिए एक बेहतर विकल्प है। आइए जानते हैं कि क्यों वे खाना पकाने के इस माध्यम की हिमायती हैं और क्यों इसे बिना किसी संकोच के अपना लेना चाहिए। सेहत पर खतरनाक प्रभावों की वजह से ट्रांसफैट लंबे समय से जांच के दायरे मे रहा है। ये फैट्स सामान्यत÷ आंशिक रूप से हाइड्रोजेनेटड वनस्पति तेलों में पाए जाते हैं जिनका उपयोग आमतौर पर खाद्य उद्योग में उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए किया जाता है। ट्रांस फैट ÷बैड÷ एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा देता है, वहीं ÷गुड÷ एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम कर देता है जिसकी वजह से ब्लड लिपिड प्रोफाइल पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में जब बात सेहत की आती है तो यह दुधारी तलवार बन जाती है।

भारतीय घरों में डालडा वनस्पति एक भरोसे का नाम है। यह आज की जरूरतों के अनुसार काफी ज्यादा बदलावों से होकर गुजरा है।

आइए जानते हैं कि क्यों डाइटिशियन दीपिका यादव, ट्रांस फैट-फ्री डालडा वनस्पति की हिमायत कर रही हैं-

क सेहतमंद कुकिंग ÷ ट्रांसफैट्स कोरोनरी हार्ट डिजीज का जोखिम बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं। इसलिए, हमेशा ही ऐसी खाद्य सामग्री का चुनाव करने की सलाह दी जाती है जो इस तरह के हानिकारक ट्रांस फैट्स से मुक्त हों। डालडा वनस्पति एक जिम्मेदार कुकिंग मीडियम ब्रांड है और ट्रांस-फैट-मुक्त डालडा वनस्पति, आहार संबंधी नए दिशानिर्देशों के अनुकूल है जोकि डाइट में ट्रांस फैट की मात्रा का सेवन कम करने पर जोर देते हैं।

**विविधतापूर्ण विविध प्रकार की कुकिंग** डालडा वनस्पति किचन में अपनी विविधताओं के लिए जाना जाता है। चाहे आप फ्राइ कर रहे हों, डीप फ्राई या फिर भूनने का काम कर रहे हों, कुकिंग का यह माध्यम आपके रोजमर्रा की कुकिंग की जरूरतों को पूरा करता है।

**उत्कृष्ट हीट स्टैबिलिटी** डालडा वनस्पति उच्च तापमान पर भी थर्मल डिग्रेडेशन के बिना सबसे बेहतर तरीके से स्थिर बने रहने का गुण रखता है। इस प्रकार यह डीप फ्राइंग के लिए बढ़िया विकल्प बनता है।

**रसोईघर की खुबशू** ट्रांसफैट -फ्री डालडा वनस्पति की खुशबू आपके पकवानों पर हावी हुए बिना उनके स्वाभाविक स्वाद को बेहतर बना देता है। खासतौर से यह उन लोगों के लिए है जो पारंपरिक भारतीय पकवानों के अनूठे स्वाद को पसंद करते हैं।

**किफायती कुकिंग** ट्रांसफैट-फ्री डालडा वनस्पति का चुनाव आपके लिए केवल फायदेमंद ही नहीं बल्कि किफायती भी है। यह क्वालिटी और किफायत का एक सटीक संतुलन है, जो सेहत तथा बजट को महत्व देने वाले ग्राहकों के लिए बड़े पैमाने पर सुलभ है।

**भरोसेमंद ब्रांड** 75 सालों से भी ज्यादा की परंपरा के साथ डालडा भारतीय घरों का एक भरोसेमंद ब्रांड है। विटामिन ए तथा डी युक्त ये ट्रांसफैट फ्री वनस्पति, अपने पोषण देने के वादे को खानपान की बदलती आदतों के साथ भी पूरा कर रहा है। इसे आज की जरूरतों और परंपरा के मेल से बनाया गया है, जो इसे ग्राहकों के लिए भरोसेमंद विकल्प बनाता है।

एक ऐसी दुनिया में जहां सेहत को लेकर जागरूकता बढ़ी है, ऐसे में किचन में एक समझदारी-भरा निर्णय लेना बेहद जरूरी है। ट्रांसफैट फ्री डालडा वनस्पति यह सुनिश्चित करता है कि आप अपने पसंदीदा पकवान, ट्रांसफैट के दुष्प्रभावों के बिना, चाव से खा सकें तो, अगली बार जब भी आप अपने किचन में खाना बनाने जाएं तो अपने पसंदीदा पकवान बनाने के लिए आत्मविश्वास के साथ ट्रांसफैट फ्री डालडा वनस्पति का चुनाव करें और सेहत भरा स्वाद पायें।

## उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में बुधवार को उतार-चढ़ाव के हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। बाजार में सपाट शुरुआत के बाद बिकवाली दिखी हालांकि उसके बाद खरीदारी लौटने से बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। बुधवार को सेंसेक्स 92.47 (0.14%) अंकों की बढ़त के साथ 66,023.24 के स्तर पर जबकि निफ्टी 28.45 (0.14%) अंक चढ़कर 19,811.85 के लेवल पर बंद हुआ।

रेमंड के चेयरमैन गौतम हरि सिंघानिया से अलग रह रहीं उनकी पत्नी नवाज गौतम सिंघानिया की ओर से उनकी संपत्ति का 75 प्रतिशत हिस्सा मांगे जाने की खबरों के बीच कंपनी के शेयर में बुधवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। इस विवाद के शुरू होने के बाद से कंपनी के शेयरों में बीते सात कारोबारी सेशन में 12 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। इससे कंपनी का मार्केट कैप करीब 1500 करोड़ रुपये कम हो गया है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में गौतम सिंघानिया ने अपनी पत्नी नवाज मोदी से अलग होने का एलान किया था। कंपनी के शेयर बुधवार को 66.45 (3.81%) की गिरावट के साथ 1,676 रुपये के भाव पर बंद हुए।

## नियमों का पालन नहीं करने पर एयर इंडिया पर लगा 10 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने नियमों का पालन नहीं करने पर एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने बताया है कि 3 नवंबर 2023 को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें संबंधित नियमों के प्रावधानों का पालन न करने के लिए उनका जवाब मांगा गया था

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के कई सदस्यों ने दो उड़ानों के बीच के समय (लेओवर) के दौरान कमरा साझा करने के फैसले पर चिंता जताई है। चालक दल ने दावा किया कि इस तरह के कदम के चलते उड़ान से पहले किसी बाधा के बिना आराम करने में कठिनाइयां होती है।

दूसरी ओर एयरलाइन ने कहा है कि कमरा साझा करना कई अन्य एयरलाइंस द्वारा अपनाई जाने वाली बाजार प्रथा के अनुरूप है। सूत्रों के मुताबिक, चालक दल के सदस्यों ने कुछ सदस्यों के सेवा अनुबंधों में कटौती के साथ ही एयरलाइन में मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में भी चिंता जताई है। लाभ कमाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस इस समय घाटे में चल रही एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) को अपने साथ विलय करने की प्रक्रिया में है। चालक दल के सदस्यों को बाहरी स्टेशनों पर पांच सितारा या चार सितारा होटल में एक कमरा दिया जाता था। ताजा फैसले के बाद अब एक कमरा दो सदस्यों को साझा करना होगा।

सूत्रों ने कहा कि चालक दल के कई सदस्यों ने कमरा साझा करने और अन्य मुद्दों को लेकर एयरलाइन प्रबंधन को ई-मेल लिखा है। ई-मेल में यह भी दावा किया गया है कि कई सदस्यों के अनुबंध को पांच साल से घटाकर एक साल कर दिया गया है और इस कटौती से काम का माहौल खराब हो रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि एआईएक्स कनेक्ट और एआई एक्सप्रेस के एकीकरण के तहत दोनों संस्थाओं की नीतियों और प्रथाओं के बीच तालमेल बैठाया जा रहा है। इस संबंध में सभी हितधारकों की राय सुनी जाएगी।

## पांच दिन चले उठापटक के बाद ओपनएआई में सैम आल्टमैन की वापसी

**नई दिल्ली।** पांच दिन तक चले उठापटक और हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद ओपनएआई के संस्थापक सैम ऑल्टमैन ने एआई कंपनी में वापसी की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, मुझे ओपनएआई पसंद है, और पिछले कुछ दिनों में मैंने जो कुछ भी किया है वह इस टीम और इसके मिशन को एक साथ रखने के लिए है। जब मैंने माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने का फैसला किया, तो यह स्पष्ट था कि यह मेरे और टीम के लिए सबसे अच्छा रास्ता था। नए बोर्ड और सत्या के समर्थन के साथ, मैं ओपनएआई में लौटने और एमएसएफटी के साथ हमारी मजबूत साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। इससे यह तय हो गया है कि सैम आल्टमैन ओपनएआई में मुख्य कार्यकारी के रूप में वापसी कर रहे हैं। हाई-प्रोफाइल एआई स्टार्टअप ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी है। कंपनी ने कहा है कि पिछले हफ्ते आल्टमैन को स्टार्टअप से अचानक बर्खास्त करने के बाद पांच दिनों की गहन चर्चा और बहस के बाद विश्वास का माहौल बन गया है।

ओपनएआई, जो सबसे मूल्यवान अमेरिकी स्टार्टअप है, ने कहा कि वह आल्टमैन की वापसी के लिए सैद्धांतिक रूप से एक समझौते पर पहुंच गया है। इसके अलावे स्टार्टअप अपने बोर्ड में भी बदलाव कर रहा है और कई सदस्यों को हटा रहा है। सेल्सफोर्स के पूर्व मुख्य कार्यकारी ब्रेट टेलर, अमेरिका के पूर्व वित्त मंत्री लैरी समर्स और कोरा के संस्थापक एडम डी एंजेलो एआई स्टार्टअप में नए बोर्ड का हिस्सा होंगे। स्टार्टअप ने कहा कि टेलर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे।

माइक्रोसॉफ्ट, जो ओपनएआई के लगभग 49त्न का मालिक है, पिछले हफ्ते ओपनएआई के फैसले से हैरान था। कंपनी ने अपने यहां एक सॉफ्टवेयर समूह में आल्टमैन को नियुक्त करने का एलान कर दिया था। उसस पहले ओपनएआई के पूर्व अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन और स्टार्टअप के अनगिनत अन्य सदस्यों ने ओपनएआई बोर्ड के फैसले के विरोध में इस्तीफा दे दिया था।

## जिंद यूनिवर्स की ओर से "नाउ": एक शक्तिशाली गीत, जो आत्मविश्वास और केयरफ्री होने की प्रेरणा देता है



इसके आकर्षक विज़्युअल्स और शानदार बीट्स पर झूमने लगेंगे लोग

**नई दिल्ली।** ''नाउ'' बाय जिंद यूनिवर्स एक ऐसा ट्रैक है, जो भावनाएं जगा देगा और आत्मविश्वास, भरोसे, केयर-फ्री और दृढ़ निश्चय का गान बनकर पूरे विश्व के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। इसमें शानदार बीट्स और आकर्षक विज़्युअल्स का बेहतरीन मिश्रण है, जिस पर सारे श्रोता खुद-ब-खुद झूमने लगेंगे।

''नाउ'' बाय जिंद यूनिवर्स केवल एक गीत ही नहीं, बल्कि यह एक हृदयस्पर्शी भावना है। यह प्रेरणा का संदेश देता है, और श्रोताओं से स्वयं पर पूरे भरोसे के साथ वर्तमान क्षण को अपनाने का आह्वान करता है। इस गीत की शक्तिशाली बीट्स और आकर्षक धुन आपके जोश और उत्साह को बढ़ाते हुए इसे हर प्लेलिस्ट का अभिन्न हिस्सा बना देंगी।

इस मोहक ट्रैक के साथ एक प्रभावशाली म्यूज़िक वीडियो भी है, जो प्रोत्साहन और आत्मविश्वास का शक्तिशाली संदेश देता है। इसके विज़्युल्स संगीत के सार के साथ एक दिलचस्प अनुभव उत्पन्न करते हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर उन्हें इसकी हर तान के साथ झूमने के लिए तैयार कर देते हैं। अपने पंजाबी स्वैग और विवेकशील चयन के साथ जिंद का 'नाउ'' सांस्कृतिक प्रतीक बन जाएगा, और हर प्लेलिस्ट में अपनी स्थायी जगह बना लेगा।

इस रिलीज़ के बारे में जिंद ने कहा, ''मुझे संगीत की शक्ति पसंद है क्योंकि यह एक ही गीत में आपको बहुत सारी भावनाओं का अहसास कराती है। ''नाउ'' के माध्यम से मैंने भी यही करने का प्रयास किया है।

# आयशर ने हेवी ड्यूटी ट्रकों की नॉन स्टॉप सीरीज लॉन्च की

**नई दिल्ली।** वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की बिजनेस यूनिट आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने आयशर नॉन-स्टॉप सीरीज के लॉन्च की घोषणा की जो हैवी ड्यूटी वाले ट्रकों की एक नई सीरीज है जिसे देश में तेजी से बदलती लंबी दूरी के ट्रांसपोर्टेशन के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। चार नए हेवी-ड्यूटी ट्रकों वाली नॉन-स्टॉप सीरिज पॉवरफुल और फ्यूल एफिशिएंट इंजनों से लैस है और फ्लिट ओनर्स को बेहतर परफॉर्मेंस और बेहतर अपटाइम प्रदान करने के लिए एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेट है। आयशर प्रो 6019एक्सपीटी, टिपर आयशर प्रो 6048एक्सपी, हॉलेज ट्रक आयशर प्रो 6055एक्सपी और आयशर प्रो 6055एक्सपी 4म2, ट्रैक्टर-ट्रक, आयशर के भारी, मध्यम और हल्के ड्यूटी ट्रकों और बसों की एक्सटेंसिव लाइन-अप के कॉम्प्लीमेंट करता हैं।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीईसीवी के एमडी और सीईओ, श्री विनोद अग्रवाल ने कहा हमें एचडी ट्रकों की नॉन-स्टॉप रेंज पेश करने में बहुत गर्व है जो इंडस्ट्री में स्टैंण्डर्ड



स्थापित करेगा जो न केवल हमारे कस्टमरों की सफलता के लिए हमारे डेडिकेशन का रिप्रजेंट करेगा बल्कि हमारे देश में लॉजिस्टिक्स की एफिशियंसी और कॉस्ट में सुधार की दिशा में भी। हमारे इंडस्ट्री के लीडिंग अपटाइम सेंटर और माय आयशर ऐप द्वारा सपोर्टेड, यह नई रेंज आयशर कस्टमरों के लिए अधिक प्रोडक्टिविटी और प्रोफीबिलटी प्रदान करेगी। वीईसीवी के एचडी ट्रक बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गगनदीप सिंह गंधोक ने इस माइलस्टोन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा आयशर अपने कस्टमरो को एक मजबूत हेवी-ड्यूटी पोर्टफोलियो प्रदान करता है जो एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेड है जिसके परिणामस्वरूप प्रोडक्टिविटी और प्रॉफिबिलटी में वृद्धि होती है वाहनों की नई सीरीज को असाधारण परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है और एआई और मशीन लर्निंग का लाभ उठाने वाले हमारे हॉलिस्टिक सर्विस सॉल्यूशन के साथ, वे बिजनेस और प्रॉफिबिलटी में नॉन स्टॉप ग्रोथ देने के लिए तैयार हैं। बेस्ट इन क्लास पॉवर और टॉर्क के साथ नॉन-स्टॉप सीरिज आयशर प्रो 6048एक्सपी 48-टन जीवीडब्ल्यू के साथ, यह वाहन,फ्यूल एफिशिएंट वीडीएक्स 8 इंजन द्वारा संचालित है जो 300 एचपी की हाई पावर प्रदान करता है। 1200 एनएम का हाई इंजन टॉर्क लंबी दूरी के ट्रांसपोर्टेशन में बेहतर परफॉर्मेंस और हाई प्रोडक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। आयशर प्रो 6055एक्सपी और आयशर प्रो 6055/1 (4म2) ये ट्रैक्टर ट्रेलर एक इकोनॉमिकल वीईडीएक्स8 इंजन द्वारा संचालित होते हैं, जो 300 एचपी की टॉप नॉट पॉवर प्रदान करता है जो 1200 एनएम का मैक्सिमम टॉर्क पैदा करता है। वाहनों को ऑप्टिमम परफॉर्मेंस, बेहतर टर्नअराउंड टाइम और लंबी दूरी की लॉजिस्टिक्स के लिए बेहतर अपटाइम के लिए एक मजबूत और बेहतरीन ड्राइवलाइन के साथ डिजाइन किया गया है।

# खाद्य सचल दल देवरिया के द्वारा चलाया गया अभियान



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में तथा तत्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन मे हलाल प्रमाणन सम्बन्धी खाद्य पदार्थों को तत्काल प्रतिबन्धित किये जाने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग आज लगभग 08 प्रतिष्ठानों तथा 5 मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करते हुये हलाल प्रमाणीकरण पाए गए खाद्य पदार्थ SAPPHIRE BRAND शुगर बॉयल्ड कन्फेक्शनरी पांच डिब्बे तथा उक्त ब्रांड के टर्टल चोको मिल्क कोकोनट चॉकलेट कुल 5 डिब्बे कुल मात्रा 2250 ग्राम तथा कुल मूल्य 1625 रुपए था को विक्रेता की उपस्थिति और सहमति के उपरांत नष्ट करवा दिया गया। खाद्य सचल दल देवरिया के द्वारा जनपद के शहरी क्षेत्र में हनुमान मंदिर के निकट किराना स्टोर, सीसी रोड पर किराना स्टोर, गरुल पार चौराहे पर स्थित किराना स्टोर तथा भटवालिया रोड स्थित बीपीसीएल के पेट्रोल पंप पर मित्तल किराना स्टोर का निरीक्षण किया गया जिसमें मित्तल किराना स्टोर पर उपरोक्त वर्णित हलाल प्रमाणीकृत खाद्य पदार्थ पाए गए ,जिनको विक्रेता की सहमति और उपस्थिति में नष्ट करवा दिया गया। उपरोक्त अभियान अग्रिम आदेशों तक चलेगा, उपरोक्त अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड 2 विनय कुमार सहाय जनपद देवरिया द्वारा किया गया तथा खाद्य सचल दल में औषधि निरीक्षक रूद्रेश कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवेंद्र तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राम यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेंद्र खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा एवं खास सुरक्षा अधिकारी संदीप श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## भाजपा की वोटर चेतना महाअभियान की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

# वोटर लिस्ट में नए और युवा मतदाताओं का नाम जोड़ें: भूपेंद्र

अवधनामा संवाददाता



- तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर जिला प्रभारी सुनील गुप्ता को कार्यकर्ताओं ने दी विदाई

**देवरिया।** बुधवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर वोटर चेतना महा अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमे जिला प्रभारी सुनील गुप्ता ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों को आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि सभी 28 मंडलों के प्रत्येक बूथों पर फार्म संख्या 6, 7 व 8 का प्रयोग करते हुए नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने तथा नाम सुधार करवाने का कार्य प्राथमिकता के तौर पर करें।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान में प्रत्येक वोटों को चिन्हित करके वोटर लिस्ट में नए और युवा मतदाताओं का नाम जोड़ें उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की सभी कार्यकर्ताओं से अपील की। वोटर चेतना महा अभियान के जिला संयोजक अजय उपाध्याय ने कहा कि सभी सातों विधानसभाओं के पदाधिकारी और कार्यकर्ता निष्ठापूर्वक अभियान में हिस्सा लें और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक भी मतदाता छुटने न पाएं इसका ध्यान रखें। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह और जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि ने भी संबोधित किया। संचालन प्रमोद शाही ने किया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी सुनील गुप्ता को माला पहनाकर उनके 3 साल के सफल कार्यकाल की बधाई दी। अपने प्रति कार्यकर्ताओं का असीम प्रेम देखकर सुनील गुप्ता अत्यंत भावुक हो गए। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला पदाधिकारीगण, जिला पंचायत सदस्य गण, ब्लॉक प्रमुख गण, प्रदेश एवं क्षेत्र के जिले में निवास कर रहे पदाधिकारीगण, पूर्व जिला अध्यक्ष गण, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी, जिला एवं मंडल मतदाता सूची प्रमुख एवं सह प्रमुख। आईटी एवं सोशल मीडिया के जिला, लोकसभा, विधानसभा एवं मंडल के पदाधिकारी गण मोर्चों के प्रदेश एवं क्षेत्र के जिले में निवास कर रहे पदाधिकारीगण, मोर्चों के जिला अध्यक्ष गण, जिला महामंत्री गण सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महीनो से गायब पकड़ी गांव का सफाईकर्मी निलंबित

अवधनामा संवाददाता

- ग्राम प्रधान ने लिखित शिकायत एडीओ पंचायत मोतीचक को दिया था
- जांचोपरांत सफाई कर्मी दोषी पाया गया, शराब पीकर गांव में जाता था सफाईकर्मी

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम सभा पकड़ी में कार्यरत सफाईकर्मी बिना कारण बताए महीनों से गायब होने व शराब पीकर कार्य करने की पुष्टि होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बता दें कि उक्त ग्राम सभा के प्रधान प्रवीण सिंह सामाजिक सेवा व देशभक्ति से ओत प्रोत से सुर्खियों में रहते है। इन्होंने ने बीते 6 नवंबर को एक लिखित शिकायत पत्र एडीओ पंचायत मोतीचक को दिया था जिसमें गांव में तैनात सफाई कर्मी अनिल कुमार बिना सूचना दिए पिछले महीने से अनुपस्थित चल रहा है। इसके साथ ही ग्राम सभा में विभिन्न त्योहारों के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसपर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को इसकी सूचना दी। जिसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जांच कराया गया तो सफाई कर्मी दोषी पाया गया। जिसे तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत राज अधिकारी ने निलंबित कर दिया। बताते चले कि ग्राम प्रधान ई0 प्रवीण सिंह ग्राम सभा के विकाश कार्य, क्षेत्र में सामाजिक कार्य, और निशुल्क शिक्षा देने के लिए हमेशा सुर्खियों में रहते है। ग्राम प्रधान ई0 प्रवीण सिंह ने बताया कि सफाई कर्मी को लगातार हिदायत और काम के प्रति सजकता के लिए नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु उनके कार्यशैली में कोई सुधार न होने के कारण जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निलंबित किया गया है।

## रोजगार मेले का आयोजन 25 को

**अमेठी।** सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज एवं कौशल विकास मिशन अमेठी के संयुक्त तत्वाधान में 25 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से संजय गॉधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा रोजगार मेले में 10वीं 12वीं स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदक अपने यूजर आईडी के माध्यम से सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार मेला आईडी-8566 पर इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते है तथा रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो व बायोडाटा के साथ संजय गॉधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में समय से उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है।

# नए टीबी रोगियों की खोज का विशेष अभियान आज से

## विशेष अभियान के लिए 229 टीमें एवं 46 पर्यवेक्षक लगाए गए

अवधनामा ब्यूरो

- जनपद की बीस प्रतिशत आबादी लगभग 860333 की जनसंख्या में चलाया जायेगा अभियान
- टीम के सदस्य घर घर जाकर करेगे टीबी के लक्षणों की स्क्रीनिंग
- टीबी मुक्त पंचायत पर भी रहेगी नजर

**कुशीनगर।** आज से जनपद में नए टीबी रोगियों की तलाश के लिये जिला क्षयरोग विभाग की टीम ने विशेष अभियान के लिये समस्त तैयारी पूर्ण कर ली है। इस विशेष अभियान में सक्रिय टीबी रोगियों की पहचान करने के लिये टीम के सदस्य घर घर जायेगे। टीम के सदस्य ग्रामीण इलाकों में घर घर जाकर टीबी के लक्षणों की स्क्रीनिंग करेगे तथा सम्भावित व्यक्तियो के बलगम के नमूने एकत्र कर उनके जाँच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लाये जायेगे।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत 2025 अभियान के तहत केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाने के निर्देश जनपद को प्राप्त हुये है। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के 14 ब्लाक की जनसंख्या के 20 प्रतिशत की आबादी लगभग 860333 की जनसंख्या के लेकर पूरे जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो आगामी दस कार्यदिवसों में चलेगा जिसका समापन 5 दिसम्बर को होगा। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिये जनपद में कुल 229 टीमें लगाई गयी। प्रत्येक टीम में तीन सदस्य होंगे जो घर घर जाकर लोगों में टीबी के लक्षणों की स्क्रीनिंग करेगे।

टीम के सदस्य द्वारा सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूनों को एकत्रित कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाँच हेतु लायेंगे। जिनकी जाँच एलटी द्वारा की जायेगी। बलगम धनात्मक मिलने पर उस व्यक्ति का निःशुल्क उपचार किया जायेगा तथा उसे प्रतिमाह पोषण योजना का लाभ भी दिया जायेगा।

टीम के सदस्यों में आशा कार्यकत्री, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं स्वयंसेवी व्यक्ति यो को रखा गया है। इसके कार्यो के प्रतिदिन पर्यवेक्षण के लिये जनपद में 46 पर्यवेक्षको को लगाया गया है। इस विशेष अभियान में इस बात पर फोकस रहेगा कि कोई ग्रामीण इलाको में कोई भी नया टीबी रोगी छूटे नही उन्हें चिहिन्त कर उनके स्वास्थ्य होने के लिये सभी सरकारी सुविधाएं मुहैया करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में टीबी मुक्त पंचायत पर भी नजर रहेगी कि किसी गाँव में एक भी टीबी के केस नही मिलेंगे तो उस गांव को टीबी मुक्त घोषित कर उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र, जिला पीपीएम समन्यवक नितेश राय उपस्थित रहे।

> सक्रिय टीबी रोगी खोज के दस दिवसीय विशेष अभियान के माध्यम से नये टीबी रोगियों को खोजकर जनपद के नोटिफिकेशन के ग्राफ को बढ़ाने का एक सुनहरा अवसर है। इसके लिये टीबी विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिये गये है। जनपद के सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर टीमों का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया है। इस अभियान के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

# पराली जलाते समय तीन एकड़ गन्ने की खड़ी फसल जली

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव असना में बुधवार को पराली जलाते समय आसपास स्थित गन्ने के फसल में आग लग गई जिससे खड़ी गन्ना की फसल लगभग तीन एकड़ जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव के अशोक निषाद एवं उनकी पत्नी ने धान की पराली में आग लगा दी थी और यह आग बड़ी तेजी से फैली और बगल के गन्ने के तीन खेत उस पराली की आग के भेंट चढ़ गए जिससे गांव के ही तीन किसानो के गन्ने की फ़सल में आग लग गई।

- अहिरौली थाना क्षेत्र के असना गांव में पराली जला रहे थे

किसान तेज बहादुर सिंह पुत्र खुबलाल सिंह का एक एकड़ 28 डिसमिल, राजेश्वर पुत्र बलिकरन का 15 कट्ठा तथा उदयभान सिंह पुत्र शारदा सिंह का 10 कट्ठा गन्ना जलकर खाक हुआ है।राजेश्वर सिंह का खेत गांव के इंद्रजीत ने हुंडा पर लिया हुआ है तथा उदयभान सिंह का खेत गांव की ही राज कुमारी देवी हुंडा पर ली हुई है जिनके गन्ने में आग लगने से गन्ने की फसल नष्ट हुई है इस प्रकार की आग लगी से इन किसानों में निराशा देखने को मिली और यह काफी गमगीन दिखाई दे रहे थे। किसान काफी मेहनत करने के बाद फसलों को तैयार करता है लेकिन इस प्रकार की आपदाओं से उसे हताशा का सामना करना पड़ता है।

### पराली जलाने वालों पर लगाम कसमें में प्रशासन विफल

जहां सरकार एक तरफ पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है वही हाटा तहसील क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाएं आम हो गई है। लोग फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ वातावरण को भी प्रदूषित कर रहे हैं। अभी विगत दिनों हाटा के उप जिलाधिकारी और तहसीलदार ने पराली जलानें पर पांच किसानों पर जुर्माने की कार्रवाई कर इतिश्री कर लिए।

# जिले की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बुधवार को जनपद की 12 ग्राम पंचायतों क्रमशः बेनीपुर सराय खेमा त्रिशुंडी भागीपुर बस्तीदेई बेनीपुर बलदेव छतहुआ मेंढ़ौना बनभरिया सिठौली अहमदपुर व हरखूमऊ में किया गया।

विकासखंड अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय खेमा में आयोजित विकसित भारत यात्रा का शुभारंभ भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह डिप्टी डायरेक्टर जनरल जॉइंट सेक्रेटरी आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स भारत सरकार जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व नोडल अधिकारी डीएम सीडीओ द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया। इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया जा रहा था। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करने के साथ ही 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया तदोपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई।

# नोडल अधिकारी ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



- अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर यात्रा को बनाये सफल

**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में भारत सरकार द्वारा जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। नोडल अधिकारी ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना से जन मानस को परिचित कराने के साथ ही विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से लोगों को जोड़ना भी है।

उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त 1121 ग्राम पंचायतों एवं 17 नगर निकायों में आगामी 60 दिनों के भीतर विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विभिन्न योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करेगी। नोडल अधिकारी ने बताया कि संकल्प यात्रा में कुल 12 विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उन्होंने समस्त विभागों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर यात्रा को उसकी मूल भावना के अनुरूप सफल बनाने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, हर घर जल-जल जीवन मिशन, मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी, ग्रामीण) स्टार्टअप और स्टैंड अप इंडिया जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं से पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन, पंजीकरण और लाभान्वित करना है।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि यात्रा के दौरान आमजनमानस को विकसित भारत की संकल्पना के संबन्ध में जागरूक किया जाएगा। सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों की प्रेरणादायक सफलता की कहानी से लोगों को रूबरू कराया जाएगा। विभिन्न योजनाओं की केवाईसी अपडेट करने के लिए विशेष कैंप आयोजित किये जायेंगे।

उत्तर प्रदेश शासन के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों का गठन कर दिया गया है। इन पंचायत स्तर की समितियों से ब्लॉक लेवल के विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय स्थापित कर खंड विकास अधिकारियों को कार्यक्रम की रिपोर्ट देंगे और खंड विकास अधिकारी प्रतिदिन के कार्यक्रम का डाटा पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करेंगे।

# किसान दिवस में खाद बीज व ट्रालों द्वारा ओवर लोडिंग धुलाई का छाया रहा मुद्दा

अवधनामा ब्यूरो

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित रहा किसान दिवस

**कुशीनगर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें खाद बीज, ओवर लोडिंग ट्रलों द्वारा गन्ने की धुलाई, नहरों की सफाई आदि का मुद्दा छाया रहा। जिसे जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया। बैठक में कृषकों द्वारा खाद बीज की कमी, बड़े ट्रालों, ओवर लोडिंग गन्ने की ढुलाई, नहरों की सफाई आदि समस्याओं को प्रमुख रूप से प्रस्तुत किया गया। जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी मेनका सिंह द्वारा खाद बीज की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण सहित स्थिति की जानकारी दी गई। कृषकों की मांग पर गेहूं की प्रजाति 2967 बीज मंगाने का आश्वासन जिला कृषि अधिकारी द्वारा दिया गया। नहरों की सफाई की शिकायत के क्रम में सम्बन्धित द्वारा प्रस्ताव में शामिल होने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि बड़े ट्रालों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है, ट्रक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होते ही 8-10 दिनों के अंदर अभियान चलाकर बंद कराई जाएगी। एक मुश्त विद्युत बिल जमा करने के सम्बन्ध में सभी को अवगत कराया गया। अन्त में उप कृषि निदेशक कुशीनगर द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का समाधान गंभीरता पूर्वक शीर्ष प्राथमिकता पर करें। किसान बन्धुओं एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

# आईजीएल ने ट्रक ड्राइवरों को दस लाख का दुर्घटना बीमा और पुरस्कार देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में कंपनी परिसर में आज सभी ट्रक ड्राइवरों को दस लाख का दुर्घटना बीमा, कपडा, हेल्थ कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ल और मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा श्रीमती अनुज मालिक (आईएएस) रही। विशिष्ट अतिथि ओएसडी गीडा अनुपम मिश्रा, उपजिलाधिकारी सहजनवा सचिन सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात श्यामदेव ,सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अरुण कुमार, भारतीय पोस्टल सेवा के मुख्य प्रबंधक मुकेश कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, प्रख्यात समाजसेवी एवं पूर्व अध्यक्ष चेंबर आफ इंडस्ट्रीज गीडा एस के अग्रवाल, प्रशिद्ध उद्योगपति प्रवीण मोदी , रामशानकर शुक्ल, प्रख्यात समाज सेवी परशुराम शुक्ल, पूर्व सैन्य अधिकारी ओपी मिश्रा, प्रमोद राय, मदन मुरारी गुप्ता, डॉ शिव शंकर शाही, डॉ सीमा साही डॉ अंजनी त्रिपाठी, डॉ अमित मित्तल, सभासद जुड़ियाँन मोनू यादव रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने किया और आतिथ्य परिचय डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने दिया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा प्रदर्शित विश्व स्तर के सुरक्षा उपकरणों का निरिक्षण किया गया ततपश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद सभी अतिथियों को प्रभु श्री राम मंदिर का स्मृति चिन्ह , पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यकम का संचालन डॉ सुनील मिश्रा ने किया। उन्होंने चंद पंक्तिया सम्मानीय मंच के लिए कहा की हम युवा देश की ताकत है परिवर्तन लाकर मानेगे। कर देंगे ऐसा काम जिन्हे सब मिल का पत्थर जानेगे, कृषकाय नहीं भो पायेगा यह वतन सहस्त्रो वर्षो तक नवभारत को दुनिया वाले चिरयुवा के नाम से जानेगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एस के शुक्ल ने कहा लोकप्रिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है और इसी क्रम में ट्रक ड्राइवरों को दस लाख का बिमा प्रदान किया जा रहा है।

# सपाइयों ने मुलायम की मनाई जयंती



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत गोल के वार्ड नंबर 4 बिसरा पेट्रोल पंप के सामने सपा कार्यालय पर बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज बहादुर चन्द भैया जी ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री व पुर्व रक्षा मंत्री धरती पुत्र श्रद्धेय स्व मुलायम सिंह यादव के चित्र पर फुल माला अर्पित व नमन तथा याद करते हुए जयंती मनाई गई।इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री भैया जी ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी गरीब नौजवान किसान आदि सभी का ख्याल रखते हुए इनके हितों की लड़ाई लड़ते थे। इनके पास जो भी जाता था वह न्याय पाता था। इन्होंने कभी वर्ग विभेद नहीं किया। यह गरीबों के मसीहा थे। नेताजी की याद सभी के दिलों में बसा रहेगा। हम सभी को उनके विचारों को आत्मसात करते हुए चलना चाहिए। यही इनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि प्रभारी मिर्जा कादिर वेग ने कहा कि सपा संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया। अपने कार्यकाल में इन्होंने विकास की गंगा बहाया आज हम सभी के बीच नेताजी नहीं है इनकी कमी खल रही है। हम सभी इनको शत-शत नमन करते हैं।कार्यक्रम में राजकुमार प्रजापति भीम यादव रामप्रसाद शर्मा मुन्ना हाशमी शरवन यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष भोला यादव व संचालन सलीम शेख ने किया। इस अवसर पर तेज नारायण यादव जितेंद्र यादव हरदेव यादव अमरजीत राज विंध्याचल यादव अयोध्या दास ओम प्रकाश यादव मुख्तार अहमद शेषनाथ बेलदार अजमल शेख विशाल सिंह रावत अरुण यादव शिवचंद बेलदार महेंद्र यादव अखिलेश यादव राहुल गौड़ सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल मार्केटिंग की अग्रणी कंपनी से उद्यमियों को मिलेगी बेहतर सेवा

अवधनामा ब्यूरो




कार्यक्रम में उद्यमियों को पुरस्कृत करते डायरेक्टर

**कुशीनगर।** टेक्नोप्टिमाइज़, एक उद्यमी डिजिटल मार्केटिंग कंपनी, ने अपने उद्देश्य के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे से बड़े बिजनेस और संगठनों को डिजिटल मार्केटिंग सेवाओं का अद्वितीय अनुभव प्रदान करने का कार्य किया है। यह कंपनी इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा मार्गदर्शित है और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

टेक्नोप्टिमाइज़ की विशेषता यह है कि यह मुख्य रूप से छोटे और मध्यम आकार के व्यापारों और संगठनों के लिए मार्केटिंग सेवाएं प्रदान करने में समर्थ है, और यह सभी सेवाएं कम लागत में उपलब्ध करती है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारों को डिजिटल मार्केटिंग के सार्वजनिक लाभों से जोड़ने का है ताकि वह भी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रमोशन कर सकें। इस कंपनी ने अपने आदान-प्रदान से साबित किया है कि डिजिटल मार्केटिंग का आनंद उन सभी व्यापारों और उद्यमियों को मिलना चाहिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, और इसे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में फैलाने के लिए उन्होंने नए तथा सुगम तरीकों का उपयोग किया है। यह कंपनी इंग्नू विश्वविद्यालय के उद्यमी समागम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय सक्सेना के समक्ष अपने ग्रामीण विकास के कार्यों को प्रस्तुत करके मान्यता प्राप्त कर चुकी है। कंपनी के डायरेक्टर, मनीष पाण्डेय, एक कुशल उद्यमी और डिजिटल मार्केटिंग के जानकार हैं, जो बताते हैं कि टेक्नोप्टिमाइज़ को इस स्तर तक लाने में राष्ट्रीय दूरस्थ शिक्षा नवाचार केंद्र - इग्नू नई दिल्ली ने महत्वपूर्ण योगदान किया है।

# विविधीकरण अपनाकर अपनी आय वृद्धि करें किसान: मोनिका रानी

अवधनामा संवाददाता

- किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण के दिये गये निर्देश
- कृषि आधारित अन्य व्यवसाय अपनाने के किसानों को दी गयी सलाह



**बहराइच।** किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस आयोजित हुआ। बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के किसानों तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा किये जा रहे इनोवेटिव एक्टिविटी का फीड बैक लिया। बैठक के दौरान श्री पंकज वर्मा तेजवापुर एवं जियाउल हक शंकर लौकी 06 फिट लम्बाई तथा गोल लौकी की खेती के सम्बंध में उपस्थित किसानों को उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। डीएम ने उपस्थित किसानों से कहा कि यदि अपनी आय बढ़ानी है तो खेती में विविधिकरण अपनाना होगा। उन्होनें उपस्थित कृषक उत्पादक संगठनों से कहा कि अधिक से अधिक किसानों को अपने एफपीओ के साथ जोड़े। उन्होनें कहा कि यदि आपके एफपीओ में 500 किसान जुड़ गये है तो यदि एक किसान 01 बीघा में मिर्चा, बैगन, टमाटर, परवल, लौकी, कुमढ़ा की खेती करता है तो उस एफपीओ के पास कम से कम 500 बीघा में मिर्चा, बैगन, टमाटर, परवल, लौकी, कुमढ़ा का उत्पादन एकत्रित होगा। जिसका विक्रय प्रदेश के किसी भी मण्डी में जहां उत्पादन का मूल्य अधिक प्राप्त होता है विक्रय कर सभी सदस्यों की आय वृद्धि की जा सकती है। विशेषकर मल्टी नेशनल कम्पनियां स्वयं ऐसे एफपीओ से सम्पर्क करेगी। उन्होनें अधिशाषी अभियन्ता जल निगम से विकास खण्ड तेजवापुर के ग्राम पंचायत भकलागोपालपुर में पेयजल समस्या का तत्काल समस्या का समाधान कर अवगत कराये। इसके अलावा अधिशाषी अभियन्ता नककूप को निर्देश दिये गये कि जनपद में स्थापित समस्त राजकीय नलकूपों की ग्राम वाइज सूची तथा उनके चलने की सूचना दो दिन के अन्दर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने किसानों को विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय वृद्धि करें। रसायनिक खादों का प्रयोग कम से कम करें इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है प्राकृतिक खेती के तरफ विशेष ध्यान दे। जैविक खेती से जैविक उपज की बाजार में दो से चार गुने मूल्य प्राप्त होता है। उन्होनें किसानो को सलाह दी कि अपनी फसल अवशेष को जलाये नही बल्कि कम्पोस्ट खाद बनाकर अपनी खेतो में डाले इससे खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी।

आप सभी अपने आस-पास के किसानों को जलाने से रोकें। 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपनी फसलों गेहूँ, मसूर तथा राई, सरसों की फसलो का बीमा कराकर लाभान्वित हो। श्री शाही ने विगत बैठक में किसानो द्वारा उठायी गयी समस्याओं के सम्बंध में सम्बन्धित विभागो द्वारा की गयी कार्यवाही से किसानों को अवगत कराया।कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ शैलेन्द्र सिंह ने वर्तमान रबी फसलों की बोआई के अन्तर्गत गेहूँ, दलहनी एवं तिलहनी फसलों की बोआई तथा उनमें उर्वरको का उपयोग तथा लाइन से बुआई कर अधिक आय प्राप्त करने की जानकारी प्राप्त की। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय ने किसानो को बताया कि जिले में खाद व बीज की उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज उपलब्ध है। एक सप्ताह के अन्दर फर्टिलाइजर की रैंक जिले को प्राप्त होने वाली है। डीएपी के स्थान पर एनपीके फर्टिलाइजर/नैनो यूरिया का अधिक से अधिक उपयोग करें।

## नेमवि में भाषण, पोस्टर तथा क्विज प्रतियोगिता संपन्न



अवधनामा संवाददाता

- सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण, पोस्टर तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक वर्ष माह नवम्बर में यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाता है, जिससे लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमों का पालन करने, हेल्मेट, सीट बैल्ट लगाकर वाहनों का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताये। डॉ. ओ.पी.चौधरी ने कहा कि दुर्घटना के रोकने के लिए यातायात विभाग द्वारा नियमों का पालन अति आवश्यक है। नियमों की अनदेखी करना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण होता है। इसके बाद नेहरू महाविद्यालय में भाषण, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिंसी दुबे, द्वितीय स्थान महक राजा, तृतीय स्थान अनिल कुमार ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमीषा सोनी, द्वितीय स्थान प्रतीक्षा जैन एवं तृतीय स्थान सचिन ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री सोनी, द्वितीय स्थान अमीषा सोनी तथा तृतीय स्थान शारदा ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में कार्यक्रम अधिकारी अनीता, डा.रोशन सिंह व धर्मेन्द्र यादव रहे। इसके साथ ही महाविद्यालय के असि. प्रो. जितेन्द्र कुमार सहित विवेक पाराशर, फहीम बख्श, ध्रुव किलेदार, राजीव गोस्वामी, अंकित चौबे, हरीप्रसाद, जयंत चौबे आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सांसद ने किया उदघाटन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** खेल निदेशालय के तत्वाधान में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर इन्दिरा गांधी स्टेडियम बहराइच में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर वर्ग के बालकों की बॉक्सिंग, फुटबाल व हॉकी तथा बालक-बालिकाओं की तीरन्दाजी प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने विशिष्ट अतिथि डॉ. शिशिर अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह व जिला उपाध्यक्ष दीपक सत्या के साथ पंडित दीन दयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया। 02 दिवस प्रतियोगिता के प्रथम दिवस लगभग 300 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया। उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया गया कि प्रतियोगिता के अन्तिम दिन 23 नवम्बर 2023 को शेष मैच खेले जायेंगे। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक कुमार, जीवन रक्षक रोहित सिंह के साथ-साथ कैलाश यादव, हकीक अहमद, राकेश पासवान, मो. आरिफ, मनोज कुमार पाल, विनोद कुमार, मनीष कुमार बघेल सहित वरिष्ठ खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से हो रही हैं दुर्घटनाएं



**सुल्तानपुर।** नगर के मोहल्ला वैष्णव नगर गभड़िया में लगभग 20दिन हो गए विद्युत विभाग के कर्मचारी सड़क के बीच में पोल गाड़ने के लिए गड्ढा खोद दिया और सीमेंट का पोल भी गाड़ दिया।मोहल्ले वासियों ने विरोध किया तो छोड़ कर चले गए।इस मामले में अवर अभियंता अमित श्रीवास्तव से उस समय बात हुई तो उन्होंने कहा देखते हैं द्व गड्ढे में पानी भर गया है। कोई भी हादसा हो सकता है। मोहल्ले में एक जूनियर हाई स्कूल भी है।छोटे छोटे बच्चे आते जाते हैं। अब तक दर्जनों बच्चे गड्ढे में गिर कर चोटहिल भी हो चुके हैं। शहालग के मौसम में भी मोहल्ले वासियों को बड़ी असुविधा हो रही है। इस बाबत अवर अभियंता के मोबाइल पर कई बार फोन किया गया,परंतु फोन नही उठा।मामला गभड़िया के वैष्णव नगर मोहल्ले का है।

### दीवानी के बगल से बोलेरो पर चोरों ने किया हाथ साफ

**सुलतानपुर।** दीवानी के बगल सीताकुंड चौकी के पास मुकदमे की पैरवी करने आये मुवक्किल की बोलेरो पर दिनदहाड़े चोरों ने हाथ साफ कर दिया। करौदीकला थानाक्षेत्र के गौराटिकरी निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह आवश्यक कार्य से दीवानी न्यायालय मुकदमे की पैरवी करने आये थे । उनकी बोलेरो uà¿44 ए एल 5707 सफेद रंग की बुधवार को दिन में दो बजे गायब मिली। पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को देकर शीघ्र कारवाई की मांग की है। दीवानी न्यायालय के बाहर लगातार अधिवक्ताओ व वदकारियों की बाइक गायब हो रही है। बोलेरो गायब होने से हडकंप मच गया।

## जैविक खेती से तैयार डच रोज़ की खुशबू से महकेगी तराई की फिज़ा

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, नये अनुसंधानों, शोधो तथा कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्पित जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर शैक्षणिक भ्रमण पर करनाल हरियाणा गये कृषकों के दल में शामिल 02 कृषकों द्वारा प्राकृतिक खेती से पैदा की गई कद्दू वर्गीय सब्ज़ी तथा डच रोज़ (इंग्लिश गुलाब) के फूल जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. को भेंट किया। विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर विकास खण्ड तजवापुर के ग्राम गजपतिपुर के किसान पंकज वर्मा व ग्राम शेखदहीर (भटपुरवा) के ज़ियाउलहक ने प्राकृतिक खेती से पैदा की गई 06 फिट लम्बी लौकी व गोल आकार की लौकी तथा गुलाब के पुष्प भेंट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### र्घटना में घायल हुई पत्नी की इलाज के दौरान मौत

**दोस्तपुर, सुल्तानपुर।** पत्नी के बाद पति की मौत के मामले में गांव में कोहराम मच गया। अंतिम संस्कार नहीं करने को लेकर परिजन अड़े रहे। सीओ और दोस्तपुर थानाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा के हस्तक्षेप के बाद अंतिम संस्कार को ग्रामीण राजी हुए। दोस्तपुर थाना क्षेत्र में कोहरा गांव के निकट 10 दिन पूर्व हुए हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसका इलाज चल रहा था। चार दिन पूर्व इलाज के दौरान पत्नी अनीता की भी मौत हो गई थी।

### पंडित त्रिपाठी को मिला थाना धनपत गंज के प्रभारी निरीक्षक का दायित्व

**धनपतगंज,सुल्तानपुर।** बाहरी जिले से सुल्तानपुर आए तेज तर्रार नए इंस्पेक्टर पंडित त्रिपाठी को धनपतगंज थाने का प्रभार मिला है। धनपतगंज थाना अध्यक्ष रहें धर्मवीर सिंह थाना शिवगढ़ भेजे गए। शिवगढ़ के थाना अध्यक्ष राजकुमार का गैर जनपद तबादला हुआ है। एसपी सोमेन वर्मा ने तबादले की पुष्टि की है।

### कैंसर पीड़िता को अस्पताल छोड़ गए परिजन

**सुल्तानपुर।** मुँह के कैंसर की दुर्गंध से बगल का मरीज भी दूर हो गया।जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में जीवन और मृत्यु से एक महिला संघर्ष कर रही है।दिन में उसे एडमिट करा करा कर परिजन जिम्मेदारी से पीछे हट गए।बताया जाता है कि अमहट ,कोतवाली नगर निवासी महिला को मुँह का कैंसर हुआ है। परिजन मंगलवार को एडमिट कराकर वहाँ से हट गए।हालांकि महिला का आयुषमान योजना के तहत एडमिट चार्ट बना है। चौकाने वाली बात यह है कि मरीज की फ़ाइल में परिजनों का मोबाइल नम्बर भी नही मिला। मरीज को जिस समय भावनात्मक रूप से जुड़ने की जरूरत है, वहीं उसकी यह दशा देखकर हर किसी का मन भारी हो रहा है।आसपास के तीमारदारों ने जिला अस्पताल में मुफ्त में दिए जाने वाला भोजन उपलब्ध कराया, लेकिन ऐसा कब तक चलेगा। क्या इस महिला मरीज के लिए कैंसर जैसे इंस्टीट्यूट के दरवाजे बंद हैं? कैसे मिलेगा बेहतर इलाज?यह सवाल बड़ा अहम है।

### दिनदहाड़े फायरिंग में वृद्ध की गोली मारकर हत्या

**कादीपुर।** उक्त घटना से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। गोली लगते ही वृद्ध को लेकर परिजन सीएचसी पहुंचे ।वहां मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।कादीपुर एसडीएम महेंद्र श्रीवास्तव भी सीएचसी पहुंचे।उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।थाना पुलिस जांच में जुट गई है। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के अनिरूद्ध नगर मोहल्ले की घटना बताई गई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के अनुसार हमलावर की गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे है।

### प्रधान की मां को पुलिस ने लिया हिरासत में

**सुल्तानपुर।** मायंग ग्राम प्रधान रामदेव निषाद की मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।बेटे राम देव के खिलाफ आए अविश्वास प्रस्ताव के बाद हो रहे मतदान में अपना मत डालने ग्राम प्रधान रामदेव की मां मतदानकेंद्र पर पहुंची थी।मतदान के दौरान बॉक्स में स्याही डालने के आरोप में पुलिस ने रामदेव की माँ को हिरासत में ले लिया। धनपतगंज के मायंग ग्राम पंचायत भवन में चल रही मतदान की प्रक्रिया के दौरान उक्त घटना घटी।15 ग्राम पंचायत सदस्यों ने अपने प्रधान रामदेव के खिलाफ अविश्वास जताया था।पुलिस अभिरक्षा में प्रधान रामदेव निषाद की माँ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## सड़क बन गई तालाब, किस तरह स्कूल जाएं बच्चे

- मौसम कोई भी हो हमेशा सड़क पर भरा रहता है पानी

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मौसम कोई भी हो हमेशा सड़क पर पानी भरा रहता है। चारों तरफ कीचड़ और गंदगी सालो से पूरी सड़क टूटी है। यह स्थिति है शहर से सटे हुये बहादुरपुर रोड की है। इस रोड पर एक हिदुस्तान आई टी आई और एक कौमी निशवा इंटर गर्ल्स कालेज हैं।एक नेशनल प्ले ग्रुप भी बच्चो का है यह हजारों बच्चों के स्कूल जाने का भी रास्ता है। बच्चे अक्सर इस सड़क पर गिरकर चोटिल होते रहते हैं।यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि अक्सर यह देखने को मिलता है कि सड़क पर स्कूल जाते हुए कीचड़ भरे गड्ढों में बच्चे गिर जाते हैं और उनकी ड्रेस खराब हो जाती है। यह शहर के करीब एरिया होने की वजह से इधर लोगों का काफी आना-जाना रहता है। राहगीरों ने बताया कि इस सड़क बड़े बड़े गड्ढे होने की वजह से यहां बरसात के बगैर भी पानी भरा रहता है और हमेशा सड़क तालाब में तब्दील रहती है। पिछले दिनों इस सड़क को बनाने के लिए वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री के पुत्र पुलकित सिंह ने निरीक्षण भी किया था, लेकिन अभी तक सड़क बनाने का काम शुरू नहीं हुआ। स्थिति यह है कि इस सड़क के निर्माण के लिए लोग कई बार विभाग से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हालत यह है कि इस सड़क पर कई जगह लोगों ने पैदल चलने के लिए गड्ढो में ईंटें भी डाल रखे हैं।

### बच्चों को करायी गयी हैरिटेज वॉक

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग झांसी, इन्टैक ललितपुर चैप्टर एवं बुन्देलखण्ड इतिहास संस्कृति शोध समिति द्वारा आयोजित विश्व विरासत सप्ताह के चौथे दिन एक विद्यालय के छात्रों को हैरिटेज वॉक में सीतापाठ, गोविन्द सागर बांध एवं सर्वेश्वर धाम का भ्रमण कराया गया। इन स्थानों के प्रति छात्रों में काफी उत्साह रहा, सीतापाठ प्राचीन स्थल है जहां आज भी माता सीता के चरण अंकित हैं तथा पास में बना कुण्ड भी दर्शनीय है तथा इसी प्रांगण में विशाल शिवलिंग तथा हनुमान की प्रतिमा प्रतिष्ठापित है जो काफी प्राचीन है। इन्टैक संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे जनपद एवं समूचे बुंदेलखण्ड में धरोहरों की अकूत सम्पदा मौजूद है वहीं प्राकृतिक, रमणीय स्थलों के साथ गौरवशाली हमारा इतिहास है, जिन्हें आज की पीढ़ी को जानना-समझना चाहिए तथा अपनी कला और संस्कृति से प्रेरणा लेनी की आवश्यकता है। छात्रों ने विरासत से सम्बन्धित अनेक सवाल पूंछे जिनका समाधान किया गया तथा उन्हें विरासतों एवं इतिहास के बारे में व्यापक जानकारी दी गयी।

### जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की सराहनीय पहल

## आधार की मदद से दैलवारा बालगृह में रहने वाले सात बच्चों के घर का पता मिला

- जल्द ही वे अपने परिवार से मिलेंगे

अजय श्रीवास्तव



**ललितपुर।** आधार बिछड़े लोगों को उनके परिवार से मिलाने का मुख्य जरिया बनता जा रहा है। पिछले तीन सालों में उत्तर प्रदेश में लगभग 150 लोगों को आधार की मदद से उनके परिवार से मिलाया जा चुका है, जिनमें अधिकतर बच्चें है। आधार की मदद से ललितपुर के दैलवारा बाल गृह में रहने वाले 07 बच्चों के घर का पता ज्ञात किया गया है जिनके परिवार से संपर्क करके उन्हें उनके परिवार से मिलवाया जाएगा। ये सभी बच्चे कई साल से इस बाल गृह में रह रहे थे और वे अपने परिवार से बिछड़ गए थे। विदित है की भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा राज्य के सभी बालगृहों में विशेष आधार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ललितपुर के ग्राम दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) में भी जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा विशेष कैंप का आयोजन कराया गया था। इस दौरान यह पाया गया की 07 बच्चों का आधार पहले से ही बना हुआ है, किंतु ये बच्चे अपनी खुद की पहचान और घर के पते को भूल चुके थे। जिलाधिकारी ने प्राधिकरण के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से संपक्र किया गया जिसके बाद यू.आई.डी.ए.आई. के अधिकारी आशुतोष सिंह की मदद से जिलाधिकारी द्वारा इन बच्चों को इनका आधार कार्ड सौंपा गया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं यू.आई.डी.ए.आई. के अधिकारी आशुतोष सिंह उपस्थित रहे। अब जिला प्रशासन द्वारा इन बच्चों को इनके परिवार से मिलवाया जाएगा। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी व्यक्ति का आधार एक बार ही बन सकता है और अगर कोई दोबारा आधार बनवाने की कोशिश करे तो यह अस्वीकार हो जाता है और इसकी मदद से उस व्यक्ति के पहले से बने आधार की जानकारी मिल जाती है। आधार बिछड़े लोगों को उनके परिवार से मिलाने का मुख्य जरिया बनता जा रहा है। पिछले तीन सालों में उत्तर प्रदेश में लगभग 140 लोगों को आधार की मदद से उनके परिवार से मिलाया जा चुका है, जिनमें अधिकतर बच्चें है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने सभी से अपील की है कि वे अपने बच्चों का आधार नामांकन तुरंत कराएं। अगर उनका आधार नामांकन हो चुका है तो 5 साल और 15 साल की आयु पूरी होने पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट जरूर कराए। उन्होंने आगे बताया कि जिनका आधार बने हुए अधिक समय हो गया है वे अपने आधार में नवीनतम पते का प्रमाण और पहचान का प्रमाण जरूर अपडेट कराए, साथ ही अपने आधार में मोबाईल नंबर अपडेट रखे।

## जय गुरुदेव बाल विद्या मंदिर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय जय गुरुदेव बाल विद्या मंदिर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वक डॉ राजेंद्र मिश्रा ने किशोर किशोरियों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी।

डॉ राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि किशोर स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए बच्चे किसी भी कार्य दिवस में जिला अस्पताल में संपर्क करके सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र मिश्रा ने किशोर किशोरियों को उनके यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किशोर किशोरियों में होने वाली संक्रामक बीमारियों पर भी जानकारी बच्चों को दी। डॉ मिश्रा ने बताया कि किस प्रकार किशोर अवस्था में किशोर किशोरिया नशा वृत्ति मे पड़ कर अपने स्वास्थ्य को हानि पहुंचाते हैं।

## कीर्तिशेष मुलायम सिंह यादव के जन्म दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री/पूर्व केन्द्रीय रक्षा मंत्री कीर्तिशेष मुलायम सिंह यादव के जन्म दिवस को आज बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के निवर्तमान जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में जिला महिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया तो वहीं बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाजवाद की स्थापना करने के उद्देश्य से सन 1992 में मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी की स्थापना की थी। इसके बाद उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया गया। इसके बाद वर्ष 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनी। सरकार बनने के बाद आमजन को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया तो वहीं युवाओं को रोजगार, किसानों के खेतों में सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ की गयी। वहीं कन्या विद्याधन और लैपटॉप वितरण जैसी योजनायें आज भी लोगों के जहन में हैं।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 14.12.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 014802023 दिनांक 21.11.2023 |
| कार्य का नाम | वाराणसी–लखनऊ खंड पर दांदूपुर–गौरा रेलवे स्टेशन के बीच 72बी/2ई (किमी 878/0–1) एलसी नंबर पर लिमिट हाइट सबवे (एलएचएस) का प्रावधान का कार्य। |
| अनुमानित लागत | Rs. 3,59,71,751.03 |
| धरोहर राशि | Rs. 3,29,900.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 30.11.2023 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 14.12.2023 15.00 बजे |
| बेवसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3667/23

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0 1. निविदा सं0 : 19/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ./2023–24

कार्य का नाम : ब्रिज लाइन लखनऊ यूनिट के तहत मानसून के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए एवं मानसून रिज़र्व की भरपाई के लिए उथले प्रकार की सर्विस स्पैन लंबाई 20 फीट = 02 no. 30 फीट = 02 no 40 फीट = 01 no और 60 फीट = 01 no सीसी क्रिब 2'x2'x2'=500 No. की व्यवस्था करना एवं लखनऊ मंडल के पीएफएम–पीआरजी स्टेशनों के बीच गंगा नदी पर पुल सं. 163 (30x30.5) मीटर पीएससी बॉक्स गर्डर) में इलास्टोमेरिक बीयरिंग की मरम्मत और रखरखाव के लिए बॉक्स गर्डर्स को उठाने की व्यवस्था का प्रावधान तथा निरीक्षण की व्यवस्था एवं ब्रिज लाइन लखनऊ यूनिट के अंतर्गत आपातकालीन स्थिति में उपयोग के लिए अस्थायी स्टेजिंग (विनिमेय प्रकार) का प्रतिस्थापन।

| | | |
|---|---|---|
| 2. | अनुमानित लागत | रू0 69401121.68, |
| 3. | बोली सुरक्षा राशि | रू0 497000/- |
| 4. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5. | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 01.12.2023 |
| 6. | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 15.12.2023 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |

7. न्यूनतम पात्रता की शर्तें: अ. तकनीकी : (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा।
तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या
दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या
एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।

ब. वित्तीय : निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा।

8. एक समान कार्य : मौजुदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेब्रीकेशन एवं इरेक्शन या
रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेब्रीकेशन/रिपेयर।

| | | |
|---|---|---|
| 9. | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। निविदा सू0सं0–19/डब्लू/बी0डब्लू0एस0/सी0बी0/2023–24 दिनांक 18.11.2023 3633/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्यार नबी से करनें वाले कल भी थे और आज भी हैं

**बाबा निजामी के उर्स के मौके पर आलइंडिया नातियारा का हुआ एतेमाम**

अवधनामा संवाददाता





**मौदहा-हमीरपुर।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सूफी संत अब्दुल्ला उर्फ हजरत बाबा निजामी कमरिया के उर्स के अवसर पर एक शानदार नातिया मुशायरा का प्रबंध किया गया जिसमें में हिंदुस्तान के प्रसिद्ध शायर डॉक्टर माजिद देवबंदी, खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगर के अलावा और भी मशहूर शायरों ने मुशायरा में अपना अपना कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी मुशायरा की निजामत मसीहुद्दीन निजामी ने व सदारत सज्जादगान नें की।मुशायरा का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हुआ। यह मुशायरा सालों साल बड़ी कामयाबी के साथ होता चला आ रहा है इस वर्ष मुशायरा में बड़े मशहूर शायरों की शिरकत नें मुशायरे मे चार चांद लगा दिये। मुशायरा गाह मे बड़ी संख्या में बाबा से अकीदत रखनें वाले लोग के अलाव शेरो सुखन से मोहब्बत करनें वाले हजरात बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

डा0 माजिद देवबंदी नें जब यह नात पढ़ी तो पूरी महफिल झूमनें लगी और तमाम लैगों ने आवाज से आवाज मिला कर नात पाक पढ़ी।

प्यार नबी से करनें वाले कल भी थे
और आज भी हैं।
उन के नाम पे मरने वाले कल भी
थे और आज भी हैं।।
कैसा भी तूफान आ जाए उन की
निस्बत के सदके।
दरिया पार उतरने वाले कल भी थे
और आज भी हैं।।

खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगर का कलाम भी बहुत पसन्द किया गया। वसीम रामपुर, खलीक तारिक सिदानपुर के अलावा मकामी शायरों नें भी अपने अपने कलाम पेश किये मुशायरा के इलतवा के बाद सलाम पेश किया गया।

वसीम रामपुरी के इस कलाम पर महफिल में बैठे हर शख्स नें दाद दी।

ऐहतराम के लायक मताए सुबहे हरम
मेरे नसीब में तैबा की शाम लिख देना।
मै इस जहान से जब उस जहां को
कोंच करों
**मेरे कफन में मोहम्मद का नाम
लिख देना**

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस बना खिलवाड़

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा-हमीरपुर।** शिक्षा विभाग द्वारा अध्यापकों को समय से स्कूल पहुंचने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया है जिसके चलते प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक को टैबलेट वितरित किए गए हैं लेकिन सरकार की यह पहल स्वयं में मज़ाक बन गई है हालांकि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने तीन चार महीने में व्यवस्था सही होने की बात कही है। बीते मंगलवार को कस्बे की बीआरसी में अध्यापकों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस के लिए प्राथमिक और कम्पोजिट 131 विद्यालयों के 246 अध्यापकों को टैबलेट वितरित किए गए थे जिनमें कस्बे में संचालित आठ प्राथमिक विद्यालयों में एक शिक्षक को टैबलेट दिया गया था।लेकिन अब सवाल यह उठता है कि नगरक्षेत्र में संचालित आठ विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा सभी की बायोमेट्रिक अटेंडेंस के लिए या तो सभी स्कूलों में जाना होगा या तो सभी शिक्षकों को स्वयं अटेंडेंस लगाने के लिए उस अध्यापक के पास आना होगा। दोनों ही स्थितियों में समय की बर्बादी होना स्वाभाविक है इतना ही नहीं अगर शंकुल प्रभारी शिक्षक सभी स्कूलों में जाएगा तो उसके स्कूल के छात्रों का ध्यान कौन रखेगा यह भी सोचने वाली बात है।दूसरी सबसे रोचक बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात शिक्षकों को नगरक्षेत्र में सम्बद्ध किया गया है जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाने के लिए अपने मूल विद्यालय जाना पड़ेगा जो मौजूदा परिस्थितियों में सम्भव नहीं है और अगर वह बायोमेट्रिक अटेंडेंस के लिए अपने मूल विद्यालय जाते हैं तो उन्हें अपने सम्बद्ध विद्यालय वापस आने में कम से कम एक घंटे का समय लगेगा जिससे समय की बर्बादी होना स्वाभाविक है।इस सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने बताया कि कुछ समय पश्चात सभी विद्यालयों को छिमौली रोड में बने भवन में जा रहे हैं उसके बाद सम्बद्ध शिक्षकों को अपने मूल विद्यालय भेज दिया जाएगा और सभी स्थिति सही हो जाएगी।

## फैक्टरी मैनेजर ने नर्सिंग होम में घुसकर डाक्टर को पीटा

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के नेहा नर्सिंग होम के संचालक ने एक फैक्टरी मैनेजर पर पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

सुमेरपुर कस्बे के नेहा नर्सिंग होम के संचालक डा. ज्ञानेंद्र पाठक ने थानाध्यक्ष को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक फैक्टरी में मेडिकल ऑफिसर के रूप में तैनात हैं और उनका जुलाई से अक्टूबर तक का मानदेय नहीं मिला है। इसी बात को लेकर जब उसके पुत्र अनुराग पाठक ने संबंधित मैनेजर से वार्ता की तो वह बीते सोमवार की रात करीब 10 बजे उनके नेहा नर्सिंग में घुसकर पुत्र डा. अनुराग पाठक के साथ मारपीट की। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया था और बातचीत के बाद समझौते की बात कही गई थी। अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# एनटीपीसी रिंहद ने 25 क्षय रोगियों को पोषण आहार वितरित किया

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारत सरकार के लक्ष्य 2025 में क्षय रोग का समूल समाप्ति हेतु सभी की भागीदारी सुनश्चित करने के उद्देश्य से मिशन मोड में कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त अभियान के अंतर्गत आमजन मानस द्वारा इलाजरत क्षय रोगियों को गोंद लेकर उन्हें पौष्टीक आहार देकर तथा उनका समय समय पर उन्हें प्रेरित कर क्षय मुक्त कराने में अविस्मरणीय योगदान दिया जा रहा है। जनपद में लगभग 158 से अधिक निक्षय मित्र सक्रिय है। जिनका पंजीकरण निक्षय पोर्टल पर किया गया है तथा उन्हें एक यूनिक पंजीकरण संख्या प्रदान किया जाता है।राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में बुधवार को टीबी यूनिट म्योरपुर के अंतर्गत डीएमसी धन्वंतरि हॉस्पिटल बीजपुर में एन.टी.पी.सी. के प्रशासनिक अधिकारियो हेड ऑफ़ प्रोजेक्ट श्री पंकज मैदी दत्ता.डॉ तमन्य मिश्रा. डॉ गीता श्रीघोष. डॉ पवन तिर्की एवं देवाशीष नाथ.जिला पी पी एम सतीश चंद सोनकर और यस टी यस बंशराज सिंह. अर्जुन प्रसाद टी. बी. एच. वी.द्वारा कुल 25 मरीजों को पोषण पोटली का बितरण किया गया. जिसमे सभी मरीजों को पोटली प्रदान किया गया.उक्त कार्यक्रम में टी. बी. के मरीजों को डॉ तमन्य मिश्रा ने बताया की 6 महीने तक दवा खानी है और आप लोगों को 6 महीने तक पोषण आहार दिया जायेगा और बीच बीच में आपकी जांच होती रहेगी और आप लोगों के द्वारा दुसरो को टी. बी. न हो इसके लिए आप लोगों को मास्क लगाकर रहना होगा और अपने परिवार को इस बीमारी से भी बचाना होगा और समाज को भी इस बीमारी सुरछित रखना होगा. तभी टी. बी. हारेगा देश जीतेगा।

# मुलायम की जयंती पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** लोकगीत कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव नेता जी की 85वां जन्म दिवस जिला पार्टी कार्यालय पर मनाया गया और गरीबों मजदूरों को कंबल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव और लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कोल ने कहा कि आदरणीय नेताजी उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री एवं केंद्र में रक्षा मंत्री के महत्वपूर्ण पदों पर रहकर देश में आरक्षण लागू कराकर देश के अंतिम व्यक्ति को भी चुनाव लड़ने का अधिकार दिलाने का काम किया जो आज तक किसी नेता ने नहीं किया था और हर वर्ग को सम्मान देने का काम नेताजी ने किया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा रमेश चंद दुबे जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वर्गीय श्री नेताजी ऐसे नेता थे जो गरीबों किसानों मजदूरों अल्पसंख्यक व्यापारियों एवं हर वर्ग के हित की लड़ाई लड़ने का काम किया और अपनी सरकार में तमाम योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का काम किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से मोहम्मद सईद कुरैशी विजय यादव अनिल प्रधान रामप्यारे सिंह पटेल वेदमनी शुक्ला महिला सभा अध्यक्ष गीता गौर ,डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल राधा सिंह शिवकुमारी महेंद्र रावत बलिराम यादव परमेश्वर यादव शिवनारायण चौहान त्रिपुरारी बबलू धागर दीनानाथ अग्रवाल बाबूलाल यादव परशुराम रमेश फारूक अली जगत पटेल बाबू हाशमी महेंद्र दिनेश अजय अमरजीत राजनाथ अजय रामेश्वर भाई पटेल शिवम राजकुमार रमेश बागी अशोक पटेल मुकेश सिंह राजमणि चंद्रवंशी मनोज प्रमोद मनीष सुनील गौड़ लाल बहादुर पाल के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।



जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर हर्षोल्लास के साथ स्व मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन मनाया गया महान नेता के जन्मदिन पर देश के अंतिम व्यक्तियों को कंबल एवं मिष्ठान वितरण किया गया

## संक्षिप्त समाचार

### समाजवादी विचारक की जयंती मनाई गई

**मौदहा हमीरपुर।** लोहिया वादी विचारक,और भारत के पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। कस्बे के हुसैनगंज स्थित सपा कार्यालय में समाजवादी पार्टी के संस्थापक और भारत के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती के मौके पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजली दी गई और उनके जीवन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारत के रक्षा मंत्री रहते किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला।इस दौरान सपा अल्पसंख्यक सभी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फरीद अहमद बबलू,पूर्व महासचिव कमरुद्दीन,अनुराग यादव, जाहिद मसूद,बबलू, गरीबा सहित अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

### ट्रक चालक के साथ मारपीट कर छीने रुपये

**मौदहा।** राजमार्ग में सोमवार की देर शाम गहबरा चौकी के समीप एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर व उसके रुपए छीन लेने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जनपद जालौन के ग्राम सिरसा कला निवासी सुरेश पुत्र रामप्रकाश ने बताया कि सोमवार की देर शाम जब वह राजमार्ग में गहबरा चौकी के समीप मौजूद था। तभी गहबरा निवासी जयपाल व महिपाल पुत्रगण गजोधर व शीतल पुत्र मैयादीन सहित आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए उसकी जेब में पड़े 7378 रुपए तथा एक मोबाइल छीन लिया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों सगे भाइयों व शीतल सहित आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ 147, 323, 504, 506 व 427 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### फैक्ट्री मैनेजर पर लगा घर में घुसकर मारने का आरोप

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के नेहा नर्सिंग होम के संचालक ने एक फैक्टरी मैनेजर पर पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कस्बे के नेहा नर्सिंग होम के संचालक डा ज्ञानेंद्र पाठक ने थानाध्यक्ष को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक फैक्टरी में मेडिकल ऑफिसर के रूप में तैनात हैं और उनका जुलाई से अक्टूबर तक का मानदेय नहीं मिला है। इसी बात को लेकर जब उसके पुत्र अनुराग पाठक ने संबंधित मैनेजर से वार्ता की तो वह बीते सोमवार की रात करीब 10 बजे उनके नेहा नर्सिंग में घुसकर पुत्र डा अनुराग पाठक के साथ मारपीट की। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया था और बातचीत के बाद समझौते की बात कही गई थी। अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### मासूमों को मिलेगा गरमागरम भोजन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** हाट कुक्ड मील योजना के क्रियान्वयन हेतु ब्लाक कार्यालय मे बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। बैठक मे उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, अध्यापक व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को अवगत कराया कि अब दिसम्बर माह से तीन से 6 वर्ष के बच्चों को केन्द्रों मे गरमागरम भोजन परोसा जायेगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी कामिनी पाल ने बताया कि बच्चों को प्रतिदिन गरमागरम भोजन देने के लिये मेन्यू निर्धारित किया गया है जिससे प्रतिदिन बच्चों को अलग अलग पौष्टिक आहार मिल सके। बैठक मे क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी, अध्यापक व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### मतदाता सूची मे नाम दर्ज करवाने के लिये किया प्रेरित

**बाँदा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 को या इससे पूर्व 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिक हैं वह मतदाता संक्षिप्त पुर्नरीक्षण विशेष अभियान की तिथियों आगामी दिनांक 25 व 26 नवम्बर, 2023 को नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये जाने हेतु फार्म-6 में भरकर अथवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया है कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराये जाने हेतु प्रारूप-6, मतदाता सूची में नाम अपमार्जित कराने हेतु प्रारूप-7 एवं मतदाता सूची की किसी विशिष्ट की शुद्धी हेतु प्रारूप-8 भरकर उक्त तिथियों में अपने मतदेय स्थल पर जाकर वहां पर उपस्थित बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी को दे सकते हैं। जनपद बांदा की मतदाता सूची डीईओ पोर्टल पर banda.nic.in/deo-portal/ पर जनसामान्य के अवलोकन हेतु उपलब्ध है। मतदाता पुनरीक्षण के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी / समस्या हेतु जनपद स्तर पर जिल कान्टेक्ट सेन्टर (डीसीसी) के टोल फ्री नं0 1950 से प्राप्त कर सकते हैं।

# पूर्व रक्षामंत्री का जन्मदिवस स्थानीय चिल्ड्रेन पार्क में धूमधाम से मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र/ओबरा।** ओबरा नगर में समाजवादी पार्टी के संरक्षक व देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्मदिवस स्थानीय चिल्ड्रेन पार्क में धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम में नगर के युवाओं व सपा कर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव को यादव को याद किया और उनके जीवन के बारे में विस्तृत रूप से लोगो को बताया। कार्यक्रम की शुरुवात नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण व केक कटकर किया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ता व युवाओं में काफी जोश देखने को मिला । मुलायम सिंह यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण कुमार ने कहा कि नेता जी सदैव आम जनमानस को विकाश के पथ पर ले जाने के लिए संघर्ष किया । लोहिया जी के आदर्शो पर चलते हुए गरीबों व शोषितो को उनका हक दिलाने में अहम योगदान देकर देश में एक अलग पहचान बनाई इसलिए आज उन्हें धरती पुत्र मुलायम सिंह के नाम से जाना जाता है। ग्राम प्रतिनिधि अमरेश यादव व सुशील यादव ने कहा की मुलायम सिंह यादव ने देश में सभी वर्गो के लिए एक अलख जगा कर सभी को उनका हक दिलाने का काम किए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मुकेश जायसवाल ने नेता के नीतियों के बारे में सभी बताते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी राकेश चंद्रवशी, नितेश सिंह, नागेद्र यादव, धीरज यादव, विनय त्रिपाठी, दीपक विश्वकर्मा,अजीत, विकाश,विपल्व आदि थे।

## इंगोहटा में सड़क मरमत के नाम पर हुई खानापूर्ति

**हमीरपुर।** इंगोहटा में हाइवे से लेकर पालीवाल इण्टर कालेज के आगे तक कराए गए 500 मीटर सड़क मरम्मत के कार्य में मानकों की अनदेखी करने पर ग्रामीणों ने जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीण ज्ञानेश दीक्षित, अनूप कुमार, राकेश कुमार आदि ने बताया कि गांव से हाइवे को जोड़ने वाली पूर्व में बनी सड़क मे जहां गड्ढे थे। उनमें गिट्टी भरकर पतली डामर गिट्टी बिछा दी गई है। जो मानक विहीन है। इसके साथ सड़क के किनारे झाड़ियां खड़ी हैं और सड़क के दोनों ओर मिट्टी पुराई नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार से इस बाबत कहा गया था तो उसने दोनों ओर मिट्टी डलवाने का आश्वासन दिया था। किन्तु अभी तक कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत के घटिया कार्य की जांच कराने की मांग की है।

# नवनियुक्त भाजपा प्रभारी का जनपद आगमन पर स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जनपद बांदा भाजपा के नव नियुक्त भाजपा प्रभारी रामकिशोर साहू का जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय सभागार में आयोजित जिला बैठक में वोटर चेतन महा अभियान की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए इस महत्वपूर्ण कार्य में जुटे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह द्वारा घोषित बांदा जिला भाजपा प्रभारी रामकिशोर साहू (क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा) का बुधवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी धाम जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन उपरांत आयोजित वोटर चेतन महाभियान जिला बैठक को संबंध करते हुए रामकिशोर साहू ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार ने अपने किए गए वादों को पूरा किया है। आज उत्तर प्रदेश में अपराध न्यूनतम स्तर पर आ गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने सफर के अखिलेश सरकार की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश सरकार में अराजकता, भ्रष्टाचार, गुंडाराज, जमीनो पर अवैध कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार चरम सीमा पर थे। जब से प्रदेश में योगी सरकार है तब से प्रदेश की जनता को गुंडाराज, अराजकता और भ्रष्टाचार से निजात मिली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को अपने दायित्व के प्रति ईमानदारी से काम करने हेतु प्रेरित किया।

बैठक को वोटर चेतना महाभियान की दृष्टि से भाजपा नेतृत्व द्वारा जिला प्रवासी बनाए गए फतेहपुर जनपद के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता तथा लवलेश सिंह, बांदा चेयरमैन मालती बासु, मटौध चेयरमैन सुधीर सिंह, जिला महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, तथा धर्मेंद्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी,अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष नायक, देवमूरत द्विवेदी, रामराज गुप्ता आनन्द, प्रद्युम्न नरेश आजाद, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना गुप्ता, सुमन शर्मा, राकेश मिश्रा, सीताराम वर्मा आदि बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# वीरांगना झलकारी बाई मूर्ति का हुआ अनावरण

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** यूपी के मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को वीरांगना झलकारी बाई मूर्ति का किया अनावरण। इस दौरान सांसद अरुण सागर महापौर अचर्ना वर्मा के अतिरिक्त विधायकगण व पार्षदगण मौजूद रहे। आवास विकास, बरेली मोड़ पर स्थित है वीरांगना की मूर्ति वित्तमन्त्री सुरेष कुमार खन्ना ने बरेली मोड़ आवास विकास स्थित वीरांगना झलकारी बाई की जन्मदिवस के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित समस्त जनता व कोरी समाज के लोगों को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपील की, कि अब आपको नगर निगम प्राप्त हो गया है और आपकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि आप इसको स्वच्छ, साफ़ रखें तथा नगर निगम का भरपूर सहयोग करें जिससे हमारा नगर निगम वैष्विकपटल पर चमके। इसके साथ ही उपस्थित सांसद अरुण सागर ने आम जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि वित्तमन्त्री के अथक प्रयासों से हमारे जनपद को नगर पालिका से नगर निगम बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इसके साथ ही उम्मीद की किरण भी दिखी है कि आने वाले समय में हमारा जनपद एक अच्छे महानगर के रूप में विकसित होगा। झलकारीबाई रानी लक्ष्मीबाई की प्रमुख सेना में महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति थीं। उनके द्वारा अपने जीवनकाल में किये गये कार्यों पर प्रकाष डाला गया।

# उप मुख्यमंत्री ने लगाई जनचौपाल



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** यूपी के उप मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को गांव की समस्या, गांव में समाधान के अन्तर्गत ग्राम व पो0 उखरी, ब्लाक खुदागंज में जन चौपाल लगाई। चौपाल में उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होने ग्राम संगठन और स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया व स्वरोजगार योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार, जल जीवन मिशन, बेसिक शिक्षा, ग्रामोद्योग उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, सूक्ष्म, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्सान केन्द्र, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, कृषि विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, जिला अग्रणी बैंक एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पाद को प्रदर्शित करने के लिए स्टाल लगाये गये।

# स्वच्छ पेयजल सप्लाई से कितने बदल गए गांव

- जल ज्ञान यात्रा से स्कूली बच्चों को मिली सीख
- जल जागरूकता के लिए निकाली गई जल ज्ञान यात्रा
- जल ज्ञान यात्रा को जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने दिखाई हरी झण्डी
- छात्रों ने किया बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का भ्रमण
- 210 गांवों को बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना से मिल रहा लाभ
- एडीएम ने डब्ल्यूटीपी पर स्कूली बच्चों को दिलाई जल शपथ
- 26 एमएलडी के डब्ल्यूटीपी पर छात्रों ने जाने जल शोधन के लाभ
- बच्चों ने हर घर जल योजना से गांव-गांव पहुंचाई जा रही वाटर सप्लाई
- जल निगम की लैब में स्कूली बच्चों ने जाने पानी की जांच के फायदे



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना ने सोनभद्र के गांवों की तस्वीर बदल दी है। अब यहां किसी भी तरह से पानी का संकट नहीं है। नदियों और बांधों पर इंटेक वेल बनाए गए हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के साथ ही पानी की टंकियां भी बनाई गई हैं। पाइपलाइनों का जाल बिछाकर गांव-गांव में हर घर तक शुद्ध पेयजल की सप्लाई की जा रही है। स्वच्छ पेयजल पहुंचने से बीमारियों में कमी के साथ समय की बचत भी हो रही है। ज्इस बात की जानकारी बुधवार को सोनभद्र के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल ÷जल ज्ञान यात्रा÷ में दी गई। छात्रों को बताया गया कि अकेले धंधरौल बांध से संचालित बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना से करीब 210 गांव के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सोनभद्र में जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एडीएम आशुतोष कुमार दुबे और जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता महेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। स्कूली बच्चों को सबसे पहले बेलाही ग्राम समूह पेयजल योजना के करमांव गांव स्थित 26 एमएलडी के डब्ल्यूटीपी ले जाया गया। यहां स्कूली बच्चों ने जल शोधन की प्रक्रिया देखी। उन्हें हर घर जल योजना से ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही वाटर सप्लाई की जानकारी दी गई। एडीएम आशुतोष कुमार दुबे ने स्कूली बच्चों को जल शपथ भी दिलाई। स्कूली बच्चों ने पानी जांच के लिए बनाई गई प्रयोगशाला भी देखी और एफटीके किट से की जाने वाली पानी जांच की उपयोगिता को समझा। पहली बार स्कूली बच्चों को गांवों में घर-घर तक पहुंचाई जा रही पेयजल सप्लाई की प्रक्रिया देखने को मिली, जो उनके लिए यादगार बन गई। कम्पोजिट विद्यालय, कैराही कला, छत्रा के स्कूली बच्चों ने योजना पर बनाए गये गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया। परिसर में ही नुक्कड़-नाटक और जल जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों को जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से ग्रामीणों को मिल रहे लाभ के बारे में बताया गया। जल संचयन और जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया। जल जागरूकता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जल ज्ञान यात्रा के समापन पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

# हलाल प्रमाणन सामग्री की तलाश में कॉस्मेटिक एवं दवा स्टोर पर छापा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में सहायक आयुक्त (औषधि) बृजेश कुमार के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक संदेश मौर्या व सौरभ दुबे ने लूलू हाइपर मार्ट स्थित कॉस्मेटिक स्टोर की जांच की। लिपस्टिक, नेल पालिश, क्रीम, परफ्यूम फाउंडेशन आदि की जांच में हलाल संबंधित मार्क नहीं पाए गए। इस दौरान दो कॉस्मेटिक के विक्रय संबंधी विवरण मांगा गया है। रायबरेली में कैंपरगंज, सब्जी मंडी, बेलीगंज तथा गोराबाजार रोड स्थित दुकानों पर जांच की गई। हलाल प्रमाणित उत्पाद नहीं पाया गया। सभी व्यापारियों को चेतावनी दी गई कि हलाल प्रमाणित उत्पाद पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सत्यनगर स्थित

**कई जिलों में चला अभियान**

> हलाल प्रमाणन पर पाबंदी के बाद खाद्य पदार्थों के साथ ही कॉस्मेटिक सामग्री एवं दवा की दुकानों पर भी जांच शुरू हो गई है। बुधवार को एफएसडीए की टीम ने लखनऊ सहित विभिन्न जिलों में पड़ताल की। इस दौरान कई स्थानों पर सामग्री के सैंपल भी भरे गए। हालांकि अभी तक दवा एवं कॉस्मेटिक में हलाल प्रमाणन वाले पैकेट नहीं मिले हैं।

सिंध मेडिकल एजेंसी में दो कॉस्मेटिक व एक एंटीबायोटिक्स का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इसी तरह लखीमपुर खीरी में अलग-अलग दुकानों से करीब दो हजार रुपये



**लखनऊ में मिली हलाल प्रमाणन सामग्री**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बुधवार को विभिन्न स्थानों पर जांच की, जिसमें लखनऊ के गोमती नगर स्थित फन माल में टोर्टिला रैप के 16932 रुपये के 68 पैकेट, बंथरा में साल्टेड बादाम के 42 सौ रुपये के15 पैकेट, पार्टी स्नैक के 1050 रुपये के सात पैकेट, मिक्स वेजिटेबल के 4560 रुपये के 38 पैकेट पर हलाल प्रमाणन लिखा मिला। इन सभी को सील कर दिया गया है। इन सभी सामग्री के नमूने जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं। इसके अलावा करीब 20 जगह खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। यहां हलाल प्रमाणन युक्त कोई भी सामग्री नहीं मिली।

की कांफेशनरी , हर्बल टी, सहित अन्य सामग्री खराब पाए जाने पर उसे नष्ट कराया गया। सौंदर्य प्रसाधनों की जांच की जाए। हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, सहित विभिन्न जिलों में कॉस्मेटिक एवं दवा की दुकानों की जांच की गई। किसी भी स्थान पर हलाल प्रमाणन वाली दवा व सामग्री नहीं मिली है। इतना जरूर है कि अलग- अलग दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। सभी दुकानदारों को हलाल प्रमाणन के संबंध में जारी अधिसूचना से भी वाकिफ कराया गया। चेतावनी दी गई कि हलाल प्रमाणन वाली सामग्री मिली को सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चार अवैध व्यवसायिक निर्माणों को किया सील

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को मोहनलालगंज में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग ध्वस्त कराने साथ ही पारा व काकोरी में चार अवैध व्यवसायिक निर्माणों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि राजीव सिंह व अन्य की ओर से मोहनलागंज के हरकंशगढ़ी में अल्टाटेक आर.एस.सी. प्लाण्ट के पास अंजनीनगर सोसाइटी के नाम से लगभग 7 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। आदेश पर बुधवार को सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता ऋतुपाल ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान विकसित की गयी सड़कें, नालियां व बाउण्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कराया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि काकोरी के रठिंगरा में आगरा-एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर लगभग 3500 वर्गफिट क्षेत्रफल में रजनीश, चन्द्र यादव व अन्य की ओर से बेसमेण्ट सहित दो तलों पर दुकानों का निर्माण कराया गया था।

# सीएम योगी ने अपने भड़काउ भाषण को लेकर खुद को ही दी थी क्लीनचिटः शहनवाज़

**अगर पूर्ववर्ती सरकारों ने ठीक से कार्रवाई की होती तो योगी जेल में होते**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राजस्थान की चुनावी सभा में किये उस दावे को हास्यास्पद बताया है जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश में दंगाइयों को नर्क भेजने का दावा किया था। आलम ने कहा कि योगी आदित्यनाथ देश के अब तक के इतिहास के ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले अपने खिलाफ भड़काऊ भाषण



देने और दो समुदायों के बीच वैमनस्य बढ़ाने जैसी संगीन धाराओं में दर्ज मुकदमों में खुद को ही क्लीन चिट दी थी। अगर पूर्ववर्ती सरकारों ने ठीक से कार्रवाई की होती तो वे जेल में होते। आलम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2 दिसम्बर 2022 को रामपुर में चुनावी सभा में सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था कि वर्तमान मुख्यमंत्री की फाइल उनके सामने आयी थी, लेकिन उन्होंने अधिकारियों से उनके खिलाफ कार्रवाई बन्द करने को कहा था। आलम ने कहा कि 22 सितम्बर 2008 को कौशाम्बी के मोहब्बतपुर पइंसा थाने में थाना प्रभारी चंद्रशेखर प्रसाद के दर्ज किये मुकदमे में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर दुर्गा पूजा का फर्जी पैड छपवा कर अवैध वसूली का आरोप था। मुकदमे में मौर्य पर 420, 467 और 468 धारा के तहत मुकदमा कायम हुआ था। इस मुकदमे में उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में निर्दोष पाए जाने पर क्लीन चिट नहीं मिली बल्कि 2020 में मुख्यमंत्री योगी ने जनहित बता कर मुकदमा ही वापस ले लिया था।

# प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक केन्द्र बनेगा लखनऊ क्षेत्र

**राजधानी से सटे जिलों को मिलेगा फायदा**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण का उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा ) में विलय हो चुका है। कामकाज में तेजी लाने के लिए मास्टरप्लान-2041 तैयार किया जा रहा है। इस मास्टर प्लान के सम्बन्ध में लखनऊ के आस-पास के आवासीय,व्यवसायिक और औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। साथ ही उन्नाव में औद्योगिक विकास के साथ-साथ संस्थागत विकास के लिए भी मास्टर प्लान तैयार कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत

**लखनऊ और उन्नाव के 84 गांवों की बदलेगी किस्मत**

लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन 2005 में किया गया था। इसमें अधिसूचित लखनऊ के 45 और उन्नाव के 39 कुल 84 ग्रामों की विकास यात्रा में प्राधिकरण कभी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाया। शायद यही कारण रहा कि वर्ष 2021 में इसका यूपीसीडा में विलय कर दिया गया। लखनऊ में इसका क्षेत्र एयरपोर्ट के पीछे के गांव बिजनौर, नटकुर, कुरौनी जैतिखेड़ा से शुरू होकर लखनऊ कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ साथ चलकर उन्नाव के आजाद चौराहा तक 299 वर्ग किलोमीटर तक है।

लखनऊ के पास के गांव में आवासीय एवं व्यावसायिक सुविधाओं के युक्त टाउनशिप परियोजनाएँ बड़ी संख्या में आ रही हैं। आईटीबीपी, आपदा प्रबन्धन और फॉरेंसिक साइंस इंस्टिट्यूट के कैंपस इस क्षेत्र में आने के कारण इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का तेज़ी से विकास हो रहा है। एयरपोर्ट से नज़दीकी भी एक प्रमुख यूएसपी है। इस क्षेत्र में वेयरहाउसिंग के प्रोजेक्ट्स तेज़ी से आ रहे हैं जो पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार तक की सप्लाई चेन व्यवस्था का अहम हिस्सा बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स पालिसी के अन्तर्गत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

**21 से ज्यादा परियोजनाएं इसी बेल्ट में आ रहीं**

नए सिरे से लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण का मास्टर प्लान-2041 तैयार किया जा रहा है। इस प्लान के जरिए लखनऊ, उन्नाव और कानपुर के बीच औद्योगिक बेल्ट का कायाकल्प किया जाएगा। दो एक्सप्रेस वे, रिंग रोड और एयरपोर्ट को देखते हुए विशेष औद्योगिक क्षेत्र बसाए जाएंगे।

लखनऊ-कानपुर के मध्य के क्षेत्रों को सुनियोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

इस संबंध में यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि मास्टरप्लान पूरी तरह जीपीएस आधारित होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से गंगा एक्सप्रेस वे और कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे निकल रहे हैं। आउटर रिंग रोड मौजूद है। इन तीन जिलों के बीच एयरपोर्ट है। इसे देखते हुए इनके चारों तरफ नए इंडस्ट्रियल कारीडोर विकसित किए जाएंगे।सीईओ मयूर महेश्वरी ने इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के विशेष सचिव और यूपीसीडा के एसीईओ शशांक त्रिपाठी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण के समन्वय से काम्प्रेहेंसिव मास्टर प्लान और मोबिलिटी प्लान बनाया जा रहा है। इस बेल्ट में वेयरहाउसिंग और कारगो से जुड़ी इकाइयों के लिए सभी सुविधाओं से लैस उद्योगों के लिए स्पेशल जोन रहेगा।

# गुजरात की तर्ज पर प्रदेश में ठेके पर उठेंगे बस अड्डे

**यूपी रोडवेज को मिलेगी करार में तय राशि**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** गुजरात की तर्ज पर अब यूपी के बस अड्डे भी ठेके पर उठाए जाएंगे। इन बस अड्डों को व्यक्ति, संस्था आदि ले सकती हैं। इसके बाद बस अड्डे की दुकानों आदि के टेंडर वही कराएंगे, जिसके एवज में रोडवेज को तय धनराशि दी जाएगी। बोर्ड बैठक में रोडवेज ने इस प्रस्ताव पर मुहर भी लगा दी है। रोडवेज का लक्ष्य यही है कि किसी एक व्यक्ति या संस्था को पूरा बस स्टेशन ही कॉन्ट्रैक्ट पर दे दिया जाए, जिससे



बार-बार के टेंडर का झंझट खत्म हो जाए। रोडवेज अपने 20 परिक्षेत्रों के 302 बस स्टेशनों पर हजारों यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए इस तरह की योजना तैयार कर रहा है। अधिकारी बताते हैं कि एक ही व्यक्ति, संस्था या संगठन को बस स्टेशन किराए पर दिए जाने से यात्रियों को काफी फायदा मिलेगा। अभी तमाम दुकानें किराए पर ही नहीं उठ पाती हैं, जिससे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर खानपान नहीं मिल पाता है। बस अड्डों पर कैंटीनें, स्टॉल्स सालों से खाली पड़े हैं, जिससे रोडवेज को भी लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि

**परिवहन निगम को नुकसान नहीं**

बोर्ड बैठक में इस पर फैसला लिया गया है। टेंडर में इसे शामिल कर लिया गया है। व्यक्ति, संगठन, संस्थान आदि बस स्टेशन को एक साथ ठेके पर ले सकते हैं। ऐसा होने से परिवहन निगम का नुकसान नहीं होगा, साथ ही यात्री सुविधाओं में भी बढ़ोतरी हो सकेगी।

**मासूम अली सरवर**
**प्रबंध निदेशक, रोडवेज**

रोडवेज के पास जो 300 से अधिक बस स्टेशन हैं, उनमें से 249 अपने स्वामित्व वाले परिसर हैं और 51 किराए में हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टेशन पर निगम के पास आमतौर पर शौचालय, बुकिंग कार्यालय, पीने के पानी की सुविधा, समयसारिणी डिस्प्ले, पूछताछ काउंटर, सार्वजनिक संबोधन प्रणाली, रोशनी, पंखे, सीट रहती हैं, लेकिन खानपान स्टॉल्स किराए पर दी जाती हैं। इतना ही नहीं बस स्टेशनों पर प्रतिदिन 16 से 17 यात्री आते हैं, जो ग्यारह हजार से अधिक बसों से सफर करते हैं।

# भारी संख्या में रेल कर्मचारियों ने डाला वोट

**मतदान के दूसरे दिन लगभग 90 प्रतिशत मतदान**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आल इन्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन नई दिल्ली एवम् एन ई रेलवे मजदूर यूनियन गोरखपुर के निर्देशानुसार समस्त भारतीय रेल के प्रतिष्ठानों में पुरानी पेन्शन बहाली के पक्ष मे नई पेन्शन स्कीम को रद्द करके पुरानी पेन्शन की बहाली के लिए मुम्बई अधिवेशन मे लिए गए निर्णयों के तहत दि0 21 एवम् 22 नवम्बर 23 को हड़ताल मतदान कराया गया। नरमु के मण्डल मन्त्री का0 आर. एन. गर्ग की अगुवाई में मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, बादशाहनगर रेलवे



हास्पिटल, सीनियर सेक्शन इंजिनियर कार्यालय, आई.ओ.डब्लू ऑफिस, टिकट बुकिंग कार्यालय, स्टेशन अधीक्षक, गोमतीनगर स्टेशन तक मतदान का कार्यक्रम किया गया जिसमे सैकड़ों रेल कर्मचारियों ने जोर शोर से भाग लिया। अनुमान किया जाता है कि दोनो दिनों में लगभग 90 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान में नरमू के पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ता सफदर हुसैन, सूरज पान्डेय, मोहम्मद नसीम, सुषमा सिंह, ,यू पी सिंह, मनोज कुमार सिंह, मो0 शाहिद, ओपी शर्मा, रूपा शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, सेवा राम, राम सेवक, सौरभ प्रधान, शशी भूषण, मधु पान्डेय, अरविन्द कुमार, डी एन मौर्या, सतीश पान्डेय, नसीम अख्तर, मोहम्मद नसीम, प्रिया पुरवार आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मज़हब की पैरवी सबसे बेहतर इन्सान बनाती है

अवधनामा ब्यूरो

## छोटा इमामबाड़ा में प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी की मजलिसे-चेहलुम में आयतुल्लाह हमीदुल हसन का ख़िताब



**लखनऊ।** ये दस्तूर-ए-क़ुदरत है कि जो दुनिया में आया है उसे एक दिन जाना है। क़ुरआन ने ख़ुद ऐलान कर रखा है कि कुल्लू नफ़िसन ज़ाइक़तुल मौत। यानी हर-नफ़्स को मौत का मज़ा चखना है। जाने वाले का ग़म भी फ़ित्री है। लेकिन हम जाने वाले के ग़म को आले-मुहम्मद के ग़म में मुदग़म कर देते हैं कि उनका हमारा गम एक क़तरा है और आले मुहम्मद का ग़म समुन्दर है। क़तरा को समुन्दर से मुंसलिक कर दिया जाये तो जब तक समुन्दर रहेगा तब तक उसके हवाले से क़तरा भी बाक़ी रहेगा। कायनात, ज़िक्रे-ग़म आले मुहम्मद से किसी लम्हा ख़ाली नहीं रह सकती जब तक ये कायनात है तब तक गम आले-मुहम्मद मनाया जाता रहेगा। इसी लिए हम हमेशा अपने ग़म को ग़मे-आले-मुहम्मद में मुदग़म कर हैं।

हम बदल देते हैं ग़म अपना गमे-शब्बीर से।
अपने आँसू पोंछते हैं चादरे-ततहीर से।।

गुज़िश्ता 18 अक्तूबर को दुनिया-ए-इल्मो-अदब की आफ़ाक़ी शख़्सियत सय्यद मुसैयब अब्बास अल-मारूफ़ बा प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी जिन्होंने अपनी आख़िरी सांस तक ख़िदमते-अदब और ख़िदमते-इन्सानियत के लिए वक़्फ़ कर दी, कमो-बेश 88 बरस इस दार-ए-फ़ानी में गुज़ार कर आलमे बर्ज़ख़ की तरफ़ कूच कर गए और कर्बला अब्बास बागान की आख़िरी आरामगाह क़रार पाई। प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी की मजलिसे-चेहलुम को छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में आयतुल्लाह हमीदुल-हसन ने ख़िताब किया। इससे पहले क़ारी नदीम नजफ़ी ने तिलावत कलाम रब्बानी से मजलिस का आग़ाज़ किया। बादहू इरफ़ान फ़तेहपुरी और उनके साथियों ने सोज़-ख़्वानी के फ़राइज़ अंजाम दिए और शोरा किराम ने मंज़ूम ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया। मौलाना हमीदुल-हसन ने क़ुरआन-ए-मजीद की सूरह अलनमल की एक आयत को सरनामा कलाम क़रार देते हुए अपने ख़िताब में कहा कि तक़रीबन 70 बरस का एक सिलसिला है कि मैं मिंबर पर आता रहा हूँ और तक़रीरें करता रहा हूँ, लेकिन आज मैं मजमा से इस्तेफ़ादा करना चाहता हूँ कि आप पूरी दुनिया में मौजूदा मसाइल के तवस्सुत से इस बात को पहुँचा सकते हैं जो आपको पसंद आ जाएं। क्योंकि दुनिया को इस की शदीद ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि हज़रत शारिब के बारे में अगर बात शुरू कर दूं तो वक्त कम पड़ जायेगा और बातों का सिलसिला ख़त्म नहीं हो होगा। उन्होंने कहा कि हर ज़बान ये सलीक़ा चाहती है (ख़्वाह वो आपकी मादरी ज़बान ही क्यों ना हो ) कि इसको किसी और से सीखो। प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी ने एहतशाम हुसैन की ज़ेर निगरानी अपना मक़ाला तरतीब दिया था। मैंने भी एहतशाम साहब से जा कर गुज़ारिश की ज़बान सीखने की। उन्हें बड़ी हैरत हुई कि एक मौलवी की ये ख़्वाहिश है। मेरा इनकी रिहाइशगाह पर आना जाना रहा। मौलाना ने कहा कि शारिब साहब को बहुत से एज़ाज़ात मिले लेकिन मैं ये अर्ज़ कर दूं कि शारिब को किसी एवार्ड की ज़रूरत नहीं थी एवार्ड को ख़ुद शारिब की ज़रूत थी। उन्होंने कहा कि तन्क़ीद सिर्फ़ अदब में ही नहीं है बल्कि पूरी ज़िंदगी में तन्क़ीद की ज़रूरत है। तन्क़ीद का मक़सद सिर्फ ये है कि इन्सान के किसी अमल को ,वादा को, किसी बात को उजागर किया जाये कि ये सही है ये ग़लत है। इस एतबार से दुनिया की हर ज़बान में तन्क़ीद है और दुनिया के हर इल्म में तन्क़ीद है। तन्क़ीद कोई छोटा या महदूद मौज़ू नहीं है। तन्क़ीद का मफ़हूम ये नहीं है कि हम सिर्फ अपनी क़ाबिलियत का इज़हार करें, तन्क़ीद का मफ़हूम ये है कि अगर कोई ख़ूबी हो तो वो उजागर की जाये ताकि इससे दूसरे भी मुस्तफ़ीज़ और मुस्तफ़ीद हो सकें।

मौलाना हमीदुल-हसन ने गुफ़्तगू का रुख मोड़ते हुए कहा कि मज़हब की ज़रूरत क्या है इसकी इफ़ादियत क्या है। पहली बात तो ये है कि तमाम मज़ाहिब के जानने वालों में ये मुश्किल है कि दूसरे मज़हब के मानने वालों की तन्क़ीस करें उन्हें हल्का समझें। हमारे मुल्क में बहुत से मज़ाहिब हैं बहुत से अक़ीदे और मसलक हैं। हम किसी भी मज़हब और अक़ीदे के मानने वाले हों अगर हम चार बातें कमसिनी में ही अपने बच्चों को समझाएँ तो हमारा मुल्क ही क्या पूरी दुनिया में एक मुसबत तब्दीली आ सकती है। कोई भी मज़हब किसी को बुरा बनाना नहीं चाहता तो हम क्यों बुरे हैं। सबसे ज़्यादा अच्छा इन्सान मज़हब बनाना चाहता है और सबसे ज़्यादा मज़हब के नाम पर ही फ़साद क्यों है। सोचना होगा कि हमारी नस्लों की नर्सरी क्या बन रही है। और हमें उसे क्या बनाना चाहिए। मज़हब को अगर हम फ़ायदे की नज़र से देखें तो और रुख बनेगा बात का और अगर टकराव की नज़र से देखेंगे तो और रुख बनेगा बात का। जब आइने में अपने को देखते हैं तो अपनी कमी को ठीक करते हैं तो आपने अपने को ठीक नहीं किया बल्कि आईने ने आपको ठीक किया है। इसी तरह मज़हब भी एक क़द-ए-आदम आईना है जो हमसे कहता है कि ये कमी है उसे ठीक करो। हमारे बच्चों के ज़ेहनों को ज़हरीला ना बनने दिया जाए। बच्चों को सिखाया जाये कि कभी अपने बड़े की ब-एहतरामी ना करना। अपने साथ के बच्चों से मुहब्बत में कमी ना करना। कभी सिफ़ते-रहम से अलग ना होना और आख़िरी बात ये कि कभी इल्म से दूर ना होना। अगर ये सबक़ हमने अपने बच्चों को याद करा दिया तो वो बच्चा कभी बुरा नहीं बनेगा।

क़ुरआन में हर जगह हिक्मत का ज़िक्र है। जो अपने नबी को किस-किस तरह प्यार से पुकारता है। मुज़म्मिल, मुदस्सर, मुबश्शिर, दाई अली अल्लाह बाज़ ना, अल्लाह की इजाज़त से दावत देने वला। इसी अल्लाह ने हुक्म दिया कि अपने अल्लाह की तरफ़ बुलाओ हिक्मत के साथ। अच्छी नसीहत के साथ। और अगर उनसे बहस-ओ-मुबाहिसा भी करो तो अहसन तरीक़ा से। ये तीन दायरे हैं दावते अली अल्लाह के। जब हमारे रसूल के लिए दावत अली अल्लाह की राह में इतनी पाबंदियां लगा दी गई हैं तो हम ख़ुद को कैसे आज़ाद समझ सकते हैं कि जैसे चाहें उसकी तरफ़ बुलाऐं। क़ुरआन की तब्लीग़ का अंदाज़ सारी दुनिया के लिए है।

मौलाना ने आख़िर में एक मर्तबा फिर प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी के बारे में कहा कि शारिब साहब ने अपनी तन्क़ीदी ज़िंदगी में हमेशा हौसला-अफ़ज़ाई की है, हौसला शिकनी नहीं की। उन्होंने जिस मौज़ू पर क़लम उठाया उसका हक़ अदा किया। जब मर्सिया पर लिखा तो इसका हक़ अदा किया। सौदा पर लिखा तो हक़ अदा किया, तन्क़ीद पर लिखा तो हक़ अदा किया। उनकी एक किताब का उनवान मुझे बहुत पसंद आया गुल सद-रंग यानी एक ऐसा फूल जिसमें सौ रंग हों। मैं कह सकता हूँ कि शारिब साहिब ख़ुद एक गुल सद-रंग थे। मौलाना ने मसाइब अहल-ए-बैत बयान कर के मजलिस को इख़्तेताम तक पहुँचाया। मजलिस में प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी के आज़ा, अहबाब और मुख़्तलिफ शोबा-ए-हयात से वाबस्ता मुवक्क़िर शख़्सियात मौजूद थीं।

चश्म-ए-नर्गिस रो रही है दीदा-वर के सोग में।
है सदफ़ गिर्या-कुनाँ अपने गुहर के सोग में।।
बज़्म-ए-हस्ती से ज़िया क्या हज़रत शारिब गए।
आलम नक़दो-नज़र है बा-हुनर के सोग में।।

# एलडीए बनायेगा जनेश्वर मिश्र पार्क में स्पोर्ट्स जोन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में स्पोर्ट्स जोन बनाएगा। वहीं बेगम हजरत महल पार्क और जी-20 (ग्लोब पार्क) को विंटेज लुक में संवारा जाएगा। जनेश्वर मिश्र पार्क के स्पोर्ट्स जोन में क्रिकेट और फुटबॉल ग्राउण्ड के साथ ही लॉन टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट के साथ सिंथेटिक स्कैटिंग रिंग बनेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ पार्क का निरीक्षण कर स्पोर्ट्स जोन की रूपरेखा तैयार की। जल्द ही विशेषज्ञों की निगरानी में खेलों के लिए ग्राउण्ड और कोर्ट आदि का काम शुरू कराया जाएगा।

लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि स्पोट्सर्ट जोन के चारों तरफ एथलेटिक्स खिलाड़ियों के लिए रनिंग/जॉगिंग टैंक विकसित किया जाएगा। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी सहित अन्य अधिकारियों के साथ पार्क का भ्रमण कर विभिन्न खेलों के लिए स्पोर्ट्स जोन तैयार करने के लिए जगह और रूपरेखा तय कर ली गयी है। जल्द ही विशेषज्ञों की निगरानी में ग्राउण्ड व कोर्ट आदि का काम शुरू होगा। स्पोर्ट्स जोन बनने से पार्क के आस-पास प्राधिकरण की बहुमंजिला आवासीय योजनाओं में रहने वाले आवंटियों के साथ ही शहरवासी इसका लाभ उठा सकेंगे।

9 करोड़ से विंटेज लुक में संवरेगा बेगम हजरत महल और ग्लोब पार्क

उपाध्यक्ष ने बताया कि कैसरबाग स्थित बेगम हजरत महल पार्क और जी-20 (ग्लोब पार्क) को 9 करोड़ रुपयों की लागत से विंटेज लुक में संवारा जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने टेण्डर जारी करा दिया है। उन्होंने बताया कि बेगम हजरत महल व जी-20 पार्क में स्थित 2 बड़ी व 3 छोटी वाटर बॉडी को री-डेवलप कर इनमें आकर्षक लाइटों के साथ अम्ब्रेला व पीकॉक फाउण्टेन लगाए जाएंगे।

## पशु चिकित्सालयों के निर्माण के लिए पहली किस्त अवमुक्त

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पशुपालन विकास के लिए पशु चिकित्सा सेवाएं और पशु स्वास्थ्य के लिए 5 पशु चिकित्सालयों के निर्माण के लिए पहली किस्त के तौर पर 1 करोड़ 71 लाख 51 हजार 500 रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। पशु चिकित्सालयों का निर्माण कुशीनगर के नेबुआ नौरंगी, पडरौना, जौनपुर के देवकली, उन्नाव के मवई और बदायूं में किया जाएगा। इस संबंध में कुशीनगर, जौनपुर, उन्नाव, बदायूं के मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं। वहीं सरकार ने पशुधन उत्पादन और प्रबंध सांख्यिकी अध्ययन व शोध कार्यों के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 लाख रुपये केन्द्रांश की धनराशि स्वीकृत की